हिंदी दैनिक

# कोयलांचल संवाद

www.ksnewsupdates.com

धनबाद, गुरुवार 17 जुलाई, 2025, वर्ष : 34, अंक : 112, मूल्य : 3 रूपए

धनबाद एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

YouTube Subscribe
Koylanchal sambad news

## संक्षिप्त खबरें

### गंगाराम अस्पताल में भर्ती शिबू सोरेन से मिले बीजेपी के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू

रांची(ईएमएस)।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन इन दिनों दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती हैं। बुधवार को भाजपा के राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने अस्पताल जाकर शिबू सोरेन से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली।इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी औपचारिक मुलाकात की।गौरतलब है कि शिबू सोरेन बीते 18 दिनों से अस्वस्थ हैं और उन्हें ब्रेन स्ट्रोक के चलते सर गंगाराम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के अनुसार, स्ट्रोक के कारण उनके शरीर का एक हिस्सा निष्क्रिय हो गया है, हालांकि वर्तमान में उनकी हालत में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है और उन्हें आईसीयू में निगरानी में रखा गया है।

### 24 जुलाई को होगी राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक,लिए जा सकते हैं कई महत्वपूर्ण फैसले

रांची(ईएमएस)। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आगामी 24 जुलाई को राज्य मंत्री परिषद की महत्वपूर्ण बैठक रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में होगी।मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद् की बैठक ,गुरूवार,दिनांक 24 जुलाई को अपराह्न चार बजे से झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन )स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। माना जा रहा है की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पर सहमति बनेगी।

### आईपीएस इंद्रजीत महथा का रांची डीआईजी कार्यालय का अतिरिक्त कार्यभार देखने का आदेश निरस्त

रांची(ईएमएस)।आईपीएस इंद्रजीत महथा को रांची रेंज के डीआईजी (पुलिस उपमहानिरीक्षक) कार्यालय का जो अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया था, उसे झारखंड पुलिस मुख्यालय ने रद्द कर दिया है।इस संबंध में बुधवार को आदेश जारी कर दिया गया है।गौरतलब है कि इंद्रजीत महथा को 15 जुलाई को रांची रेंज के डीआईजी कार्यालय के कुछ विशेष कार्य देखने की जिम्मेदारी दी गई थी। उन्हें सिर्फ सात तरह के मामलों को देखने और उनका निपटारा करने की अनुमति थी।इन मामलों में एसीपी, एमएसीपी, विभागीय जांच, विभागीय कार्यवाही, अपील अभ्यावेदन, अभियोजन स्वीकृत्यदेश और हाईकोर्ट से संबंधित रिट याचिकाएं शामिल थीं। अब यह आदेश निरस्त होने के बाद वे इन कार्यों को नहीं देखेंगे।

### झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस 23 जुलाई को राजभवन में शपथ लेंगे

रांची(ईएमएस)।हिमाचल प्रदेश के जस्टिस तरलोक सिंह चौहान 23 जुलाई को झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद की शपथ लेंगे। राजभवन में 23 जुलाई को सुबह दस बजे शपथ ग्रहण समारोह होगा।झारखंड हाईकोर्ट ने 23 जुलाई को शपथ ग्रहण के आयोजन के लिए राजभवन को पत्र भेजा था। इसके बाद से शपथ ग्रहण की तैयारी शुरू कर दी गयी है।

### दिल्ली के 5 स्कूलों में बम की धमकी

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली में बुधवार को लगातार तीसरे दिन ईमेल के जरिए स्कूलों को बम की धमकी दी गई है। धमकी मिलते ही सभी स्कूलों को एहतियातन खाली करा लिया गया। पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया और बम स्क्वॉड, डॉग स्क्वॉड और फायर ब्रिगेड की मदद से सर्च ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल अब तक किसी भी स्थान से कोई विस्फोटक या संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है, हालांकि, जांच अभी जारी है। 3 दिनों में अब तक 10 स्कूलों और 1 कॉलेज को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इससे पहले सोमवार को 2 और मंगलवार को 3 स्कूलों को ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। जांच करने पर कोई भी विस्फोटक नहीं मिला था।

### वित्त मंत्री ने केंद्र पर नक्सलवाद के खिलाफ फंड रोकने का लगाया आरोप, कहा- दो वित्तीय वर्ष की राशि नहीं मिली

रांची : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र सरकार पर नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरइ) निधि और स्पेशल सेंट्रल असिस्टेंस स्कीम की राशि पिछले दो वर्षों से रोकने का आरोप लगाया है. उन्होंने केंद्र को चुनौती देते हुए कहा कि यदि केंद्र सरकार को लगता है कि झारखंड में नक्सलवाद खत्म हो गया है, तो वह नक्सल प्रभावित इलाकों में तैनात 196 पुलिस पिकेट्स को हटाकर देख ले. वित्त मंत्री ने केंद्र सरकार से नक्सलवाद की जमीनी स्थिति का सही आकलन करने की मांग की. उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चाहिए कि वह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की वास्तविक स्थिति को समझे और आवश्यक फंड प्रदान करे. वित्त मंत्री ने केंद्र की मोदी सरकार पर तुच्छ राजनीति के तहत झारखंड की इंडिया ब्लॉक महागठबंधन सरकार को परेशान करने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के नेतृत्व वाली सरकार ने नक्सलवाद पर काफी हद तक नियंत्रण पाया है, लेकिन इसे पूरी तरह समाप्त नहीं किया गया है. झारखंड के 24 में से 21 जिले नक्सल प्रभावित हैं पहले इन जिलों के लिए एसआरइ फंड मिलता रहा है, लेकिन केंद्र सरकार ने पिछले दो वर्षों से इस फंड की राशि नहीं दी है.

### नक्सल मुठभेड़ में शहीद हुए जवान को राज्यपाल, मुख्य सचिव, गृह सचिव और डीजीपी ने अर्पित की श्रद्धांजलि

रांची : बोकारो में पुलिस और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी. इस मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी मारा गया और कोबरा बटालियन के एक जवान शहीद हो गए. इसके बाद शहीद जवान प्राणेश्वर कोच के पार्थिव शरीर को सीआरपीएफ की 133वीं बटालियन लाया गया. जहां राज्यपाल संतोष गंगवार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्य सचिव वंदना दाडेल और डीजीपी अनुराग गुप्ता समेत कई पुलिस अधिकारियों ने शहीद जवान के पार्थिव शरीर पर श्रद्धांजलि अर्पित की. राज्यपाल ने कहा कि हमारे सुरक्षा बलों के अद्वितीय योगदान को राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता.

### बस खाई में गिरी, 2 की मौत

नई दिल्ली (ईएमएस)। लद्दाख के कारगिल जिले के गुमरी में बुधवार सुबह मिनी बस खाई में गिर गई। हादसे में 2 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 8 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। अन्य 6 को हल्की चोटें आई हैं। वाहन चालक हादसे में सुरक्षित बच गया है। मिनी बस में 17 यात्री सवार थे और द्रास की ओर जा रही थी, जब अचानक रास्ते में वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### पुनीत कुमार गोयल होंगे मणिपुर के मुख्य सचिव

इंफाल(ईएमएस)। सीनियर आईएएस अधिकारी पुनीत कुमार गोयल को मणिपुर का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया गया है। वे प्रशांत कुमार सिंह की जगह लेंगे। गोयल एजीएमयूटी कैडर के 1991 बैच के अधिकारी हैं। सिंह को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग का सचिव नियुक्त किया गया है। उन्होंने जनवरी 2025 में मणिपुर के मुख्य सचिव का कार्यभार संभाला था।

---

बोकारो जिले के बिरहोरडेरा जंगल में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़

# 25 लाख का इनामी समेत दो नक्सली ढेर, एक जवान भी हुआ शहीद

बोकारो(ईएमएस)। बोकारो जिले के गोमिया थाना अंतर्गत बिरहोरडेरा जंगल में बुधवार की सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई।इस मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया। वहीं इस मुठभेड़ में कोबरा-209 बटालियन का एक जवान भी शहीद हो गया है।मुठभेड़ में मारे गए एक नक्सली की पहचान हार्डकोर नक्सली 25 लाख का इनामी कुंवर मांझी के रूप में हुई है। विदित हो कि झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ लगातार सर्च अभियान चलाया जा रहा है।कभी सांरडा तो कभी गिरिडीह या फिर बोकारो में, इसी क्रम में बुधवार को नक्सलियों के छिपे होने की खुफिया सूचना पर पुलिस व सुरक्षा बलों ने बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में सर्च अभियान शुरू किया। इस दौरान, सुबह लगभग छह बजे पुलिस और नक्सलियों का आमना-सामना हो गया, जिसके बाद दोनों ओर से गोलीबारी शुरू हो गई। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षाबलों ने दो नक्सलियों को मार गिराया है।इस दौरान चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान, सुरक्षाबलों ने दोनों नक्सलियों के शव बरामद कर लिए।इनमें से एक नक्सली वर्दी में था। जबकि दूसरा सामान्य कपड़ों में था।घटनास्थल से एक एके-47 राइफल भी बरामद की गई है। हालांकि इस मुठभेड़ में कोबरा-209 बटालियन का एक जवान गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे बेहतर इलाज के लिए तत्काल निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश हॉस्पिटल पहुंचने से पहले जवान शहीद हो गया।इलाके में नक्सलियों के खिलाफ सर्च अभियान अभी भी जारी है।

#### कब और कहां हुई मुठभेड़?

पुलिस की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक, सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ बोकारो के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोर डेरा जंगल में हुई है। ये मुठभेड़ सुबह करीब साढ़े पांच बजे शुरू हुई। इस दौरान दो नक्सलियों को मार गिराया गया और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के कोबरा बटालियन के एक जवान की भी जान चली गई।

#### तलाशी अभियान जारी

महानिरीक्षक (ऑपरेशन) एस माइकल राज ने इस मुठभेड़ को लेकर बताया- "आज सुबह बोकारो जिले में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) और पुलिस के बीच गोलीबारी हुई। यह सुबह करीब 6 बजे शुरू हुई और लगभग एक घंटे तक जारी रही। तलाशी अभियान जारी है। बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने भी बताया है कि मुठभेड़ के बाद इलाके में तलाश अभियान जारी है।



## कृषि और ऊर्जा क्षेत्र के लिये तीन योजनाओं को मोदी कैबिनेट ने दी मंजूरी

नई दिल्ली,(ईएमएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में देश की कृषि और ऊर्जा क्षेत्र को नई दिशा देने वाले तीन बड़े फैसलों को मंजूरी मिली। इसमें एक ओर जहां कृषि जिलों के समग्र विकास की योजना को स्वीकृति दी गई, वहीं दूसरी ओर एनर्जी में बड़े पैमाने पर निवेश का रास्ता साफ हुआ। केंद्रीय कैबिनेट ने "प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना" को 2025-26 से शुरू कर छह वर्षों के लिए मंजूरी दी है। इसका टारगेट 100 कृषि जिलों का विकास करना है। यह योजना नीति आयोग के 'आकांक्षी जिलों' कार्यक्रम से प्रेरित



है, लेकिन यह खासतौर से कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर केंद्रित है। मोदी सरकार की इस योजना का मकसद कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल डाइवर्सिफिकेशन को प्रोत्साहित करना, टिकाऊ कृषि विकल्प को अपनाना, पंचायत और ब्लॉक स्तर पर भंडारण की सुविधा बढ़ाना, सिंचाई व्यवस्था को बेहतर करना है। इस योजना को 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं के कोऑर्डिनेशन के जरिए लागू किया जाएगा। जिसमें राज्य सरकारों की योजनाएं और निजी क्षेत्र की साझेदारी भी शामिल होगी। 100 जिलों का चयन कम उत्पादकता, कम फसल साइकिल और कम लोन डिस्ट्रिब्यूशन जैसे तीन प्रमुख मानकों के आधार पर होगा। हर राज्य से कम से कम एक जिला योजना में शामिल होगा। इसके अलावा मोदी कैबिनेट ने एनटीपीसी लिमिटेड को रेन्वेबल एनर्जी क्षेत्र में निवेश के लिए मौजूदा सीमा से ऊपर जाकर 20,000 करोड़ रुपये तक निवेश की मंजूरी दी। यह निवेश एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड (एनजीईएल) और इसकी सहायक कंपनियों और संयुक्त उपक्रमों के जरिए किया जाएगा, ताकि 2032 तक 60 गीगावॉट रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता हासिल हो सके। वहीं एनएलसीआईएल को भी 7,000 करोड़ रुपये के निवेश की विशेष छूट दी गई है, जो वह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) के जरिए रेन्वेबल एनर्जी प्रोजेक्ट में लगाएगी।

## संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से, जोरदार हंगामे के आसार

नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू हो रहा है। इस मानसून सत्र में सरकार आठ नए विधेयक पेश करेगी। इनमें मणिपुर में राष्ट्रपति शासन से जुड़ा विधेयक भी शामिल है। सरकार मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने पर विचार कर रही है। इससे साफ है कि सरकार की इस उत्तर पूर्वी राज्य में फिलहाल राष्ट्रपति शासन हटाने की कोई योजना नहीं है। मणिपुर में 13 फरवरी को राष्ट्रपति शासन लागू किया गया था। राष्ट्रपति शासन के लिए सरकार को हर छह महीने में संसद की मंजूरी लेनी होती है। फिलहाल राज्य में राष्ट्रपति शासन की समयसीमा 13 अगस्त है। बता दें कि बीते अप्रैल माह में खत्म हुए संसद के बजट सत्र के दौरान लोकसभा की उत्पादकता लगभग 18 फीसदी रही थी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक राज्यसभा में भी भरपूर कामकाज हुआ और इस सदन की उत्पादकता 119 फीसदी रही। संसद के दोनों सदनों में 16 विधेयक पारित किए गए। इस सत्र के दौरान काफी हंगामा भी हुआ, लेकिन संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद, वक्फ विधेयक, 2025 पारित किया गया। संसद के आगामी सत्र में सरकार मणिपुर वस्तु एवं भारतीय संस्थान प्रबंधन विधेयक 2025, कराधान विधि विधेयक 2025, भू-विरासत स्थल एवं भू-अवशेष विधेयक 2025, खान एवं खान संशोधन विधेयक 2025, राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक 2025 और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी विधेयक 2025 को लोकसभा में पेश और पारित करा सकती है।

## आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण

**ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान के हथियारों को चटाई थी धूल**

नई दिल्ली : भारतीय सेना ने बुधवार को स्वदेशी रूप से विकसित किए गए आकाश प्राइम एयर डिफेंस सिस्टम का सफल परीक्षण किया। यह परीक्षण लद्दाख क्षेत्र में 15,000 फीट से अधिक की ऊंचाई पर किया गया। यह परीक्षण सेना ने रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में किया, जिन्होंने इस प्रणाली को विकसित किया है। परीक्षण के दौरान सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों ने बहुत तेज गति से उड़ रहे हवाई लक्ष्यों पर सीधा प्रहार किया। यह परीक्षण बहुत अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्र में किया गया। आकाश प्राइम



सिस्टम अब भारतीय सेना की हवाई सुरक्षा की तीसरी और चौथी यूनिट (रेजिमेंट) का हिस्सा बनेगा। इसका मतलब है कि अब यह नई प्रणाली सेना की और दो टुकड़ियों में शामिल की जाएगी ताकि दुश्मन के हवाई हमलों से और बेहतर तरीके से रक्षा की जा सके। रक्षा अधिकारियों के अनुसार, इस प्रणाली ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। उस समय पाकिस्तान की सेना द्वारा चीनी विमानों और तुर्किये के ड्रोन से किए गए हवाई हमलों को इस प्रणाली ने सफलतापूर्वक नाकाम किया था। आकाश प्राइम सिस्टम भारत की रक्षा तकनीक में आत्मनिर्भर बनने की बड़ी कोशिश का हिस्सा है, खासकर वायु सुरक्षा जैसे अहम क्षेत्र में। अधिकारियों ने बताया कि स्वदेशी रूप से विकसित आकाश सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम पाकिस्तान की तरफ से पश्चिमी सीमा और जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किए गए कई ड्रोन हमलों को रोकने में बहुत मददगार साबित हुआ है।

रेलवे का यह फैसला जेब पर पड़ेगा भारी

## इस सेवा के बढ़ाया 12% शुल्क इस दिन से लागू होंगी नई दरें

नई दिल्ली : अगर आप किसी फैक्ट्री, उद्योग या गोदाम से जुड़े है और भारतीय रेलवे की साइडिंग या शंटिग सेवाएं लेते हैं तो यह सुविधा 15 अगस्त से महंगी होने जा रही है। भारतीय रेलवे ने साइडिंग और शंटिंग चार्ज में लगभग 11 से 12 फीसदी की बढ़ोतरी का एलान कर दिया है। रेलवे यह बदलाव करीब 16 साल बाद किया है। इससे पहले इन शुल्कों में संशोधन 2009 में किया गया था। रेलवे बोर्ड के निदेशक यातायात वाणिज्य (दर) अमितेश आनंद की ओर से इस संबंध में सभी जोनल रेलवे के महाप्रबंधकों को आदेश जारी किया गया है। इसमें उत्तर मध्य रेलवे के जीएम उपेंद्र चंद्र जोशी को भी यह नई दर सूची भेजी गई है। इसका सीधा असर उन उद्योगों पर पड़ेगा जो अपने प्रोडक्ट या कच्चे माल को रेलवे साइडिंग के जरिए मंगवाते या भेजते हैं। दरअसल, रेलवे की मुख्य लाइन से जुड़ी जो निजी या समर्पित रेल लाइन होती है, उसे साइडिंग कहा जाता है। यह लाइन किसी सीमेंट फैक्ट्री, कोयला डिपो, इस्पात उद्योग या किसी अन्य भारी उद्योग तक जाती है, ताकि वहां आसानी से माल लाया या भेजा जा सके। अब जब वैगन साइडिंग में पहुंचते हैं तो उन्हें वहां सही स्थान पर ले जाने, जोड़ने, काटने या व्यवस्थित करने का काम रेलवे के इंजन से होता है, जिसे शंटिंग कहा जाता है। उदाहरण के तौर पर जब कोई सीमेंट फैक्ट्री कच्चा माल मंगवाती है या तैयार सीमेंट भेजती है, तो उस माल को लोड-अनलोड करने के लिए शंटिंग इंजन की जरूरत पड़ती है।

# पूर्वोत्तर भारत को मिली नई रफ्तार, मिजोरम पहुंची रेल लाइन, 26 वर्षों का सपना हुआ साकार

गुवाहाटी/ऑइजोल : पूर्वोत्तर भारत के राज्य मिजोरम के लिए वर्ष 2025 इतिहास में एक मील के पत्थर के रूप में दर्ज हुआ है। 26 वर्ष पहले जो सपना देखा गया था, अब जाकर साकार हुआ है। पहली बार इस पर्वतीय राज्य की राजधानी ऑइजोल देश के ब्रॉड गेज रेलवे नेटवर्क से जुड़ गया है। इससे मिजोरम की दूरी देश की राजधानी दिल्ली से और करीब हो गई है।

यह ऐतिहासिक उपलब्धि बैरबी-सैरंग ब्रॉड गेज रेल परियोजना के पूरा होने से संभव हो सकी है। यह न केवल मिजोरम, बल्कि समग्र पूर्वोत्तर भारत की कनेक्टिविटी, आर्थिक विकास और सामाजिक समरसता के लिए भी एक क्रांतिकारी कदम है।

#### परियोजना की कल्पना 1999 में की गई थी

मिजोरम भारत का एक दूरस्थ, पहाड़ी और सीमावर्ती राज्य है। इसकी सीमाएं उत्तर में असम और मणिपुर, पश्चिम में त्रिपुरा और बांग्लादेश, पूर्व व दक्षिण में म्यांमार से मिलती हैं। इस परियोजना की कल्पना 1999 में की गई थी।

#### प्रधानमंत्री ने 2014 में रखी थी आधारशिला

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कपिंजल किशोर शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 29 नवंबर 2014 को बैरबी-सैरंग रेल परियोजना की आधारशिला रखी थी। इसके बाद भूमि अधिग्रहण कार्य 2014–15 में पूर्ण किया गया और 2015–16 से निर्माण कार्य आरंभ



हुआ। अनेक चुनौतियों को पार करते हुए यह परियोजना 2025 में पूरी हुई और जून 2025 में रेलवे सुरक्षा आयुक्त (सीआएस) ने इसके संचालन की अनुमति प्रदान की।

#### कुतुबमीनार से भी ऊंचा है एक पुल

शर्मा ने बताया कि परियोजना के अंतर्गत 51.38 किमी लंबी ब्रॉड गेज रेलवे लाइन का निर्माण किया गया है। इस पर 100 किमी प्रति घंटे की गति से ट्रेनों का परिचालन संभव है। इस रेल खंड पर बैरबी से सैरंग के बीच हॉर्तोकी, कवनपुई और मुआलखांग स्टेशन स्थित हैं। परियोजना में कुल 48 सुरंगें बनाई गई हैं, जिनकी कुल लंबाई 12.85 किमी है। इसके अलावा, 55 बड़े पुल और 87 छोटे पुल, 5 रोड ओवरब्रिज तथा 9 रोड अंडरब्रिज भी बनाए गए हैं। इनमें से सबसे ऊंचा पुल 104 मीटर ऊंचा है, जो दिल्ली की कुतुबमीनार से भी ऊंचा है। इस परियोजना की कुल लागत 7,714 करोड़ आंकी गई है और इसके निर्माण की जिम्मेदारी उत्तर-पूर्व सीमांत रेलवे (एनएफआर) को दी गई थी।

#### देश की राजधानी से कम हुई मिजोरम की दूरी

अब मिजोरम की राजधानी आइज़ोल भी भारतीय रेल मानचित्र पर दर्ज हो चुकी है। इससे मिजोरम की दूरी अब राजधानी से और कम हो गई है। इतना ही नहीं इसके साथ ही पूर्वोत्तर की अन्य राज्य राजधानियां, गुवाहाटी (असम), ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश), अगरतला (त्रिपुरा), और शिलांग (मेघालय) ब्रॉड गेज नेटवर्क से जुड़ा है।

#### 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' को गति देने वाला एक प्रमुख प्रोजेक्ट

बइरबी–सायरंग रेलवे परियोजना मिजोरम के विकास की नई रेल बन चुकी है। यह कनेक्टिविटी से कहीं आगे, एक सामाजिक, आर्थिक और सामरिक बदलाव का वाहक बन चुकी है। इस परियोजना का एक महत्वपूर्ण पहलू इसका सामरिक महत्व है। म्यांमार सीमा के करीब होने के कारण यह रेलवे लाइन भारत की सामरिक रणनीति को भी मजबूती देती है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज प्रदान करेंगी स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार

## 78 शहरों को मिलेगा सम्मान

नई दिल्ली (ईएमएस)। राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु 17 जुलाई, 2025 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार प्रदान करेंगी। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) द्वारा आयोजित इस समारोह में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू भी उपस्थित रहेंगे। स्वच्छ सर्वेक्षण का यह नौवां संस्करण है, जो विश्व के सबसे बड़े शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष कुल 78 पुरस्कार चार मुख्य श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिनमें सुपर स्वच्छ लीग शहर, पाँच जनसंख्या श्रेणियों में शीर्ष स्वच्छ शहर, विशेष श्रेणी (जैसे गंगा शहर, छावनी बोर्ड, सफाई मित्र सुरक्षा, महाकुंभ) और राज्य स्तरीय पुरस्कार शामिल हैं।



### :: स्वच्छता की जन-आंदोलन यात्रा ::

स्वच्छ सर्वेक्षण, स्वच्छ भारत मिशन-शहरी के तहत एक ऐतिहासिक पहल है, जिसने पिछले नौ वर्षों से शहरी भारत की स्वच्छता यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्ष 2016 में 73 शहरी स्थानीय निकायों से शुरू होकर, यह सर्वेक्षण अब 4,500 से अधिक शहरों तक पहुँच गया है। इस वर्ष के पुरस्कार न केवल सर्वश्रेष्ठ स्वच्छ शहरों को सम्मानित करते हैं, बल्कि प्रगति की मजबूत संभावनाओं वाले छोटे शहरों को भी मान्यता और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं।

### :: मूल्यांकन का आधार और नागरिक भागीदारी ::

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 पुरस्कार रिड्यूस, रीयूज, रीसाइकल की थीम पर केंद्रित हैं। इस वर्ष, 3,000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं ने 45 दिनों की अवधि में देश भर के हर वार्ड का गहन निरीक्षण किया। इस पहल में 11 लाख से अधिक घरों का मूल्यांकन शामिल था, जो शहरी जीवन और स्वच्छता को समझने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण दर्शाता है। वर्ष 2024 के स्वच्छता सर्वेक्षण मूल्यांकन में 14 करोड़ नागरिकों ने प्रत्यक्ष संवाद, स्वच्छता ऐप, माईगव और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से सक्रिय रूप से भाग लिया।

### :: नए मापदंड और सुपर स्वच्छ लीग ::

स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 में शहरी स्वच्छता और सेवा वितरण का आकलन करने के लिए एक स्मार्ट और संरचित दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें 54 संकेतकों के साथ 10 सुपरिभाषित मापदंड शामिल हैं। इस बार सुपर स्वच्छ लीग (एसएसएल) की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहरों को स्वच्छता के उच्च मानकों तक पहुँचने के लिए प्रेरित करना और अन्य शहरों को भी प्रतिस्पर्धा के लिए प्रोत्साहित करना है। सुपर स्वच्छ लीग में वे शहर शामिल हैं जो पिछले तीन वर्षों में कम से कम एक बार शीर्ष तीन में रहे हैं और चालू वर्ष में अपनी संबंधित जनसंख्या श्रेणी में शीर्ष 20 प्रतिशत में बने हुए हैं।

### :: जनसंख्या आधारित वर्गीकरण ::

स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार, शहरों को जनसंख्या के आधार पर पांच श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है:

बहुत छोटे शहर: < 20,000 जनसंख्या

छोटे शहर: 20,000 - 50,000 जनसंख्या

मध्यम शहर: 50,000 - 3 लाख जनसंख्या

बड़े शहर: 3 - 10 लाख जनसंख्या

दस लाख से अधिक आबादी वाले शहर: » 10 लाख जनसंख्या

प्रत्येक श्रेणी का मूल्यांकन उसके आकार और विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुरूप मानकों के आधार पर किया गया है, ताकि छोटे शहरों को भी आगे बढ़ने का अवसर मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में दी गई आपदा प्रबंधन की जानकारी

रांची(ईएमएस)।रांची विश्वविद्यालय के यूजीसी-मालवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र (एमएमटीटीसी) में बुधवार को आयोजित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ अभय कृष्ण सिंह का व्याख्यान हुआ। विषय था- आपदा प्रबंधन, पर्यावरणीय संरक्षण और भारतीय ज्ञान परंपरा। उन्होंने खतरा और आपदा के अंतर को स्पष्ट करते हुए बताया कि जब कोई प्राकृतिक खतरा किसी असुरक्षित या कमजोर समुदाय को प्रभावित करता है, तभी वह आपदा कहलाता है। उन्होंने आपदा प्रबंधन के चार चरणों- तैयारी, न्यूनीकरण, त्वरित प्रतिक्रिया और पुनर्वास, को रेखांकित किया और बताया कि पारंपरिक जल संरक्षण प्रणालिया- बावड़ी, जोहड़, एरी प्रणाली और पूर्वोत्तर भारत की जाबो पद्धति आज भी सतत समाधान प्रस्तुत करती हैं।उन्होंने यह भी बताया कि अर्थशास्त्र और महाभारत, जैसे ग्रंथों में आपदा के समय कर माफी, अन्न वितरण और जनहितकारी योजनाओं का उल्लेख मिलता है, जो आज भी नीतिगत मार्गदर्शन दे सकते हैं। कार्यशाला में विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

### स्कूटी से घूम कर बंद घरों की रेकी कर करते थे चोरी, चार गिरफ्तार

रांची(ईएमएस)। रातू थाने की पुलिस ने कटहल मोड़ सिमलिया में एक घर में हुई चोरी का खुलासा कर लिया है। पुलिस की टीम ने गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में कुम्हारटोली चूना भट्ठा के पवन कुमार, कौशल सिंह, राजा साव और सुनील कुमार राय उर्फ अन्नू यादव शामिल हैं। आरोपियों के पास से पुलिस की टीम ने चोरी के जेवर, स्कूटी समेत अन्य चीजें बरामद की हैं। पूछताछ में पुलिस को पता चला है कि इस गिरोह के सदस्य घूम-घूम कर बंद घरों की रेकी करते हैं। इसके बाद चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं।इसका खुलासा बुधवार को ग्रामीण एसपी प्रवीण पुष्कर ने किया।ग्रामीण एसपी ने बताया कि 11 जुलाई को कटहल मोड़ सिमलिया में आशुतोष उरांव नामक व्यक्ति के घर में चोरी हुई थी। इस मामले में रातू थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी राम नारायण के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया था। इसी बीच सूचना मिली कि कुछ युवक चोरी की घटना को अंजाम देने के लिए कमड़े आश्रम के पास मंगलवार को जुटे हैं। इसके बाद पुलिस ने छापेमारी कर सभी को पकड़ लिया। आरोपियों के पास से सलाई रेंच, पेचकस एवं स्कूटी बरामद की गई। चोरी की कई घटना को दे चुके हैं अंजाम ग्रामीण एसपी ने बताया कि चोरों ने अन्य थाना क्षेत्रों में भी एक दर्जन चोरी की वारदात को अंजाम दे चुके हैं। गिरोह के सदस्य सुबह में घर से स्कूटी से निकलते हैं। ग्रामीण इलाकों में वैसे घरों को तलाशते हैं, जो बंद रहते हैं। उन घरों को निशाना बनाकर रात में चोरी की वारदात को अंजाम दिया करते हैं। गिरोह के अधिकतर सदस्य बिहार के गया इलाके हैं और रांची में रहकर चोरी की घटना को अंजाम दिया करते हैं।

### उद्यमियों को व्यापार अवसरों के प्रति किया गया जागरूक

रांची(ईएमएस)।सीएमपीडीआई के कोयल हॉल में अनुसूचित जाति/जनजाति और महिला सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों (एमएसई) के लिए एक दिवसीय स्पेशल वेंडर डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एससी/एसटी हब कार्यालय (एनएसएसएचओ) और एमएसएमई-डीएफओ के सहयोग से आयोजित हुआ। उद्देश्य एससी/एसटी और महिला एमएसई उद्यमियों को सरकारी खरीद प्रक्रिया, जीईएम पोर्टल और सीएमपीडीआई व कोल इंडिया जैसी सीपीएसई इकाइयों के साथ व्यापार अवसरों के प्रति जागरूक और सक्षम बनाना था। इस अवसर पर सीएमपीडीआई के तकनीकी निदेशक शंकर नागाचारी ने उद्यमियों से निविदाओं में सक्रिय भागीदारी की अपील की और समावेशी विकास के प्रति सीएमपीडीआई की प्रतिबद्धता को दोहराया।वहीं, जीईएम, एमएसएमई और एनएसएसएचओ की ओर से सार्वजनिक खरीद नीतियों पर प्रस्तुति दी गई। बताया गया कि एमएसई के लिए 25% खरीद आरक्षित है, जिसमें 4% एससी/एसटी और 3% महिला उद्यमियों के लिए उप-लक्ष्य है। मौके पर एमएसएमई डीएफओ के संयुक्त निदेशक इंद्रजीत यादव, सहायक निदेशक गौरव कुमार, एनएसएसएचओ की वरीय शाखा प्रबंधक किरण मारिया तिरू, सीएमपीडीआई के वित्त महाप्रबंधक सुदीप दासगुप्ता समेत कई अन्य उपस्थित थे।

### मोरहाबादी के फुटपाथ विक्रेता अब वेन्डर मार्केट में होंगे शिफ्ट, गुरुवार को आवंटन होगी जगह

रांची।मोरहाबादी इलाके के फुटपाथ दुकानदारों के लिए राहत की खबर है। नगर निगम की ओर से तैयार किए गए नए वेन्डर मार्केट में कल से दुकानदारों को शिफ्ट किया जाएगा। इससे न सिर्फ दुकानदारों को व्यवस्थित जगह मिलेगी, बल्कि आम लोगों को भी ट्रैफिक जाम से निजात मिलेगी।मोरहाबादी में बने नए वेन्डर मार्केट में अब दुकानदारों को एक ही छत के नीचे बैठने की सुविधा मिलेगी।27 मई 2025 को लॉटरी के जरिए जिन दुकानदारों का चयन हुआ था, उन्हें शिफ्ट किया जाएगा।शिफ्टिंग का काम सुबह 6 बजे से शुरू होगा और इसके लिए निगम ने अधिकारियों की टीम तैनात की है।मार्केट में शौचालय, बिजली, लाइट और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।नगर निगम का मानना है कि इससे सड़क किनारे अतिक्रमण भी कम होगा और शहर की सुंदरता में भी सुधार आएगा।नगर अभियंता, सामुदायिक संगठक और एनफोर्समेंट ऑफिसर की टीमें तय समय पर मौके पर रहेंगी ताकि प्रक्रिया बिना किसी बाधा के पूरी हो सके।

### भाजपा ने कहा, गिद्ध राजनीति का उदाहरण है झामुमो की प्रेस वार्ता, न नैतिकता बची, न संवेदनशीलता

रांची। भाजपा ने झामुमो की प्रेस वार्ता पर बेहद तीखी प्रतिक्रिया देते हुए उसे गिद्ध राजनीति का जघन्य उदाहरण करार दिया है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि झामुमो अब अपनी नैतिकता और संवेदनशीलता दोनों खो चुका है और चुनिंदा घटनाओं पर शर्मनाक ढंग से सियासी रोटियां सेंकने में जुट गया है।अजय साह ने कहा कि झामुमो अब घिनौनी सेलेक्टिव पॉलिटिक्स पर उतर चुका है, जहां पार्टी की आंखें और जुबान तब बंद रहती हैं जब अपराधी उनके गठबंधन से होते हैं, लेकिन जैसे ही भाजपा शासित राज्य में कोई दुर्भाग्यपूर्ण घटना घटती है, वे गिद्ध की तरह मौके पर राजनीति करने आ धमकते हैं।भाजपा ने कहा कि कोलकाता के आरजे कर मेडिकल कॉलेज में जब छात्र बलात्कार की घटना के बाद आंदोलित थे, तब झामुमो की पूरी लीडरशिप चुप थी। और जब कोलकाता लॉ कॉलेज में इंडी गठबंधन के छात्र नेता पर गैंगरेप का गंभीर आरोप लगा, तब भी झामुमो ने एक शब्द नहीं बोला।

## वोकेशनल शिक्षकों की समस्याओं को लेकर राज्यपाल से मिली शिक्षक संघ की टीम



रांची (ईएमएस)। झारखंड में वोकेशनल और उच्च शिक्षा व्यवस्था की बदहाली को लेकर बुधवार को शिक्षकों ने राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की और सात सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वोकेशनल टीचर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अटल पाण्डेय ने किया।राज्यपाल से मुलाकात के दौरान डॉ पाण्डेय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वोकेशनल शिक्षा विभाग की स्थिति बेहद चिंताजनक है। अधिकांश विभाग अतिथि शिक्षकों के भरोसे चल रहे हैं जिन्हें सम्मानजनक वेतन नहीं दिया जा रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों में वोकेशनल विषयों के प्रतिनिधि न होने के कारण उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता है।डॉ पाण्डेय ने राज्यपाल से मांग की कि वोकेशनल शिक्षकों एवं कर्मचारियों के समायोजन को लेकर सरकार और राजभवन को ठोस निर्णय लेना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में नियमित प्राध्यापकों की नियुक्ति समय पर प्रोन्नति न मिलना और शिक्षा सत्र का लगातार विलंब होना राज्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए चिंताजनक है।इस अवसर पर अवधेश ठाकुर ने राज्यपाल के समक्ष निम्नलिखित मांगें रखीं,झारखंड के विश्वविद्यालयों में शिक्षकों की शीघ्र नियुक्ति हो,वोकेशनल गेस्ट शिक्षकों के लिए विश्वविद्यालय द्वारा मासिक वेतनमान तय किया जाए।विभाग द्वारा रिसर्च स्कॉलर्स को शोध में सहायता प्रदान की जाए,वोकेशनल शिक्षकों को सीनेट, सिंडिकेट और अन्य अकादमिक समितियों में प्रतिनिधित्व दिया जाए,वर्षों से लंबित प्राध्यापकों की प्रोन्नति पर शीघ्र निर्णय लिया जाए,छह वर्षों से लंबित छात्र संघ चुनाव को विश्वविद्यालय द्वारा जल्द घोषित किया जाए,रांची विश्वविद्यालय में पीएचडी एंट्रेंस परीक्षा की तिथि की घोषणा जल्द की जाए और इंटरमीडिएट शिक्षकों और कर्मचारियों का समायोजन सरकार और विश्वविद्यालय स्तर पर वार्तालाप द्वारा किया जाए।राज्यपाल संतोष गंगवार ने शिक्षकों की बातों को गंभीरता से सुना।

उन्होंने अतिथि शिक्षकों को सम्मानजनक फिक्स वेतन देने पर सहमति जताई और आश्वासन दिया कि सभी बिंदुओं पर आने वाली कुलपतियों की बैठक में विचार किया जाएगा।

## खूंटी नगर पंचायत इलाका जलजमाव से परेशान, मच्छरजनित बीमारी फैलने की आशंका

खूंटी(ईएमएस)।खूंटी में लगातार हो रही भारी बारिश ने खूंटी नगर पंचायत इलाके की पोल खोल दी है। कई वार्डों में घर आंगन तथा रास्ते जलजमाव की तस्वीर बन गई है। महादेवटोली, हरिजन मुहल्ला, बड़ाईकटोली, जन्नत नगर, पिपराटोली, कर्रा रोड, चौधरी मोहल्ला समेत कई इलाका जलमग्न हो गया है, कई घरों में बारिश का गंदा पानी भी घुस गया है। जन्नत नगर में लगातार बारिश के कारण जल जमाव की स्थिति बन गई है।एक घर ऐसा भी है जहां ग्राउंड फ्लोर में 5 फीट तक पानी भर गया है। लोगों ने बताया कि नगर पंचायत में लिखित आवेदन भी दिया गया है लेकिन अब तक नगर पंचायत जल जमाव से निजात।दिलाने के लिए कोई व्यवस्था नही किया है।स्थानीय लोगों ने बताया कि नालियां जाम होने से पानी घरों में घुस रहा है। नगर पंचायत को इस पर ध्यान देने की जरूरत है। कुछ लोगों ने कहा कि नगर पंचायत के लगभग सभी वार्ड में जलजमाव की परिस्थिति बन गई है ऐसे में सुबह बच्चों को स्कूल ले जाने में भी परेशानी होती है।नगर पंचायत क्षेत्र के मुहल्लावासियों ने कहा कि नगर पंचायत सिर्फ होल्डिंग टैक्स लेने में ध्यान देता है लेकिन नगर पंचायत क्षेत्रों के वार्डों की साफ सफाई, नाली का बेहतर प्रबंध और जलनिकासी की व्यवस्था नहीं की है। महादेवटोली हरिजन मोहल्ला में दस वर्ष पूर्व सड़क का निर्माण कराया गया था लेकिन नाली की व्यवस्था नहीं की गई। सड़क भी जर्जर हो चुका है। नगर पंचायत से आमनागरिकों को मिलने वाली सुविधाएं नहीं मिलती हैं।नगर पंचायत क्षेत्र में गंदगी, जलजमाव और नालियों के प्रबंधन को लेकर नगर कार्यपालक पदाधिकारी सृष्टि दिप्रिया मिंज ने कहा कि नगर पंचायत वार्डों से आनेवाले आमनागरिकों की शिकायत पर त्वरित एक्शन लेकर कार्य करता रहा है। साफ सफाई और नालियों के बेहतर प्रबंधन का कार्य समय समय पर किया जाता रहा है। बारिश में जलजमाव से होने वाले मच्छरों को फॉगिंग से नष्ट करने का कार्य लगातार किया जा रहा है। जिन इलाकों में जलजमाव की स्थिति है उसका भी समाधान निकाला जाएगा।

## झारखंड में मजबूत होगी स्वास्थ्य सेवा, 26 विशेषज्ञ चिकित्सक होंगे नियुक्त

रांची(ईएमएस)।झारखंड सरकार राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत 126 विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों और 91 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर चुकी है। इसमें से 26 विशेषज्ञ चिकित्सकों को 22 जुलाई को आयोजित समारोह में विभागीय मंत्री द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपे जाएंगे।

स्वास्थ्य सचिव अजय कुमार सिंह ने जानकारी दी कि सभी चयनित अधिकारियों के ऑफर लेटर तैयार कर लिए गए हैं। यह नियुक्ति संविदा आधारित होगी और 3 वर्षों के सेवा अनुबंध के तहत की जा रही है। चयनित डॉक्टरों को उनकी पसंद के अनुसार तैनाती दी जा रही है। राज्य सरकार ने उन्हें सम्मानजनक वेतन और पूर्ण सुरक्षा की गारंटी दी है।इस बार की नियुक्ति प्रक्रिया विशेष रही, क्योंकि इसमें बिडिंग मॉडल अपनाया गया।

## लातेहार में भारी-बड़ी के कारण हुआ लैंड स्लाइड, बड़ी संख्या में पर्यटक फंसे

लातेहार। लातेहार में पिछले 14 घंटे से लगातार हो रही बारिश के कारण बारेसांढ़ घाटी में लैंडस्लाइड यानी भूस्खलन हो गया है। इससे लातेहार-महुआडांड़ सड़क पूरी तरह बंद हो गई है। यह रास्ता लातेहार और पलामू को छत्तीसगढ़ से जोड़ता है। इसके साथ ही सुग्गा बांध और लोध फॉल जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों का संपर्क भी टूट गया है। लैंडस्लाइड की यह घटना बुधवार दोपहर की है, जब अचानक घाटी में पहाड़ी पत्थर और मिट्टी सड़क पर गिर गए। गनीमत रही कि हादसे के वक्त वहां कोई वाहन मौजूद नहीं था, जिससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई।बारिश के चलते सुग्गा बांध और लोध फॉल का नजारा बेहद खूबसूरत हो गया था, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक वहां पहुंचे थे। लेकिन भूस्खलन के कारण सड़क जाम हो गई और पर्यटक व अन्य यात्री फंस गए। महुआडांड़, नेतरहाट और छत्तीसगढ़ की ओर जाने वाले लोग भी इस स्थिति से प्रभावित हुए हैं।लैंडस्लाइड की जानकारी मिलते ही एसडीएम विपिन कुमार दुबे ने तत्काल राहत कार्य शुरू करने का निर्देश दिया। प्रखंड विकास पदाधिकारी और अंचल अधिकारी जेसीबी मशीन के साथ मौके पर पहुंचे और सड़क से मलबा हटाने का काम शुरू कर दिया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT,**
**ROAD DIVISION, DHANBAD**

**SHORT TERM NOTICE INVITING QUOTATION NO.- 02/2025-26**

**Short Term Notice Inviting Quotation for Rate Of Machines and equipments.**

Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division Dhanbad, Invites sealed quotation for rate of laboratory equipments and machineries from authorized & reputed dealer/ supplier/ manufacturers of the same.

Duly filled quotation should be submitted to any one of three offices mentioned below latest by 07.08.2025 up to 3 PM and will be opened on same day at 3:30 PM

(i) O/o The Chief Engineer(Com.), R.C.D. Jharkhand, Ranchi
(ii) O/o The Superintending Engineer, R.C.D., Road Circle Hazaribagh
(iii) O/o The Executive Engineer, Road Construction Department, Road Division Dhanbad

Note :- Detailed terms and conditions may be seen on the notice board of office of under signed.

Executive Engineer,
R.C.D. Road Division,
Dhanbad

PR 357490 Road (25-26)_D

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, बोकारो**

**आवश्यक सूचना**

वित्तीय **वर्ष** 2024–25 में मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अन्तर्गत निम्नलिखित गव्य विकास कार्यक्रमों के लिये जिले के इच्छुक ग्रामीण कृशकों/पशुपालाकों को सूचित किया जाता है कि जिला गव्य विकास कार्यालय बोकारो/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से कार्य दिवश मे निः शुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर पूर्णरूपेण भरते हुए संबंधित पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा, दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसित की गई प्रति संलग्न कर जिला गव्य विकास कार्यालय, बोकारो में दिनांक– 31 जुलाई 2025 के अपराह्न 04:00 बजे तक जमा करने हेतु आमंत्रित किया जाता है।

| क्र0 सं0 | योजना का नाम | परियोजना लागत | अनुदान % | लाभुक वर्ग |
|---|---|---|---|---|
| 01. | दो दुधारू गाय / भैंस की योजना | 1,35,050 | 75 % | सभी महिला लाभुकों के लिए। (आपदा/आगलगी से प्रभावित /सड़क दुर्धटना से प्रभावित /परित्यक्त /दिव्यांग महिलाओं को छोड़ कर) |
| | | | 90 % | आपदा/आगलगी से प्रभावित परिवार की लहिलाओं/सड़क दुर्धटना से प्रभावित परिवार की महीलाओं/परित्यक्त /दिव्यांग महिलाओं के लिए। |
| 02. कामधेनु डेयरी फार्मिंग | | | | |
| (क) | पाँच दुधारू गाय/भैंस वितरण की योजना मिनी डेयरी (05 गाय/भैंस) | 3,37,625 | 50 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह– बैंक ऋण/ लाभुक अंशदान अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह– बैंक ऋण/ लाभुक अंशदान अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | दस दुधारू गाय/भैंस वितरण की योजना मिडी डेयरी (10 गाय/भैंस) | 6,75,250 | 50 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह– बैंक ऋण/ लाभुक अंशदान अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 75 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों को अनुदान–सह– बैंक ऋण/ लाभुक अंशदान अनु0 जाति/अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 03. | चारा काटने का मशीन | | | |
| (क) | हस्त चालित चैफ कटर वितरण की योजना | 8,000 | 75 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | लघु डेयरी उद्यमियों/युवा शिक्षित बेरोजगारों/स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | विद्युत चालित चैफ कटर वितरण की योजना | 20,000 | 75 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | लघु डेयरी उद्यमियों/ युवा शिक्षित बेरोजगारों/ स्वंय सहायता समुह के सदस्यों/ प्रगतिशील पशुपालकों में अनुसूचित जाति/जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| 04. | प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता | | | |
| (क) | मिल्कींग मशीन | 1,20,000 | 75 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ख) | पनीर एवं खोआ मेकिंग यूनिट | 1,00,000 | 75 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (ग) | वर्मी कम्पोस्ट यूनिट | 25,000 | 75 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (घ) | डीप बोरिंग | 1,00,000 | 75 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |
| (च) | काउ मैट | 5,200 | 75 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति लाभुकों के अतिरिक्त अन्य सभी लाभुकों के लिए। |
| | | | 90 % | अनु0 जाति /अनु0 जनजाति के लाभुकों/दुग्ध सहकारी समिति के लाभुकों के लिए। |

**अहर्ता/नियम व शर्तें :–**

- इस योजना के अन्तर्गत लाभुकों का चयन पंचायत स्तरीय समिति अथवा ग्राम सभा की अनुशंसा, दोनों में से कोई एक द्वारा अनुशंसा कराते हुए चयनित सूची पर प्रखण्ड स्तरीय समिति की अनुसंशा उपरांत उपायुक्त महोदय की अध्यक्षता वाली गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा अन्तिम रूप से लाभुकों का चयन किया जाएगा।
- वैसे लाभुक जिन्हे पूर्व में समान योजनाओं का लाभ राज्य सरकार अथना केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हो, इस योजना के लाभ के पात्र नहीं होंगे।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना अन्तर्गत योजना का क्रियान्वयन अनुदान –सह– लाभुक अंशदान / बैंक ऋण पर किया जायेगा।
- दुधारू मवेशी वितरण योजना का क्रियान्वयन के क्रम में दुधारू मवेशी का क्रय 6 माह के अंतराल पर दो चरणों में किया जाएगा।
- दुधारू मवेशी वितरण कार्यक्रम अन्तर्गत पशु शेड का निर्माण मनरेगा अंतर्गत उपलब्ध निधी के अभिसरण से किया जाएगा। वैसे चयनित पशुपालक, जिनके पास मनरेगा कार्यक्रम अंतर्गत पशु शेड निर्मित है, की विस्तृत सूची संबंधित प्रखण्ड विकास पदाधिकारी के द्वारा जिला गव्य विकास पदाधिकारी को उपलब्ध कराया जायेगा।
- लाभुक द्वारा दुधारू पशुओं का क्रय गव्य विकास निदेशालय से निबंधित/सूचीबद्ध पशु विक्रेता से किया जाएगा।
- हस्त चालित/विद्युत चालित चारा काटने की मशीन की योजना का लाभ गव्य विकास निदेयशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा विशिश्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर, जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
- चारा काटने की मशीन की योजना के लाभुकों द्वारा हरा चारा उत्पादन किया जाना अनिवार्य होगा।
- प्रगतिशील डेयरी कृषकों को सहायता की योजना अन्तर्गत स्वीकृत अनुदान राशि का भुगतान गव्य विकास निदेयशालय स्तर पर गठित क्रय समिति द्वारा निर्धारित गुणवत्ता, मेक तथा विशिश्टियाँ के अनुरूप वास्तविक दर, जो क्रय समिति के द्वारा विहित प्रक्रिया अपनाते हुए निर्धारित किया गया हो, अथवा राज्यादेश में उल्लेखित दर दोनों में जो कम होगा, उसके आधार पर क्रय उपरांत स्वीकृत अनुदान की राशि को उनके दावा विपत्र के आधार पर किया जाएगा।
- वर्मी कम्पोस्ट यूनिट एवं डीप बोरिंग आदि हेतु सक्षम स्तर से तकनीकी स्वकृत प्राप्त प्राक्कलित राशि अथवा योजना के अनुमानित लागत, दोनों में से जो कम हो, के आधार पर अनुदान राशि लाभुकों को उनके दावा विपत्र के आधार पर भुगतान किया जाएगा।
- मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत अंतिम रूप से चयनित होने के उपरान्त लाभुकों को भी अपना अंशदान Escrow Account /dedicated account में 01 (एक) माह के अन्दर जमा करना अनीवार्य होगा। अन्यथा उनके स्थान पर प्रतिक्षा सुची के लाभुको को लाभ दिया जा सकता है।
- लाभुकों द्वारा अपने Escrow Account /dedicated account में लाभुक अंशदान जमा करने के उपरान्त योजना अनुरूप अनुदान राशि का भुगतान बैंक खातों में DBT के माध्यम से झारखण्ड कोषागार संहिता 2016 के आलोक में किया जायेगा।

**नोटः– वित्तीय वर्ष 2025–26 मे राज्यदेश प्राप्त होने के उपरान्त निहित प्रावधान के अनुरूप योजनाओं के कियान्वयन नियमानुसार की जायेगी। विशेष जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय बोकारो/संबंधित प्रखण्ड पशुपालन कार्यालय से कार्य दिवश में सम्पर्क किया जा सकता है।**

**ह0/–**
**जिला गव्य विकास पदाधिकारी**
**बोकारो।**

PR 357499 (Animal Husbandry) 25-26 (D)

## संक्षिप्त ख़बरें

### सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के पीजी उर्दू विभाग में सिलेबस अद्यतन हेतु समिति की हुई बैठक

दुमकाः सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर उर्दू विभाग में बुधवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत सिलेबस अद्यतन एवं निर्माण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक विभागाध्यक्ष डॉ. शम्स तबरेज खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई।इस बैठक में विश्वविद्यालय के एनईपी समन्वयक दीपक कुमार विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में सरकार द्वारा भेजी गई नई एनईपी नियमावली और विवि के निर्देश के आलोक में उर्दू विषय के पाठ्यक्रम को अद्यतन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।विभागाध्यक्ष डॉ. खान ने सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि वे नए नियमों के अनुरूप सिलेबस को शीघ्र तैयार कर निर्धारित समय सीमा के भीतर विश्वविद्यालय में जमा करें। उन्होंने यह भी बताया कि अब उर्दू विषय का भारतीय ज्ञान परंपरा मेजर विषय के रूप में पढ़ाया जाएगा।डॉ. खान ने स्पष्ट रूप से कहा कि नई शिक्षा नीति की नियमावली का अक्षरशः पालन करते हुए ही पाठ्यक्रम निर्माण किया जाएगा ताकि शैक्षणिक गुणवत्ता और नीति के उद्देश्यों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सके।बैठक में विभिन्न कॉलेजों के शिक्षकगण भी उपस्थित रहे, जिनमें गोड्डा कॉलेज से डॉ. नूर नवी, महिला कॉलेज गोड्डा से प्रो. साबरा तबस्सुम, एसपी कॉलेज से प्रो. हमीदा खातून, मधुपुर कॉलेज से प्रो. उमेश कुमार एवं प्रो. मोहम्मद मोजम्मिल हुसैन शामिल थे।बैठक में विषयगत विचार-विमर्श के साथ-साथ विषय की प्रासंगिकता, भारतीय मूल्यों के समावेश और छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सिलेबस को आधुनिक व रोजगारोन्मुखी बनाने पर भी विशेष जोर दिया गया।

# तेजस्वी यादव के नेतृत्व में बनेगी इंडिया गठबंधन की सरकार भाजपा के पास विकास का विजन नहीं : संजय प्रसाद यादव



दुमकाः झारखंड सरकार के श्रम नियोजन और कौशल विकास मंत्री संजय प्रसाद यादव का दावा है कि जिस तरह झारखंड में इंडिया गठबंधन की सरकार बनी, उसी तरह बिहार में भी इंडिया ब्लॉक की सरकार बनेगी. मंत्री ने कहा कि बिहार में भी भाजपा और आरएसएस की साजिश को नकारते हुए वहां की जनता तेजस्वी यादव के नेतृत्व में सरकार बनाने जा रही है .यहां बता दे की मंत्री संजय प्रसाद यादव 2014 विधानसभा चुनाव के दौरान गोड्डा के पथरगामा थाना में दर्ज आचार संहिता उल्लंघन के केस में पेशी के लिए दुमका एमपी एमएलए कोर्ट पहुंचे थे. कोर्ट परिसर के बाहर उन्होंने मीडिया से बातचीत की.झारखंड सरकार के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने बिहार में चुनाव आयोग के सर अभियान के मुद्दे पर बीजेपी और आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा कि जब-जब चुनाव आता है तो बीजेपी और आरएसएस को बांग्लादेशी घुसपैठ याद आता है. उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि आप जहां रह रहे हैं उसके अगल-बगल बांग्लादेशी है क्या? हम भी यहां रह रहे हैं. मेरे अगल-बगल में कौन है वह मुझे पता है.गोड्डा के राजद विधायक ने कहा कि भाजपा के पास विकास का कोई विजन नहीं है. राज्य के हित और यहां के नौजवानों के विषय में ये लोग नहीं सोचते और न ही यहां की महिलाओं और बच्चों के विषय में सोचते हैं. जब चुनाव आएगा तो सिर्फ बांग्लादेशी घुसपैठ, मंदिर-मस्जिद और हिंदुस्तान-पाकिस्तान का ही मुद्दा रहता है, लेकिन इस बार इनलोगों का कुछ चलनेवाला नहीं है.उन्होंने कहा कि जिस तरह झारखंड के लोगों ने बीते विधानसभा चुनाव हमें बड़ा जनादेश दिया. किसी तरह की बात की यहां की जनता ने परवाह नहीं की. न बांग्लादेशी घुसपैठ और न ही हिंदू-मुस्लिम. उन्होंने कहा कि हिंदुस्तान की यही खूबसूरती है कि यहां सभी धर्म, संप्रदाय के लोग मिल-जुलकर रहते हैं. किसी तरह का बदबू नहीं है. बदबू फैलानेवालों को जिस तरह से झारखंड के लोगों ने जवाब दिया उसी तरह बिहार की जनता भी उन लोगों को इस बार जवाब देगी. वहां तेजस्वी यादव के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी.राजद नेता संजय प्रसाद ने बिहार विधानसभा चुनाव में सीटों के बंटवारे को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के संबंध में कहा कि किसी तरह की कोई संशय नहीं है. हम सब भाई हैं और सभी मिल जुलकर चुनाव लड़ेंगे.

### वारासिवनी में अधिक तो खैरलांजी में कम हुई बारिश, जिले में अब तक 602 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

बालाघाट (ईएमएस). चालू वर्षा सत्र के दौरान जिले में 1 जून से 16 जुलाई तक 602 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 297 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। 16 जुलाई को सुबह 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 8 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 16 जुलाई को सुबह 8 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 1 मिलीमीटर, वारासिवनी, कटंगी व तिरोड़ी में 0-0, बैहर में 4, लांजी में 25, किरनापुर में 26, खैरलांजी में 6, लालबर्रा में 3, बिरसा में 10, परसवाड़ा में 7 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है।

### रांची गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से सुनसान जगह पर गिरकर युवक गंभीर रूप से घायल

दुमकाःदेवघर दुमका रेलखंड पर बासुकीनाथ रेलवे स्टेशन से लगभग दो किलोमीटर आगे जरमुंडी एवं जामा थाना के बार्डर के समीप रांची गोड्डा इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सुनसान जगह पर ट्रेन से गिरा युवक घंटों घायलावस्था में पड़ा रहा। बताया जा रहा है कि घायल युवक का नाम लव देहरी, पिता विदेशी देहरी, ग्राम पोखरिया थाना शिकारीपाड़ा है जो अपने घर जाने के लिए गोड्डा रांची इंटरसिटी ट्रेन में सफर कर रहा था, इसी बीच सुबह के करीब 7 बजे चलती ट्रेन से गिर गया। निर्जन स्थान पर गिरने के कारण वह घंटों घायलावस्था में पड़ा रहा। कुछ घंटे बाद एक किसान की नजर घायल युवक पर पड़ी जिसके बाद किसान द्वारा अपने आसपास के ग्रामीणों को जानकारी दी गई साथ ही 108 एंबुलेंस एवं जरमुंडी पुलिस को सूचना दी गई। लोगों द्वारा करीब तीन घंटे तक घायल युवक को मुख्य सड़क तक पहुंचाने और स्वास्थ्य केंद्र भेजने का अथक प्रयास किया गया लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी क्योंकि घायल युवक मुख्य सड़क से एक किलोमीटर की दूरी पर पथरीले एवं कीचड़ युक्त ऊंच नीच वाले जगह पर पड़ा हुआ था और संसाधन नहीं रहने के कारण लोगों को सफलता नहीं मिल सकी।बाद में ग्रामीणों द्वारा इसकी जानकारी स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल को दी। जानकारी पाते ही सामाजिक कार्यकर्ता ने घटनास्थल पर पहुंचकर अपने जुगाड़ तकनीक से कुछ दूर तक घायल युवक को सुरक्षित जगह पर लाया और एंबुलेंस आने के बाद स्ट्रेचर पर उठाकर एंबुलेंस पर चढ़ाया जिसके बाद जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां युवक की गंभीर स्थिति को देखते हुए उपस्थित डॉक्टर अंजू कुमारी एवं डॉ अभिषेक कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार करते हुए बेहतर उपचार के लिए फूलो झानो मेडिकल अस्पताल दुमका के लिए रेफर दिया गया जहां उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।वहीं सामाजिक कार्यकर्ता निरंजन मंडल ने घायल युवक के परिजनों से दूरभाष पर संपर्क कर घटना के बारे में जानकारी दी।

## कुलपति ने परीक्षा केंद्र पहुँच कर लिया परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं का जायजा

### सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में पीजी सेमेस्टर-4 की परीक्षाएं आरंभ, चार केंद्रों पर करीब 4000 छात्र हुए शामिल

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय में बुधवार से स्नातकोत्तर (पीजी) सेमेस्टर-4 की परीक्षा की शुरुआत हो गई। यह परीक्षा 16 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक विश्वविद्यालय के चार निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 4000 छात्र-छात्राएं शामिल हो रहे हैं।परीक्षा के सफल और कदाचारमुक्त संचालन हेतु विश्वविद्यालय प्रशासन ने समस्त विषयों को दो समूहों — ग्रुप 'ए' और ग्रुप 'बी' — में विभाजित किया है। ग्रुप 'ए' में हिंदी, भूगोल, वनस्पति विज्ञान (बॉटनी), रसायन शास्त्र, समाजशास्त्र, वाणिज्य, बंगाली, संस्कृत, फारसी, भूविज्ञान एवं संथाली जैसे विषय शामिल किए गए हैं। वहीं ग्रुप 'बी' में इतिहास, राजनीति विज्ञान, प्राणी विज्ञान (जूलॉजी), अर्थशास्त्र, मनोविज्ञान, अंग्रेज़ी, दर्शनशास्त्र, उर्दू और भौतिकी जैसे विषयों को रखा गया है।परीक्षा के पहले दिन बुधवार को ग्रुप 'ए' के अंतर्गत आने वाले विषयों का पेपर-13 का आयोजन शांतिपूर्ण वातावरण में किया गया। आज गुरुवार को ग्रुप 'बी' के विषयों की पेपर-13 परीक्षा ली जाएगी।परीक्षा की निगरानी एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने स्वयं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर दिघी स्थित विश्वविद्यालय परीक्षा केंद्र पहुँचे। इस दौरान उन्होंने केंद्राधीक्षक डॉ. राजीव केरकेट्टा को निर्देशित किया कि परीक्षा पूरी तरह से निष्पक्ष और कदाचारमुक्त होनी चाहिए। साथ ही उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर बिजली, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराने के भी निर्देश दिए।कुलपति के साथ विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर डॉ. राजीव कुमार भी परीक्षा केंद्रों की व्यवस्था का निरीक्षण करने पहुँचे।दिघी कैंपस परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक डॉ. राजीव केरकेट्टा ने बताया कि पहले दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई तथा किसी भी प्रकार की अनुचित गतिविधि की कोई सूचना नहीं मिली।विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. जयकुमार शाह ने भी सभी चारों परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण और कदाचारमुक्त परीक्षा संचालन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय की ओर से सभी केंद्रों पर पर्याप्त सुरक्षा और निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि परीक्षाएं सुव्यवस्थित ढंग से पूरी की जा सकें।

## बीडीओ ने की मनरेगा, आवास एवं 15वीं वित योजनाओं की समीक्षा



दुमकाःरानीश्वर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा ने मंगलवार को प्रखण्ड सभागार में मनरेगा, आवास एवं 15वी वित योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक की। बैठक में मनरेगा के तहत पंचायत वृन्दावनी, मोहलबना और रंगालिया के रोजगार सेवक को मानव दिवस सृजन पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया। समीक्षा के दौरान पाया गया कि मानव दिवस सृजन हेतु अबुआ आवास योजना के लाभुकों को मजदूरी भुगतान हेतु पंचायत पथरा, धनभाषा, सुखजोड़ा, बिलकांदी और वृन्दावनी के रोजगार सेवको के द्वारा मस्टर रॉल निर्गत करने में गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है इसके लिए सभी को फटकार लगाते हुए चेतावनी दी गयी। मनरेगा अभिसरण से आठ आँगनबाड़ी केन्द्र का निर्माण अभी तक लंबित है, इसे जुलाई महीने तक पूर्ण करने का निदेश संबंधित रोजगार सेवको को दिया गया। इसके अतिरिक्त मनरेगा अन्तर्गत दीदी बाड़ी योजना और पोषण वाटिका योजना के कार्यों में तेजी लाने का निदेश सभी ग्राम रोजगार सेवको को दिया गया।बैठक में आवास योजना अन्तर्गत पंचायत धनभाषा, मोहलबना, बिलकांदी, तालडंगाल और सादीपुर के पंचायत सचिवो को पीएम जनमन आवास योजना के ऐसे लाभुक जिन्हें द्वितीय किस्त का भुगतन कर दिया गया है, उनके आवास को जल्द से जल्द पूरा कराने का निदेश दिया गया। अबुआ आवास योजनान्तर्गत आवास पूर्ण कराने में प्रगति लाने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त 15वीं वित की योजनाओं के तहत पंचायत बाँसकुली, दक्षिणजोल, धनभाषा, रंगालिया और वृन्दावनी के पंचायत सचिवों को कार्य में प्रगति लाते हुए योजनाओं को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।समीक्षा बैठक में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), कनीय अभियंता, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवक उपस्थित थे।

### सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय के मॉडल, महिला और डिग्री कॉलेजों में यूजी नामांकन हेतु एक बार फिर खुला चांसलर पोर्टल

दुमका। सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय अंतर्गत आने वाले सात मॉडल कॉलेजों और कुछ महिला व डिग्री कॉलेजों में स्नातक (यूजी) नामांकन के लिए चांसलर पोर्टल को एक बार फिर से खोल दिया गया है। इस निर्णय से उन हजारों छात्रों को राहत मिली है, जो पूर्व निर्धारित समय सीमा में किसी कारणवश आवेदन नहीं कर सके थे।विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिन कॉलेजों में यह नामांकन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की गई है उनमें डिग्री कॉलेज जरमुंडी, डिग्री कॉलेज नाला (फतेहपुर), डिग्री कॉलेज महगामा (गोड्डा), डिग्री कॉलेज महेशपुर, डिग्री कॉलेज शिकारीपाड़ा, महिला कॉलेज पाकुड़, महिला कॉलेज मधुपुर, महिला कॉलेज साहिबगंज, महिला कॉलेज सारठ, मॉडल कॉलेज राजमहल, मॉडल कॉलेज विजयपुर, मॉडल कॉलेज पाकुड़, मॉडल महाविद्यालय नावाडीह (पालाजोरी, देवघर) तथा मॉडल महाविद्यालय सुगाबथान (पोरैयाहाट, गोड्डा) शामिल हैं।इन कॉलेजों में नामांकन के इच्छुक छात्र 15 जुलाई 2025 से चांसलर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ज्ञात हो कि अब तक विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में स्नातक नामांकन हेतु करीब 56,000 छात्रों ने चांसलर पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया है।पूर्व में बहुत से छात्रों द्वारा तकनीकी या अन्य कारणों से आवेदन नहीं किया जा सका था। लगातार छात्रों की ओर से नामांकन पोर्टल दोबारा खोलने की माँग की जा रही थी। छात्रों की इस माँग को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर के निर्देशानुसार नामांकन की सुविधा पुनः प्रदान की गई है।विश्वविद्यालय प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों ने पहले ही आवेदन कर दिया है, उनके लिए कॉलेज स्तर पर पहली मेरिट सूची जारी कर नामांकन की प्रक्रिया आरंभ की जा चुकी है।इसकी जानकारी विवि के जनसंपर्क पदाधिकारी ने दिया।

## अनियंत्रित होकर पलटी यात्री बस, दो कांवरियों सहित आधा दर्जन से अधिक लोग घायल





दुमकाःहंसडीहा थाना क्षेत्र के महादेवगढ़ स्कूल के समीप एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई।हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बस भागलपुर से देवघर जा रही थी। यात्री बस जैसे ही महादेवगढ़ उत्क्रमित मध्य विद्यालय के समीप पहुंची बस का चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा, जिसके बाद बस पलट गई।घटना की जानकारी स्थानीय लोगों द्वारा हंसडीहा पुलिस को दी गई। जानकारी मिलते हैं थाना प्रभारी प्रकाश सिंह ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट भेज दिया, जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों में दो कांवरिया जो मोतिहारी जिले के मरकोनिया गांव के ओमप्रकाश कुमार (45 बर्ष) एवं उसकी मां उषा देवी (67 बर्ष), गिरीडीह जिले के बाघमारा गांव के दिनेश तुरी (55 बर्ष), रूबिया देवी (30 बर्ष), खुशबू कुमारी (15 बर्ष) साथ ही देवघर की दो छात्रा प्रीतम कुमारी (17 बर्ष) व पुजा प्रेमी (17 बर्ष) शमिल हैं।गनीमत रही जिस वक्त बस दुर्घटनाग्रस्त हुई उस वक्त विद्यालय के सभी छात्र विद्यालय में पढ़ाई कर रहे थे, नहीं तो कोई बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। इधर पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त यात्री बस को हाइड्रा और क्रेन के मदद से उठाकर अपने कब्जे में ले लिया। दुर्घटनाग्रस्त यात्री बस को उठाने के दौरान कुछ देर के लिए दुमका भागलपुर स्टेट हाईवे जाम हो गया। हालांक कुछ देर बाद परिचालन पुनः शुरु करा दिया गया।

### श्रावणी मेला के छठे दिन बाबा बासुकिनाथ के 82,880 श्रद्धालुओं ने किया जलार्पण

दुमकाःराजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के छठे दिन बुधवार को बाबा बासुकिनाथ के फौजदारी दरबार में कुल 82 हजार 08 सौ 80 श्रद्धालुओं ने रिमझिम फुहारों के बीच जलार्पण किया। जिसमें से कांवरिया रूट लाईन में कतार में लगकर 74 हजार 03 सौ 50 श्रद्धालुओं ने एवं शीघ्रदर्शनम का कूपन लेकर 02 हजार 03 सौ पचास श्रद्धालुओं ने जलार्पण किया। इसके अलावा जलार्पण काउंटर के माध्यम से कुल 06 हजार 01 सौ 80 श्रद्धालुओं ने बाबा बासुकिनाथ की स्पर्श पूजा की।मंदिर न्यास समिति को बुधवार को कुल 07 लाख 86 हजार 645 रुपए की आमदनी हुई। जिसमें से शीघ्रदर्शनम के कूपन बिक्री से 07 लाख 05 हजार रुपए,गोलक की गिनती से कुल 77 हजार 07 सौ एवं अन्य स्रोत से कुल 03 हजार 945 रुपए की आमदनी हुई। बताते चलें कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। श्रद्धालुओं को हर संभव सहायता पहुंचाने में जिला प्रशासन द्वारा कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही जिससे श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। श्रद्धालु अपनी सुरक्षा को लेकर निश्चिंत नजर आ रहे हैं।जिला प्रशासन द्वारा बनाई गई टेंट सिटी में खासी भीड़ देखी जा रही है।

### मूसलाधार बारिश से घर का एक हिस्सा खुले में रहने को विवश परिवार

#### बीडीओ एवं जिला प्रशासन से लगाई अबुआ आवास की गुहार

दुमकाःजामा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आसनसोल कुरुवा पंचायत के तीनघरा गांव में मूसलाधार बारिश से बुधवार को केली देवी पति सुखदेव रजक के घर का एक हिसा गिर गया। हालांकि घर गिरने से जान माल का नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन परिवार वालों को बरसात में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।केली देवी ने बताया कि रहने के लिए एक ही पुराना आवास था, जो एक साइड से गिर गया है। अब टूटे फूटे घर में बगैर छत के किसी तरह गुजर बसर करना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि दीवाल के दूसरे पार्ट में हम लोग खाना बनाने का काम करते थे जो दीवाल गिरने से बंद हो गया। बारिश होने से बुधवार को घर में चूल्हा नहीं जला है और खाना नहीं बन पाया है।केली देवी ने बताया कि अबुआ आवास योजना में आवेदन किया है और लिस्ट में नाम है। लेकिन पिछले 6 महीने पूर्व सभी कागज जमा देने के बावजूद भी अब तक मुझे आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। पंचायत प्रतिनिधि से बात करने पर बताया है कि सरकार ऊपर से ही राशि नहीं भेज रही है, इसलिए आपके खाते में राशि नहीं आ रही है । फिलहाल केली देवी का कहना है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जिला प्रशासन से अनुरोध है कि जल्द से जल्द मुझे अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाए ताकि हम सभी परिवार सुरक्षित आवास में साथ रह सके।

### अतिवृष्टि से ढहा गरीब परिवार का आशियाना, छह सदस्य बेघर, प्रशासन से मुआवजा व आवास की मांग

दुमकाःमसलिया प्रखंड के कुंजबोना पंचायत अंतर्गत गम्हरा गांव में लगातार हो रही बारिश से एक गरीब परिवार का आशियाना पूरी तरह ढह गया। ग्रामीण बिशु राय का मिट्टी का बना घर मंगलवार देर रात भारी बारिश के चलते भरभरा कर गिर गया, जिससे उनके परिवार के छह सदस्य बेघर हो गए। सौभाग्यवश, घटना के समय सभी लोग घर के बाहर थे, जिससे एक बड़ी अनहोनी टल गई।बिशु राय ने बताया कि उनका नाम प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में दर्ज है, लेकिन अब तक आवास का लाभ नहीं मिल पाया है। कई बार प्रखंड कार्यालय और पंचायत में गुहार लगाने के बावजूद उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इस हादसे के बाद उनके पास सिर छुपाने को भी जगह नहीं बची है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वह अपने परिवार के साथ पड़ोसियों के सहारे किसी तरह समय काट रहे हैं। बरसात के इस मौसम में खुले आसमान के नीचे रहना उनके लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। उन्होंने अंचल प्रशासन से क्षतिपूर्ति की मांग करते हुए कहा कि परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही कमजोर है, अब घर गिरने से स्थिति और बदतर हो गई है। इस बीच, बिशु राय ने प्रखंड विकास पदाधिकारी से जल्द से जल्द प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है, ताकि वे अपने परिवार को सुरक्षित स्थान उपलब्ध करा सकें। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से मांग की है कि ऐसे गरीब और जरूरतमंदों को प्राथमिकता देते हुए आवास और राहत सहायता उपलब्ध कराई जाए।

### लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर बीडीओ ने किया दिगलपहाड़ी डैम व चापुड़िया पहाड़िया गांव स्थित बड़ा तालाब का निरीक्षण

दुमकाःउपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निदेशानुसार प्रखण्ड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार सिन्हा द्वारा रानीश्वर प्रखण्ड अन्तर्गत धनभाषा पंचायत स्थित दिगलपहाड़ी डैम और चापुड़िया पहाड़िया गांव स्थित बड़ा तालाब का निरीक्षण किया गया। विदित हो कि विगत कुछ दिनों से हो रही भारी बारिश को देखते हुए उपायुक्त दुमका द्वारा दिगलपहाड़ी डैम और उससे संलग्न नहर के जल स्तर का निरीक्षण करने का निदेश दिया गया है।निरीक्षण के दौरान दिगलपहाड़ी डैम और उससे संलग्न नहर तथा चापुड़िया पहाड़िया गाँव में जल स्तर सामान्य है। अभी तक हुए भारी बारिश के कारण आस-पास के गाँव सामान्य स्थिति में है। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता भी उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने किया ग्रीन माउंट एकेडमी स्कूल परिसर में वृक्षारोपण

दुमकाः ग्रीन माउंट एकेडमी, जामा (सोजाकोड़ा) परिसर में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत सचिव डॉ अमुल्य कुमार पाल , जिला अध्यक्ष डॉ करुण कुमार राय , कोषाध्यक्ष ऋषभ कुमार गण ,सदस्य संतोष कापरी , अमर कुमार ,अमरेन्द्र कुमार तथा विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने भाग लिया।कार्यक्रम की शुरुआत जिला अध्यक्ष डॉ करुण कुमार राय के द्वारा पौधारोपण से की गई। ग्राहक पंचायत के सदस्यों ने हाथों में पौधे लेकर पर्यावरण के महत्व को समझाया कि एवं संकल्प दिलाया कि इन पौधों की देखभाल करेंगे और हर वर्ष कम से कम एक पेड़ जरूर लगाएंगे।इस अवसर पर डॉ करुण कुमार राय ने कहा कि वृक्ष पृथ्वी के फेफड़े हैं। हमें अपने भविष्य को हरा-भरा और सुरक्षित बनाने के लिए वृक्षारोपण जैसे कदमों को निरंतर बढ़ावा देना चाहिए।प्रांत सचिव डॉ अमुल्य कुमार पाल ने कहा कि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा चलाया जा रहा यह अभियान न केवल पर्यावरण की दिशा में एक सकारात्मक कदम है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को जागरूक करने की दिशा में भी प्रेरणादायक है।अंत में सभी ने मिलकर वृक्ष बचाओ, पर्यावरण बचाओ' का नारा लगाया और कार्यक्रम समापन हुआ।

## श्योपुर की उभरती खेल प्रतिभाएँ

### राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंच पर परचम लहरा रहे खिलाड़ी

भोपाल(ईएमएस)। श्योपुर जिले की प्रतिभाएँ अब सीमित दायरे में नहीं, बल्कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पटल पर अपना लोहा मनवा रही हैं। खेल के क्षेत्र में लगातार नई ऊँचाइयों को छूते हुए श्योपुर जिले के खिलाड़ी जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। हाल ही में दो खिलाड़ियों मिक्स मार्शल आर्ट में मोहम्मद हुसैन और कुश्ती में सुखमन कौर ने अपनी उपलब्धियों से पूरे जिले को गौरवान्वित किया है।गत 12 और 13 जुलाई को दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय मिक्स मार्शल आर्ट चैंपियनशिप में श्योपुर के मोहम्मद हुसैन ने 65 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मैडल हासिल किया। देशभर के 18 राज्यों से आए प्रतिभागियों में हुसैन ने विभिन्न मुकाबलों में अपने प्रतिद्वंद्वियों को हराते हुए फाइनल में जगह बनाई और महाराष्ट्र के खिलाड़ी को पराजित कर स्वर्ण पदक जीता। मोहम्मद हुसैन ने बताया कि मिक्स मार्शल आर्ट एक तकनीक, ताकत और आंतरिक बल का खेल है और यह भारत में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है।श्योपुर की बेटी सुखमन कौर ने अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत का परचम लहराया। किर्गिस्तान में आयोजित एशियन अंडर-15 कुश्ती चैम्पियनशिप में उन्होंने मंगोलिया और कजाकिस्तान की खिलाड़ियों को 10-0 के अंतर से हराकर काँस्य पदक हासिल किया।

## फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को मिला एक दिवसीय प्रशिक्षण



दुमकाःसामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीकांदर के सभागार में बुधवार को फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला बीडी पदाधिकारी डॉ मो जावेद एवं जिला मलेरिया निरीक्षक के द्वारा दिया गया। जिसमें 10 अगस्त से 25 अगस्त तक चलने वाली फाइलेरिया दवा सेवन कार्यक्रम के बारे में बताया गया।बताया गया कि पहले दिन बूथ स्तर पर फाइलेरिया दवा का सेवन कराया जाएगा, बाकी दिन दवा को प्रशासक के द्वारा घर-घर जाकर खिलाने का कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में बताया। डॉ जावेद के द्वारा आगे बताया गया कि फाइलेरिया को जड़ से मिटाने के लिए सभी समाज के वर्गों से संपर्क स्थापित करते हुए प्रखंड स्तर से फाइलेरिया को खत्म किया जाना अतिआवश्यक है, क्योंकि फाइलेरिया दुनिया की दूसरी ऐसी बीमारी है जो हर किसी को हो सकती है। यदि हम वर्ष में एक बार फाइलेरिया दवा का सेवन करेंगे तो फाइलेरिया रोग को जड़ से मिटाया जा सकता है। इस कार्यक्रम बताया गया कि तीन तरह की फाइलेरिया दवा खिलायी जायेगी तथा फाइलेरिया संबंधित अन्य जानकारी भी कर्मियों के बीच साझा की गयी। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विश्वनाथ मांडी, ब्लांक लेखा मनैजर दीपक कुमार मिंज, ब्लांक लेखा प्रबंधक विनोद पांडे, भीबीडी सुपरवाइजर प्रेमतोष बास्की, पीरामल पीओसीडी सुदीप्तो मंडल, सीएचो, बीटीटी, जीएनएम, एएनएम सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल चोरी

दुमकाःजामा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ली पंचायत के उपरबहियारी गांव निवासी राजकिशोर मांझी की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रजिस्ट्रेशन नंबर JH04R 5533 रंग काला रविवार 13 जुलाई 2025 समय 10:30 बजे रात्रि को चोरी हो गयी।राजकिशोर मांझी ने बताया कि गांव में शादी थी।गाड़ी लेकर शादी घर गया हुआ था। इसी दौरान राजकिशोर शादी घर में व्यस्त हो गया और जब बाहर निकला तो इस बीच अज्ञात चोर गाड़ी चोरी करके फरार हो गया। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला। राजकिशोर मांझी ने इस घटना की लिखित जानकारी जामा थाना में देकर बाइक बरामद करने की गुहार लगायी है।

### वत्स सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने की मंत्री से शिष्टाचार भेंट

दुमकाःवत्स सेवा समिति के प्रतिनिधिमंडल ने परिसदन दुमका में मंत्री संजय प्रसाद यादव से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मंत्री को वत्स सेवा समिति का स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत किया गया।समिति के चंचल सिंह ने बताया कि मंत्री संजय प्रसाद यादव से संगठन के कार्यों को लेकर वार्तालाप हुई। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से वत्स सेवा समिति से चंचल कुमार सिंह, नीरज कुमार, अमित कुमार वर्मा, साव्य सिंह, प्रवीर कुमार वर्मा, डॉ अमरेंद्र कुमार व अन्य मौजूद थे।

### लगातार हो रही बारिश के कारण मसानजोर डैम का एक गेट खोला

दुमकाःलगातार हो रही भारी से मसानजोर डैम का जलस्तर काफ़ी बढ़ गया है । डैम का एक गेट खोल दिया गया है । डैम या इसके प्रवाह क्षेत्र में नहीं जायें। सतर्क एवं सावधान रहें । दुमका उपायुक्त के द्वारा सहायता के लिए हेल्प नंबर भी जारी किया है।जिला कंट्रोल रूम का संपर्क नंबर -9508250080, 9934414404 है।

# बारिश ने रोका पर्यटनः बिहार के दो जलप्रपातों की तरफ जाने पर लगाई गई रोक



रोहतास : रोहतास जिले के कैमूर पहाड़ी क्षेत्र में हो रही लगातार मूसलधार बारिश के कारण प्राकृतिक जलप्रपातों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। विशेष रूप से मां तुतला भवानी वॉटरफॉल और मांझर कुंड में बुधवार को जलस्तर अचानक बढ़ गया, जिससे वहां मौजूद पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। इसी के मद्देनजर वन विभाग ने सभी प्रमुख झरनों पर सैलानियों के जाने पर रोक लगा दी है। कैमूर पहाड़ियों की गोद में बसे जलप्रपात अपने प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों को बरसात के मौसम में खासा आकर्षित करते हैं। जैसे ही झरनों में पानी का बहाव बढ़ता है, इन स्थलों का दृश्य और भी मनोहारी हो जाता है। लेकिन बारिश के कारण इन जलप्रपातों में तेज बहाव और अचानक बाढ़ की स्थिति भी बन जाती है, जो किसी भी अप्रिय घटना को जन्म दे सकती है। मांझर कुंड, सीता कुंड, धुआं कुंड, महादेव खोह, तुतला भवानी, हनुमान धारा, नकटा क्षील, बूढ़न, गायघाट और भूतहिया जैसे झरने मानसून के मौसम में पर्यटकों से भरे रहते हैं। बिहार के विभिन्न जिलों के अलावा झारखंड, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों से भी लोग यहां की हरियाली, झरनों और पहाड़ी वातावरण का आनंद लेने पहुंचते हैं। बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग सभी के लिए यह एक प्राकृतिक पिकनिक स्पॉट बन जाता है। लगातार हो रही बारिश और भारतीय मौसम विज्ञान विभाग द्वारा आने वाले दिनों में भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए रोहतास वन प्रमंडल ने सख्त कदम उठाया है। सभी प्रमुख जलप्रपातों में जलस्तर अत्यधिक बढ़ जाने के कारण इन स्थानों को सार्वजनिक आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया है। मां तुतला भवानी जलप्रपात पर विशेष रूप से श्रद्धालुओं और सैलानियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वन विभाग ने एक सार्वजनिक अपील जारी कर कहा है कि सामान्य स्थिति बहाल होने तक इन क्षेत्रों में जाना पूरी तरह से वर्जित रहेगा। साथ ही लोगों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी आपदा से बचने के लिए सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और सावधानी बरतें। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और बारिश के इस मौसम में झरनों की ओर जाने से लोगों की जान को खतरा हो सकता है।

# पटना एयरपोर्ट के रनवे को टच कर दोबारा उड़ा विमान

### 173 यात्रियों की सांसें अटकीं -तीन-चार चक्कर के बाद सुरक्षित लैंडिंग



पटना,(ईएमएस)। मंगलवार रात पटना एयरपोर्ट पर एक गंभीर तकनीकी स्थिति ने सभी को कुछ देर के लिए दहशत में डाल दिया। दिल्ली से पटना आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई2482 लैंडिंग करते-करते अचानक दोबारा उड़ान भर गई, जिससे विमान में सवार 173 यात्रियों की सांसें थम गईं। कुछ देर बाद विमान ने आसमान में तीन से चार चक्कर लगाने के बाद सुरक्षित लैंडिंग की और सभी यात्रियों ने राहत की सांस ली।सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार, मंगलवार रात करीब 9 बजे फ्लाइट की लैंडिंग होनी थी, लेकिन विमान निर्धारित टचिंग पॉइंट को ओवरशूट कर गया। पटना एयरपोर्ट का रनवे देश के अन्य बड़े एयरपोर्ट्स की तुलना में छोटा है। पायलट को आशंका हुई कि विमान को इस रनवे पर रोकना मुश्किल हो सकता है, ऐसे में उन्होंने सुरक्षा के मद्देनजर विमान को दोबारा हवा में उठा लिया। घटना के दौरान यात्रियों के बीच अफरा-तफरी का माहौल बन गया। कई यात्रियों को लगा कि रनवे पर कोई दूसरा विमान होगा या आपात स्थिति बन गई होगी। हालांकि, क्रू मेंबर्स ने तुरंत स्थिति को संभालते हुए यात्रियों को आश्वस्त किया कि कोई खतरे की बात नहीं है और तकनीकी कारणों से विमान को दोबारा उड़ाया गया है। उन्होंने यह भी भरोसा दिलाया कि कुछ ही मिनटों में लैंडिंग कर दी जाएगी।यहां बताते चलें कि पटना एयरपोर्ट के रनवे की वर्तमान लंबाई 2,072.64 मीटर है। यही वजह है कि बड़े विमानों की लैंडिंग के दौरान अतिरिक्त सावधानी बरती जाती है। फिलहाल, इस रनवे को बढ़ाकर 3,657.6 मीटर करने की योजना पर काम चल रहा है। यह कवायद केंद्र सरकार द्वारा एयरपोर्ट सुरक्षा को लेकर जारी एडवाइजरी के तहत की जा रही है, जो अहमदाबाद एयरपोर्ट पर हुए हालिया हादसे के बाद जारी की गई थी। इस संबंध में विशेषज्ञों का मानना है कि पायलट द्वारा उठाया गया कदम पूरी तरह से सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप था।

## संक्षिप्त ख़बरें

### बिहार में बड़े पैमाने पर होगी महिला शिक्षकों की भर्ती, नारी शक्ति को सेंधने में जुटे सुशासन बाबू

पटना (ईएमएस)। बिहार में जल्द ही बड़े पैमाने पर शिक्षकों की नियुक्ति होगी। इन नियुक्तियों में राज्य की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया एक्स पर इसकी जानकारी दी।पोस्ट में नीतिश ने कहा कि शिक्षा विभाग को कहा है कि सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों की रिक्तियों की गणना तुरंत करे और इस पर नियुक्ति के लिए टीआरई-4 की परीक्षा शीघ्र लेने की कार्रवाई करे। राज्य सरकार ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि नियुक्तियों में 35 प्रतिशत महिलाओं के लिए आरक्षण का लाभ बिहार की निवासी महिलाओं को मिलेगा।नीतीश कैबिनेट ने श्रम विभाग के उस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी, जिसके तहत अगले पांच वर्षों (2025-2030) में राज्य के युवाओं को एक करोड़ नौकरियां और रोजगार के मौके प्रदान किए जाएंगे। बिहार सरकार ने इसके लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में 12 सदस्यीय समिति गठित करने का भी निर्णय लिया है। इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले यह फैसला महत्वपूर्ण माना जा रहा है।नीतिश ने पोस्ट में लिखा मुझे यह बताकर खुशी हो रही है कि राज्य में अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और करीब 39 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है तथा 50 लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी/रोजगार देने के लक्ष्य को निश्चित रूप से प्राप्त किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सात निश्चय' कार्यक्रम के तहत राज्य के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अगले पांच वर्षों में युवाओं के कौशल विकास के लिए 'सात निश्चय' के तहत जारी कार्यक्रम को विस्तारित किया जाएगा।

### बेगूसराय में पुष्पा स्टाइल में शराब तस्करी का भंडाफोड़

बेगूसराय (ईएमएस)। बिहार में शराबबंदी को धत्ता बताने के लिए तस्करों ने अब पुष्पा फिल्म के अंदाज में तस्करी का नया तरीका निकला है। बेगूसराय में पुलिस ने एक इसतरह के ट्रक को पकड़ा है जिसमें 50 लाख की विदेशी शराब एक बड़े, गोल धातु के पाइप के अंदर छिपाई गई थी। यह पाइप बाहर से किसी औद्योगिक उपकरण का हिस्सा लग रहा था।मध निषेध विभाग से मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने हरपुर चौक के पास एक अशोक लीलैंड कंपनी के ट्रक को रोका। ट्रक की तलाशी लेने पर पुलिस को पहले वहीं बड़ा पाइप दिखा जैसा कि तस्करों ने योजना बनाई थी। हालांकि, गहन जांच के बाद जब पाइप को खोला गया, तब उसके अंदर से 460 से अधिक कार्टन विदेशी शराब बरामद हुई, जिसकी कुल मात्रा 4152 लीटर थी।पुलिस ने मौके से ट्रक चालक रविंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है, जो जम्मू-कश्मीर का निवासी है। एसपी मनीष ने बताया कि यह पूरी कार्रवाई मध निषेध विभाग की सूचना पर की गई। पुलिस अब इस शराब तस्करी रैकेट से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है और यह पता लगा रही है कि शराब कहां से लाई गई थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। यह घटना एक बार फिर बिहार में शराबबंदी के बावजूद तस्करों द्वारा अपनाए जा रहे नए-नए जुगाड़ और चालाक तरीकों को उजागर करती है।

### शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुआ सिपाही भर्ती परीक्षा

मधुबनी, (ईएमएस)। केंद्रीय चयन पर्षद द्वारा आयोजित सिपाही भर्ती के प्रथम चरण की लिखित परीक्षा बुधवार को कड़ी सुरक्षा में शांतिपूर्ण ढंग से कदाचार मुक्त संपन्न हुआ। सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए मधुबनी सदर अनुमंडल क्षेत्र के 15 परीक्षा केंद्रों परीक्षा के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गयी थी। परीक्षार्थियों को 9.30 से 10.30 बजे तक परीक्षा केंद्र पर पहुंचने का समय निर्धारित था। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षार्थियों के फ्रिस्किंग के लिए महिला एवं पुरुष वीक्षक की तैनाती की गयी थी। महिला वीक्षकों में बाल विकास पदाधिकारी एवं महिला पर्यवेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई था। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों को किसी भी प्रकार के एलेक्ट्रोनिक गजट ले जाने की अनुमति नहीं था। परीक्षा केंद्रों पर जैमर लगाया गया था। परीक्षार्थियों को बायोमेट्रिक सत्यापन एवं फोटोग्राफी के बाद ही परीक्षा में प्रवेश करने की अनुमति दी जा रही थी। सदर एसडीएम चंदन कुमार झा एवं डीएसपी मुख्यालय रश्मि ने कदाचारमुक्त परीक्षा के लिए परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। सिपाही भर्ती परीक्षा में सदर अनुमंडल के 15 परीक्षा केंद्रों पर कुल 9932 परीक्षार्थियों को परीक्षा में सम्मिलित होने था। परीक्षा शुरू होने के दौरान झमाझम बारिश के बाबजूद भींगते हुए परीक्षार्थी परीक्षा केंद्रों पर पंहुचें। सभी परीक्षा केंद्रों को मिलाकर कुल 7860 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए । 2072 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे।

### अंगीभूत डिग्री कॉलेज विहीन प्रखंड में बनेगा डिग्री कॉलेज

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी जिला में वैसे प्रखंड जहां अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय नहीं है, में अब अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय की स्थापना होगी। इस संबंध में शिक्षा विभाग के सचिव ने जिलापदाधिकारी को पत्र दिया है। शिक्षा विभाग के सचिव ने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट अभिभाषण में की गई घोषणा के आलोक में सभी प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि चिन्हित किया जाना है। राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के बजट में जिला के उन प्रखंडों में चरणबद्ध तरीके से एक-एक डिग्री महाविद्यालय (सरकारी, निजी) की स्थापना किए जाने की घोषणा की है। जहां पूर्व से अंगीभूत डिग्री महाविद्यालय संचालित नहीं है। बजट अभिभाषण में की गई इस घोषणा के आलोक विभाग के पत्र द्वारा जिला के वैसे प्रखंड जहां पूर्व से अंगीभूत महाविद्यालय स्थापित नहीं है। इसकी सूची को संलग्न करते हुए इन प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना के लिए भूमि चिन्हित कर विभाग में प्रतिवेदन देने को कहा गया है। सचिव ने कहा है कि अपने जिले से संबंधित प्रखंडों के संदर्भ में भूमि चिन्हित करते हुए वांछित प्रतिवेदन शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

# बारिश ने किया नगर परिषद के दावों को बेनकाब अस्पताल रोड से गांधी चौक तक घुटनों तक भरा पानी



वैशाली : वैशाली में बुधवार को सुबह से हुई मूसलाधार बारिश ने जिला मुख्यालय हाजीपुर की नगर व्यवस्था की पोल खोल दी। शहर के कई प्रमुख मार्ग और मोहल्ले तालाब में तब्दील हो गए, जिससे आमजन को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। नगर परिषद के पूर्व में किए गए दावों की असलियत बारिश के पहले ही झोंके में सामने आ गई। हाजीपुर के अस्पताल रोड, गांधी चौक, सिनेमा रोड, बौलिया रोड जैसे प्रमुख इलाकों में बारिश के कुछ ही घंटों बाद सड़कों पर घुटनों तक पानी भर गया। गांधी चौक से अस्पताल रोड तक की दूरी तय करना आमजन के लिए किसी संघर्ष से कम नहीं रहा। सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड के बाहर जलजमाव के कारण मरीजों और उनके परिजनों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। शहर की हालत यह रही कि बाइक सवार, रिक्शा चालक और पैदल चलने वाले सभी लोग कीचड़ और पानी से जूझते नजर आए। बारिश से पहले नगर परिषद द्वारा दावा किया गया था कि सभी नालों की सफाई कर ली गई है, लेकिन जमीनी सच्चाई इसके एकदम उलट साबित हुई। हाजीपुर शहर की सड़कों की हालत पहले से ही खस्ताहाल थी। बारिश ने इस संकट को और भी भयावह बना दिया। सुभाष चौक से रामप्रसाद चौक के बीच सड़क पर इतना कीचड़ हो गया कि राहगीरों का निकलना तक मुश्किल हो गया। कुछ इलाकों में राहगीर फिसलकर चोटिल भी हो गए। अस्पताल रोड से थाना चौक और मड़ई रोड से रामप्रसाद चौक तक का इलाका पूरी तरह कीचड़ और जलजमाव की चपेट में आ गया। हाजीपुर नगर की गंदगी और जल निकासी की समस्या को दूर करने के लिए वर्ष 2010 में स्वीकृत हुआ सीवरेज ट्रीटमेंट प्रोजेक्ट अब तक अधूरा ही है। नेशनल गंगा बेसिन ऑथोरिटी ने इस प्रोजेक्ट के लिए 113 करोड़ 62 लाख रुपये का आवंटन दिया था। यह योजना बाद में बढ़कर 125 करोड़ से भी ऊपर चली गई और आज तक जनता को राहत नहीं दे सकी। दिसंबर 2011 में शुरू हुए इस प्रोजेक्ट को 2013 तक पूरा करना था, लेकिन आज तक इसका लगभग 60% काम अधूरा है। चीन की कंपनी ट्राइटेक (बीजिंग) के द्वारा शुरू किया गया यह कार्य बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन की देखरेख में चला। लेकिन बार-बार समय सीमा बढ़ाए जाने और चेतावनियों के बावजूद प्रगति नहीं हो सकी। 2017 के बाद काम पूरी तरह ठप हो गया। अब कई वर्षों बाद फिर से बुडको को इस योजना को पूरा करने की जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन हकीकत में शहरवासी अब भी उसी जलजमाव और गंदगी के दलदल में फंसे हुए हैं।

### लालू का नीतीश पर हमला, अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा

पटना,(ईएमएस)। राष्टीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो और पूर्व सीएम लालू यादव ने नीतीश सरकार पर सवाल उठाया है। बुधवार को उन्होंने पोस्ट किया, अब बिहार सीधा गुजरात से ऑपरेट हो रहा है। इस पोस्ट के साथ उन्होंने एक फोटो भी डाली है। उसमें नीतीश को पीएम मोदी की कठपुतली बताया गया है। वहीं बिहार की वोटर लिस्ट से 30 लाख मतदाताओं के नाम हटने पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि मतदाता सूची से नाम काटने से पहले नोटिस मिलेगा। एक अगस्त को प्रारूप प्रकाशित होगा। इसमें सभी गणना प्रपत्र भरने वाले मतदाताओं का नाम शामिल रहेगा। इसके साथ ही एक अलग से सूची प्रकाशित की जाएगी। इसमें पहचान किए जाने वाले स्थानांतरित, दोहरे वोटर और मृत वोटरों का नाम शामिल होगा। इन दोनों सूचियों पर दावा-आपत्ति की प्रक्रिया एक अगस्त से एक सितंबर तक चलेगी।इसके बाद 30 सितंबर को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। उन्होंने कहा कि राज्य में वोटरों की कुल संख्या 7,89,69,844 है।

# पूर्व बैंक प्रबंधक और स्कूल संचालक के फ्लैट से 10 लाख की संपत्ति चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

पटना : पटना जिले के दानापुर अनुमंडल अंतर्गत रूपसपुर थाना क्षेत्र के अभियंता नगर स्थित गीतांजलि विहार अपार्टमेंट में चोरी की एक बड़ी घटना सामने आई है। अपार्टमेंट में रहने वाले एक रिटायर्ड बैंक मैनेजर और एक स्कूल संचालक के बंद फ्लैट का ताला तोड़कर चोरों ने करीब दस लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के दौरान तीन नकाबपोश चोर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं, जो हथियार लेकर अपार्टमेंट की सीढ़ियों से चढ़ते और फ्लैट के अंदर प्रवेश करते दिखाई दे रहे हैं। चोरी की यह वारदात फ्लैट नंबर 102 और 202 में अंजाम दी गई। फ्लैट नंबर 102 में बैंक ऑफ इंडिया के सेवानिवृत्त प्रबंधक भूपेश कुमार सिन्हा अपने परिवार के साथ रहते हैं, जबकि फ्लैट नंबर 202 स्कूल संचालक राहुल कुमार का है। जानकारी के अनुसार, भूपेश कुमार सिन्हा अपनी पत्नी की तबीयत खराब होने के कारण करीब 10 दिन पहले अपने पैतृक गांव बेगूसराय चले गए थे और फ्लैट बंद था। वहीं, राहुल कुमार अपने परिवार सहित दिल्ली गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने सुनसान अपार्टमेंट का फायदा उठाते हुए दोनों फ्लैटों को निशाना बना डाला। सीसीटीवी फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चोर पूरी योजना बनाकर आए थे। उन्होंने घटना को अंजाम देने से पहले संबंधित फ्लोर के अन्य फ्लैटों की कुंडी बाहर से बंद कर दी थी, जिससे कोई बाहर न निकल सके और वे आराम से चोरी कर सकें। इसके बाद उन्होंने दरवाजे के लॉक तोड़े और एक-एक कमरे को पूरी तरह खंगाल डाला। गोदरेज सेफ, अलमारी, बक्से सभी तोड़े गए और जेवरात से लेकर कीमती सामान तक चुरा लिए गए। फ्लैट नंबर 202 के मालिक राहुल कुमार की अनुपस्थिति में जब घटना की सूचना उनकी पत्नी प्रीति कुमारी को दी गई, तो उन्होंने अपने परिजनों को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे उनके ससुर ने बताया कि चोर तीनों कमरों को खंगाल कर लाखों के जेवरात और सामान ले गए हैं। उन्होंने बताया कि गोदरेज सेफ में लगभग दस लाख की ज्वेलरी और अन्य महंगे सामान थे, जो अब गायब हैं। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 और रूपसपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि घटनास्थल से मिले सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की पहचान की जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस पूरी तत्परता से जांच में जुटी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही चोरों को पकड़ लिया जाएगा।

# लापरवाही बरतने के आरोप में गांधी मैदान के थानेदार राजेश कुमार निलंबित

पटना,(ईएमएस)। बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान के थानेदार राजेश कुमार को लापरवाही बरतने के आरोप में निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई पटना के एसएसपी कार्तिकेय शर्मा की सिफारिश पर हुई है, जिसे आईजी पटना जितेंद्र राणा ने मंजूरी दी है। राजेश कुमार पर कई मामलों में लापरवाही बरतने का आरोप लगा है, जिसमें से कारोबारी गोपाल खेमका हत्याकांड प्रमुख है। एसएसपी शर्मा ने हाल ही में की गई समीक्षा के दौरान राजेश कुमार की कार्यशैली में गंभीर लापरवाही मिली थी।दरअसल 4 जुलाई, 2025 की रात शहर के बड़े व्यवसायी खेमका की हत्या उनके घर के पास कर दी गई थी। परिजनों ने आरोप लगाया कि पुलिस को घटना की सूचना देर से मिली और पुलिस पहुंचने में भी काफी समय लगा। अस्पताल से देर रात कंकड़बाग थाने को सूचना दी गई, इसके बावजूद गांधी मैदान थाने की पुलिस को घटना स्थल का पता लगाने में डेढ़ घंटे से अधिक का समय लगा। परिजनों ने इस मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया था। वहीं, निलंबित थानेदार राजेश कुमार का कहना है कि परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना देर से दी गई थी और खबर मिलते ही पुलिस पहुंच गई थी, कोई लापरवाही नहीं बरती गई।

### अन्य मामले जिनमें लापरवाही

15 अप्रैल, 2025 को दिनदहाड़े फायरिंगः गांधी मैदान थाना क्षेत्र के देवी स्थान लालजी टोला के पास दो पक्षों के बीच 20 राउंड से अधिक फायरिंग हुई थी। इसमें वीआईपी पार्टी के नेता मधुकर आनंद और उनके समर्थकों पर आरोप लगा, लेकिन पुलिस उन्हें पकड़ नहीं पाई और केवल कुछ अभियुक्तों की गिरफ्तारी करके खानापूर्ति कर दी गई। एक्जीबिशन रोड में डायल 112 की टीम पर एक युवक ने हमला कर दिया, जिसमें ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मी संजय कुमार को चोट आई।बात दें कि कुमार ने इसी मार्च महीने में गांधी मैदान के थानेदार का पद संभाला था। करीब 4 महीने में ही उन्हें इस पद से हटा दिया गया। एसएसपी का मानना है कि वह अपने इलाके की कानून व्यवस्था को संभाल नहीं पाए, जिसके परिणामस्वरूप गोपाल खेमका जैसे बड़े व्यवसायी की थाने से चंद कदम की दूरी पर हत्या कर दी गई।

# बिहार में 6.20 करोड़ से ज्यादा गणना-प्रपत्र अपलोड, 25 जुलाई आखिरी तारीख

### एसआईआर में अब 72 लाख मतदाताओं का गणना-प्रपत्र होना है जमा



पटना,(ईएमएस)। मतदाता-सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के अंतर्गत अब मात्र 72 लाख मतदाताओं का गणना-प्रपत्र संग्रहित किया जाना है। अब तक 86.32 फीसदी गणना-प्रपत्र एकत्र किए जा चुके हैं। मंगलवार को निर्वाचन आयोग की ओर से बताया गया कि कुल 7,89,69,844 मतदाताओं में से 6,81,67,861 के गणना-प्रपत्र जमा हो चुके हैं। गणना-प्रपत्र जमा करने के अब 10 दिन बचे हैं। मंगलवार शाम छह बजे तक निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर 6.20 करोड़ से ज्यादा गणना-प्रपत्र अपलोड किए जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर मंगलवार रात से एक नया मॉड्यूल भी लाइव हुआ, जिससे मतदाता अपने गणना-प्रपत्र के जमा होने की स्थिति की जांच कर सकेंगे। मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित और एक से ज्यादा स्थानों पर पंजीकृत लोगों को ध्यान में रखते हुए कुल मतदाता आधार का 90.84 फीसदी भाग गणना-प्रपत्र संग्रहण के दायरे में आ चुका है। अब केवल 9.16 फीसदी मतदाताओं को 25 जुलाई की समय सीमा से पहले गणना-प्रपत्र जमा कराना है।निर्वाचन आयोग के उप निदेशक पी. पवन ने बताया है कि एसआईआर में राजनीतिक दलों द्वारा नियुक्त 1.5 लाख बीएलए भी सहयोग कर रहे हैं। उनमें से रोज अधिकतम 50 गणना-प्रपत्र सत्यापित कर जमा कर सकते हैं। पात्र सभी के नाम मतदाता-सूची में जोड़ने के उद्देश्य से सभी 261 नगरीय निकायों के 5683 वार्डों में विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। अब शेष मतदाताओं से भरे हुए गणना-प्रपत्र एकत्र करने के लिए करीब एक लाख बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर तीसरा चरण शुरू होने जा रहा है। बीएलओ उन घरों में फिर से जाएंगे, जहां पहले के दो चरण में मतदाता अस्थायी रूप से अनुपस्थित थे।निर्वाचन आयोग के ऐप या वेबसाइट के जरिए मतदाता ऑनलाइन गणना-प्रपत्र भर सकते हैं। 2003 की मतदाता-सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। इसके जरिए से अपने बीएलओ समेत निर्वाचन अधिकारियों से भी जुड़ सकते हैं।

### मानव तस्करी व बाल संरक्षण के लिए लोगों को होना होगा जागरूक- प्रधानाचार्य

मधुबनी, (ईएमएस)। मधुबनी के जेएमडीपीएल महिला महाविद्यालय में मानव तस्करी एवं बाल संरक्षण विषय पर कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के सभागार में हुआ। कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ.अनिल कुमार चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में यह एक प्रमुख मुद्दा है। पूरे देश में मानव तस्करी एवं बाल संरक्षण गंभीर रूप लेता जा रहा है। राष्ट्रीय क्राइम ब्यूरो के अनुसार बच्चों का अपहरण हो रहा है, महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहा है, महिलाओं का तस्करी हो रहा है। ऐसी स्थिति में छात्राओं को जागरूक किया जाना आवश्यक है। बच्चों का अपहरण प्रायः फिरौती के लिए हो रहा है तथा महिलाओं का अपहरण अनैतिक कार्यों के लिए हो रहा है। इसे रोकने के लिए पूरे समाज को जागृत होना पड़ेगा और समस्या को समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। सिंडिकेट सदस्य डॉ.अमर कुमार ने कहा कि मानव तस्करी और बाल तस्करी ने देश में एक बड़े व्यापार का रूप ले लिया है। यह समाज के लिए चिंता का विषय है।बाल मजदूरी भी विकराल रूप ले लिया है। इसके लिए छात्राओं को जागरूक रहना है और समस्या के समाधान के लिए सहयोग करना है। कार्यक्रम में डॉ. शक्ति कुमारी, डॉ. निवेदिता कुमारी, डॉ. शिखा कुमारी, डॉ. रानी सिंह, डॉ. शिव कुमार पासवान, डॉ. निभा झा, डॉ.अनुराधा कुमारी, डॉ.पुष्पलता झा, डॉ.अरुण कुमार मंडल, डॉ.अलम, डॉ.फैज अहमद, साक्षी, जूही कुमारी के साथ महाविद्यालय के कई कर्मी और छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के आईक्यूएसी के द्वारा किया गया। अध्यक्षता प्रधानाचार्य डॉ.अनिल कुमार चौधरी ने किया तथा संचालन आईक्यूएसी के संयोजक डॉ. विनय कुमार दास ने किया।

# संक्षिप्त खबरें

## निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी पालक-शिक्षक बैठक

रायपुर,(ईएमएस)। छत्तीसगढ़ में निजी स्कूलों की तर्ज पर सरकारी स्कूलों में भी पालक-शिक्षक बैठक आयोजित होगी। इसमें बच्चों की अकादमिक प्रगति सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। पहली बैठक अगस्त के पहले सप्ताह में होगी। पालक-शिक्षक बैठक के संबंध में स्कूल शिक्षा सचिव ने सभी कलेक्टरों, संभागीय संयुक्त संचालकों एवं जिला शिक्षा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। पालकों के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने, बच्चों की प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आंकलन कर पालकों के साथ समन्वय बनाने के उद्देश्य से शासन ने पालक-शिक्षक बैठक नियमित रूप से करने का निर्णय लिया है। विभाग का मानना है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने में पालकों की भूमिका अहम हो सकती है। पालक-शिक्षक पहली बैठक अगस्त के पहले सप्ताह में आयोजित होगी। इसमें बच्चों की पढ़ाई की प्रगति की जानकारी पालकों को दी जाएगी।

## राजस्थान कांग्रेस विधायकों की सजा स्थगित, फैसला 26 अगस्त को

जयपुर,(ईएमएस)। राजस्थान में कांग्रेस के दो विधायकों, मुकेश भाकर और मनीष यादव, को 11 साल पुराने एक मामले में सुनाई गई एक-एक साल की सजा को स्थगित किया है। यह फैसला जयपुर के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-9, प्रेम प्रकाश ओझा, ने सुनाया था। यह मामला 13 अगस्त 2014 का है, जब दोनों विधायकों और उनके साथियों ने राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के बाहर करीब 20 मिनट तक सड़क जाम की थी। इस मामले में भाकर, यादव, द्रोण यादव, अभिषेक चौधरी, राजेश मीणा, रवि किराड़, वसीम खान, भानु प्रताप सिंह और विद्याधर मील को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 147 (गैरकानूनी रूप से एकत्रित होना) और 283 (सार्वजनिक मार्ग में बाधा डालना) के तहत दोषी ठहराया गया था। इन सभी को 17 जून 2025 को सजा सुनाई गई थी, जिसके विरोध में उन्होंने अपील दायर की थी। अब इस मामले की अगली सुनवाई 26 अगस्त 2025 को होगी। मुकेश भाकर और मनीष यादव वर्तमान में कांग्रेस के विधायक हैं।

## कांवड़ियों ने महिला से की मारपीट पुलिस ने दर्ज किया केस

हरिद्वार,(ईएमएस)। ऋषिकुल हाईवे पर एक महिला के साथ कांवड़ियों द्वारा मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है। पुलिस ने मामले में स्वतः संज्ञान लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो में दिख रही घटना को गंभीरता से लेकर पुलिस ने अब आरोपियों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हालांकि अब तक पीड़ित महिला पुलिस के संपर्क में नहीं आई है और न ही कोई औपचारिक शिकायत दर्ज कराई गई है। बावजूद इसके पुलिस ने वीडियो के आधार पर अपनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के आला अधिकारी ने बताया कि यह मामला पुलिस के संज्ञान में आते ही मुकदमा दर्ज किया गया है। जो भी लोग घटना में शामिल हैं, उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला से संपर्क करने की कोशिशें की जा रही हैं ताकि मामले की पूरी जानकारी मिल सके। पुलिस का कहना है कि वीडियो में दिख रहे आरोपियों की पहचान के बाद उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## शराबी ऑटो चालक ने हथौड़े से पीट-पीटकर बुजुर्ग माता-पिता की हत्या की

ओडिशा,(ईएमएस)। ओडिशा के मयूरभंज जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। शराब की लत के शिकार एक ऑटो चालक ने कथित तौर पर अपने बुजुर्ग माता-पिता की हथौड़े से पीट-पीटकर हत्या की। हत्या के बाद आरोपी बेटा रातभर मां-बाप के खून से लथपथ शवों के पास बैठा रहा। सुबह जब पड़ोसियों ने सन्नाटे के कारण अंदर घुसने की कोशिश की तब नजारा देख उनके होश उड़ गए। घटना ढोनापाल गांव में हुई। मृतकों की पहचान हादीबंधु साहू (81) और शांति साहू (72) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह जब ग्रामीणों ने उनके घर में अजीब सन्नाटा देखा, तब अंदर जाकर देखा कि दोनों बुजुर्ग खून से लथपथ हालत में मृत पड़े हैं और उनका बेटा हिमांशु खाट पर बैठा हुआ है। स्थानीय निवासियों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बेटे हिमांशु को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, रात किसी बात को लेकर परिवार में झगड़ा हुआ, जिसके बाद हिमांशु ने पत्थर तोड़ने वाले हथौड़े से अपने माता-पिता की निर्मम हत्या कर दी।

## भाषा विवाद पर सीएम नायडू ने पूर्व पीएम नरसिम्हा राव का उदाहरण दिया

अमरावती,(ईएमएस)। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत तीन-भाषा फॉर्मूले के विरोध के बीच, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हिंदी का समर्थन किया है। उन्होंने भाषा विवाद पर अपनी राय रखकर पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हा राव का उदाहरण दिया, जिन्होंने 17 भाषाएँ सीखी थीं, जिसमें हिंदी भी शामिल थी। नायडू ने कहा कि पी.वी. नरसिम्हा राव एक महान और दूरदर्शी नेता थे और तेलुगु समुदाय को उन पर गर्व है। उन्होंने बताया कि राव एक छात्र नेता, स्वतंत्रता सेनानी और 17 भाषाओं के विद्वान थे। नायडू ने जोर दिया कि आजकल लोग पूछते हैं कि हिंदी क्यों सीखनी चाहिए, जबकि पूर्व प्रधानमंत्री ने न केवल हिंदी सीखी, बल्कि 17 भाषाएँ सीखीं।

# विश्व की नंबर वन क्रीम का दावा कर फंसी इमामी

## उपभोक्ता आयोग ने ठोंका 30 हजार का जुर्माना, बोरोप्लस क्रीम को लेकर जारी किया गया विज्ञापन

अजमेर,(ईएमएस)। अजमेर जिला उपभोक्ता आयोग (कंज्यूमर फोरम) ने बोरोप्लस क्रीम बनाने वाली कंपनी इमामी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना ठोंक दिया है। आयोग ने कंपनी को इस तरह के भ्रामक विज्ञापन में सुधार करने और फिर विज्ञापन जारी करने का निर्देश दिया है। भविष्य में ऐसी गलती न हो, इसके लिए बिना वैधानिक प्रमाण (लीगल प्रूफ) के विश्व की नंबर वन जैसे दावे फिर नहीं करने के लिए भी कंपनी को सख्त मना कर दिया गया है।

### क्या था पूरा मामला?

अजमेर के वकील तरुण अग्रवाल ने उपभोक्ता अदालत में बोरोप्लस के दावों को लेकर वाद दायर किया था। उन्होंने बताया कि कंपनी अपने विज्ञापनों में क्रीम को विश्व की नंबर वन बता रही थी, जबकि अपनी वेबसाइट पर बारोप्लस को भारत की नंबर वन और क्रीम के रैपर पर भारत में सबसे अधिक बेची जाने वाली क्रीम बताया गया था। अग्रवाल का तर्क था कि कंपनी ग्राहकों को गुमराह करने और भ्रमित करने के लिए ऐसा प्रचार कर रही है। इसके बाद वकील अग्रवाल ने कंपनी को लीगल नोटिस भेजकर विज्ञापन की विरोधाभासी स्थिति स्पष्ट करने का अनुरोध किया था, लेकिन कंपनी ने कोई जवाब नहीं दिया। आयोग के सामने कंपनी के वकीलों ने बताया कि मार्च 2018 को समाप्त होने वाली अवधि में एंटीसेप्टिक क्रीम की स्किन क्रीम की श्रेणी में बोरोप्लस पूरे भारत में पहले नंबर पर रही थी। हालांकि, विश्व की नंबर वन क्रीम होने के दावे पर कंपनी कोई जवाब और साक्ष्य पेश नहीं कर पाई। इसके बाद अजमेर जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष अरुण कुमावत, सदस्य दिनेश चतुर्वेदी और जय श्री शर्मा ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद 15 जुलाई को निर्णय दिया। आयोग ने कहा कि कंपनी बेस्ट, अमेजिंग जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन बिना वैश्विक प्रमाण के विश्व की नंबर वन क्रीम जैसे दावे करना भ्रामक विज्ञापन की श्रेणी में आता है।




## गुजरात सरकार ने 2,110 पुलों का तकनीकी निरीक्षण कराया, 5 पुलों पर यातायात बंद

### 4 अन्य पुलों पर भारी वाहन प्रतिबंधित

गांधीनगर,(ईएमएस)। गंभीरा ब्रिज हादसे में 20 लोगों की मौत के बाद, गुजरात की भूपेंद्र पटेल सरकार ने सड़कों और पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री पटेल के निर्देश पर, राज्य में भारी बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों और पुलों की मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी है। नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देकर गुजरात सरकार ने नर्मदा नहर नेटवर्क पर स्थित 2,110 पुलों का तकनीकी निरीक्षण कराया। नर्मदा नहर नेटवर्क गुजरात में करीब 69,000 किलोमीटर में फैला हुआ है और इसमें 2,110 छोटे-बड़े पुल शामिल हैं जो विभिन्न राजमार्गों और ग्रामीण सड़कों को जोड़ते हैं। निरीक्षण के आधार पर, 5 पुलों को यातायात के लिए खतरनाक मिलने पर पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। 4 अन्य पुलों पर उनकी वाहन और भार क्षमता के आधार पर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित किया गया है। 36 पुलों को मरम्मत की आवश्यकता वाले के रूप में चिह्नित किया गया है, और संबंधित जिला प्रशासन को उन्हें बंद करके तत्काल मरम्मत का काम शुरू करने का निर्देश दिया गया है। शेष 2,065 पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रीय कार्यालयों को आवश्यक कदम उठाने के आदेश दिए गए हैं। मालिया शाखा नहर पर अजीतगढ़ और घण्टीला गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर स्थित पुल, राष्ट्रीय राजमार्ग 151 ए और मच्छु नदी के बीच मालिया शाखा नहर पर स्थित पुल।

सौराष्ट्र शाखा नहर पर लखतर तालुका के ढांकी-छराड गांव के पास स्थित पुल, सौराष्ट्र शाखा नहर पर लखतार-वाना गांव के पास स्थित पुल, सौराष्ट्र शाखा नहर पर वाधवान तालुका में बाला-बाला फार्म के पास पुल। इन पुलों पर भारी वाहनों के जाने पर प्रतिबंधः वल्लभीपुर शाखा नहर पर फेदरा-बगोदरा और भावनगर को जोड़ने वाले राज्य राजमार्ग पर स्थित पुल।

## दिल्ली से स्थानांतरित हो सकते चावड़ी और सदर बाजार, गाजियाबाद में लाने की तैयारी

गाजियाबाद,(ईएमएस)। दिल्ली का मशहूर चावड़ी और सदर बाजार जल्द ही गाजियाबाद में स्थानांतरित हो सकते हैं। इस बारे में सांसद अतुल गर्ग ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर बताया कि कि इस प्रस्ताव पर सहमति बन गई है। सांसद ने जिला मजिस्ट्रेट और जीडीए उपाध्यक्ष से खाली पड़ी जमीन और उसके भू-उपयोग के संबंध में एक रिपोर्ट तैयार करने को कहा है। इसके अतिरिक्त, रेलवे स्टेशन के विस्तारीकरण पर भी चर्चा की गई। सांसद गर्ग ने बताया कि गाजियाबाद में कमला नेहरू नगर, विजय नगर और गोविंदपुरम के आसपास केंद्र सरकार द्वारा अधिग्रहित हजारों बीघा जमीन बीते 30 दशकों से खाली पड़ी है, जिसे विभिन्न सरकारी विभागों को आवंटित किया गया है, लेकिन उस पर कोई काम नहीं हुआ है। इस जमीन के सदुपयोग के लिए उन्होंने केंद्रीय शहरी विकास मंत्री से भू-उपयोग बदलने की मांग की है, जिसके बदले संबंधित विभागों को अन्य स्थान पर जमीन दी जा सकती है। सांसद गर्ग ने बताया कि चंडीगढ़-कालका शताब्दी ट्रेन में यात्रा के दौरान उनकी केंद्रीय शहरी विकास मंत्री लाल से मुलाकात हुई। मंत्री ने बताया कि दिल्ली में बढ़ती भीड़ को कम करने के लिए सदर और चावड़ी बाजार जैसे प्रमुख बाजारों को दिल्ली से सटे जिलों में स्थानांतरित करने पर गंभीरता से विचार हो रहा है। यदि उपयुक्त जमीन मिलती है, तब उन्हें स्थानांतरित करने में कोई समस्या नहीं होगी।

## औवेसी की पार्टी से अलग हुई इकलौती गैर मुस्लिम पार्षद

खरगोन। मध्य प्रदेश खरगौन नगर पालिका परिषद में वार्ड क्रमांक 2 की एआईएमआईएम की एकमात्र गैर मुस्लिम पार्षद ने धर्म परिवर्तन के आरोपों को लेकर पार्टी से इस्तीफा दिया है। खरगोन की वार्ड क्रमांक 2 से एआईएमआईएम के टिकट से चुनाव जीतने वाली पार्षद अरुण उपाध्याय ने राष्ट्रीय कार्यालय हैदराबाद को अपने इस्तीफे में कहा कि वे निजी कारणों के चलते प्रदेश कोर कमेटी के पद और पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे रही हैं। उन्होंने बुधवार को इस्तीफा के कारण पर चर्चा करते हुए कहा कि उनके पति श्यामलाल उपाध्याय 2022 में चुनाव जीतने के बाद से पार्षद पद छोड़ने का दबाव बना रहे थे।

## 10 रुपये के सिक्कों को लेकर आरबीआई ने दूर किया भ्रम

नई दिल्ली (ईएमएस)। आम आदमी से लेकर दुकानदारों और सार्वजनिक परिवहन तक अक्सर 10 रुपये के सिक्कों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है। कोई सिक्के का आकार देखकर लेने से मना कर देता है, कोई कहता है "ये सिक्का नहीं चलेगा!" इसके बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने साफ किया है कि बाजार में मौजूद 10 रुपये के सभी 14 डिज़ाइन पूरी तरह वैध हैं और किसी भी डिज़ाइन का सिक्का अस्वीकार नहीं कर सकते है।

आरबीआई ने स्पष्ट किया है कि सिक्के का आकार, डिज़ाइन या उस पर बनी आकृति उसकी वैधता तय नहीं करती। 10 रुपये के सिक्कों के कई डिज़ाइन बाजार में चलन में हैं। कुछ सिक्के बड़े आकार के हैं, कुछ छोटे हैं, कुछ पर सूरज जैसी किरणों की आकृति बनी होती है और कुछ पर नहीं। लेकिन इन सबका इस्तेमाल निसंकोच कर सकते है। लोगों के बीच यह भ्रम भी फैल चुका है कि जिन सिक्कों पर 15 किरणें होती हैं वही असली होते हैं और जिन पर कम किरणें हैं वे नकली हैं।

**झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार**
बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी0एस0सिटी0–14
Email.mdbiadabokaro@gmail.com
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री भारद्वाज रबर एंड केमिकल्स, प्लॉट सख्या–III/H-24 & F-4/1 प्रक्रम–III, रकवा– 1.00 एकड़, बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बोकारो स्टील सिटी–14 के स्वत्वाधिकारी श्रीमती बीणा सिंह, पति–प्रमोद कुमार द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में पारिवारिक बाध्यताओ के कारण अपने इकाई को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ हैं। इसलिए इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु सर्वश्री बजरंग प्रीस्ट्रेस्ड प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक 1. श्री पवन कुमार पचरीवाला 2. श्री अंकित कुमार पचरीवाला 3. श्री विकाश कुमार अग्रवाल एवं 4. राजेश कुमार केडिया के नाम से निदेशक परिवर्तन किया जाना है। इकाई का नाम सर्वश्री भारद्वाज रबर एंड केमिकल्स से बदल कर सर्वश्री बजरंग प्रीस्ट्रेस्ड प्रोडक्टस प्राइवेट लिमिटेड में परिवर्तित किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

क्षेत्रीय उप निदेशक,
जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र।

PR 357391 Industries(25-26)D

**झारखण्ड औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार**
**बोकारो प्रक्षेत्र, बियाडा भवन, बालीडीह, बी०एस०सिटी०–14**
Email.mdbiadabokaro@gmail.com
प्रेस विज्ञप्ति

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री निशा इन्टरप्राइजेज, प्लॉट सख्या–IV/A-(P)6, प्रक्रम–IV, रकवा– 2.00 एकड़, बोकारो औद्योगिक क्षेत्र, बोकारो स्टील सिटी–14 के स्वत्वाधिकारी श्रीमती सरिता देवी, पति– श्री संजय कुमार राय द्वारा प्राप्त प्रस्ताव के आलोक मे पारिवारिक बाध्यताओ के कारण अपने इकाई को सुचारू रूप से चलाने में असमर्थ हैं। इसलिए इकाई को सुचारू रूप से चलाने हेतु सर्वश्री बिरसा कास्टिंग एंड फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक 1. श्री महेश प्रधान, पिता– स्व0 दरोगा प्रधान 2. श्री पंकज कुमार पोद्दार एवं 3. श्री सायान मुंशी, पिता– श्री सबयाची मुंशी के नाम में निदेशक परिवर्तन किया जाना है। इकाई का नाम सर्वश्री निशा इन्टरप्राइजेज से बदल कर सर्वश्री बिरसा कास्टिंग एंड फोर्जिंग्स प्राइवेट लिमिटेड में परिवर्तित किया जाना है।

अतः उपर्युक्त प्रस्ताव पर किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 10 दिनों के अन्दर अपना लिखित आपत्ति दर्ज करें अन्यथा निर्धारित समय अवधि समाप्ति के उपरांत प्रस्ताव पर अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी।

क्षेत्रीय उप निदेशक,
जियाडा, बोकारो प्रक्षेत्र।

PR.NO.357387 Industries(25-26):D

# पंकज शर्मा का दावा : मुफ्त योजनाओं ने जनता में खत्म कर दी संघर्ष की आग

इंदौर (ईएमएस)। वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक विश्लेषक पंकज शर्मा ने स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में एक चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि राशन, लाड़ली बहना, आयुष्मान और उज्ज्वला जैसी मुफ्त सरकारी योजनाओं ने आम जनता में संघर्ष करने का माद्दा खत्म कर दिया है। शर्मा के मुताबिक, एक समय था जब छोटे-मोटे मुद्दों पर भी जनता सड़कों पर उतर आती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होता।




शर्मा ने मीडिया से बातचीत में अपनी बात को बल देते हुए कहा, एक दौर था जब देश में प्याज की कीमतों, महंगाई या बोफोर्स जैसे घोटालों पर सरकारें बदल दी जाती थीं, लेकिन अब जनता ने सड़क पर आकर विरोध जताना छोड़ दिया है। उनका मानना है कि जब लोगों को बहुत कुछ मुफ्त में मिल रहा है, तो वे विरोध क्यों करेंगे? उन्होंने सस्ते मोबाइल डेटा को भी इस स्थिति का एक कारण बताया, जिसके चलते लोग अब सोशल मीडिया पर ही अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त कर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेते हैं।

इस बयान ने राजनीतिक गलियारों और सार्वजनिक बहस में एक नई चर्चा छेड़ दी है कि क्या मुफ्त की योजनाएं वास्तव में समाज को निष्क्रिय बना रही हैं या यह केवल सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का स्वाभाविक परिणाम है।

### :: कॉर्पोरेट ने पीएम बनाया, अब राज्यों तक कर रहे वसूली ::

पंकज शर्मा ने वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि आज के दौर में पक्षधरता की धार क्रूर हो गई है और असहमति की गुंजाइश समाप्त हो गई है। शर्मा ने दावा किया कि 2014 में नरेंद्र मोदी इसलिए प्रधानमंत्री बन पाए क्योंकि लालकृष्ण आडवाणी मनमोहन सरकार को पलटने के लिए आवश्यक संसाधन नहीं जुटा पाए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि बड़े कॉर्पोरेट घरानों ने मोदी को प्रधानमंत्री बनाने के एवज में सशर्त सहयोग दिया था और अब यही घराने केंद्र के साथ-साथ राज्यों में भी वसूली पर लगे हुए हैं।

### :: भागवत ने आयु सीमा का शस्त्र चलाकर खेला बड़ा दांव ::

आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत के हालिया 75 वर्ष की आयु संबंधी बयान पर शर्मा ने कहा कि डॉ. भागवत ने राजनीति में आयु सीमा का शस्त्र चलाकर एक बड़ा दांव चला है, खासकर जब वह खुद सितंबर में 75 वर्ष पूरे कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी डॉ. भागवत ने मॉब लिंचिंग, मंदिरों में शिवलिंगों की तलाश और मुस्लिम समाज से समन्वय जैसे मुद्दों पर अपने संगठन की अलग विचारधारा से सरकार को घेरने का प्रयास किया है। शर्मा के अनुसार, 2014 में आरएसएस प्रमुख ने मंत्रियों के कार्यों की समीक्षा की एक व्यवस्था लागू करनी चाही थी, लेकिन यह केवल एक बार ही हो सका, जिसके बाद दोनों के बीच खटास पैदा हो गई। उन्होंने 2024 के आम चुनाव से पहले भाजपा अध्यक्ष जे.पी. नड्डा की आरएसएस को लेकर तल्ख टिप्पणी को भी इसी कड़ी का हिस्सा बताया, जिसके कारण आरएसएस ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में अपना योगदान दिया।

### :: उग्र हिंदुत्व से मोहभंग और पर्यटन केंद्र बनते मंदिर! ::

पंकज शर्मा ने यह भी कहा कि अब देश में वातावरण बदल रहा है और स्वयं भाजपा तथा समाज के आम लोग उग्र हिंदुत्व को पसंद नहीं कर रहे हैं। उन्होंने कावड़ यात्राओं में डीजे बजाने पर रोक को इसका एक उदाहरण बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने देशभर के धार्मिक स्थलों को पर्यटन स्थलों में तब्दील कर दिया है और दर्शन-पूजन के लिए महंगे शुल्क लगा दिए हैं। शर्मा ने कहा कि सरकार और भाजपा मीडिया सेल ने ऐसा माहौल बना दिया है कि भाजपा का विरोध अब हिंदुओं का विरोध माना जाने लगा है। एक प्रश्न के जवाब में, राजनीतिक विश्लेषक शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी इतनी मेहनत के बावजूद उस जगह पर नहीं हैं, जहां उन्हें होना चाहिए था। उन्होंने इसका कारण उनके आसपास के उन लोगों को बताया जो उन्हें सच्चाई और हालातों से वाकिफ नहीं होने देते। शर्मा के अनुसार, राहुल गांधी ऐसे लोगों के चयन में कमजोर साबित हुए हैं। मध्य प्रदेश में कांग्रेस के भविष्य के संदर्भ में उन्होंने कहा कि यह उन चंद राज्यों में शामिल है जहां अभी भी कांग्रेस के लिए अच्छा भविष्य है। उन्होंने बताया कि राज्य में नेताओं की पुरानी पीढ़ी अब निवृत्त हो रही है और आने वाले चुनाव में ये नेता चेहरे नहीं होंगे। उन्होंने मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार को आकंठ भ्रष्टाचार में डूबा हुआ बताया और कहा कि अब तो यह चर्चा भी चल पड़ी है कि विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को बदला जा सकता है।

कार्यक्रम की शुरुआत में श्री शर्मा का स्वागत अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल, मोहनलाल मंत्री, रचना जौहरी, गोविन्द लाहोटी 'कुमार' और संजय मेहता ने किया। मीना राणा शाह और दीपक माहेश्वरी ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, जामताड़ा।**
**निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 के तहत नामांकन संबंधी सूचनाः–**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) C के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025–26 में जामताड़ा जिले के गैर सहायता मान्यता प्राप्त निम्नांकित निजी विद्यालयों (अल्पसंख्यक विद्यालय को छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में रिक्त रह गये सीटों पर नामांकन हेतु ऑनलाईन पोर्टल (www.samgrashikshajamtara.com) पर पुनः आवेदन की मांग की जाती है।

| क्र. सं. | विद्यालय का नाम | रिक्त सीटों की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | Shankara Mission, Fatehpur | 04 |
| 2 | Green Wood Public School, Mihijam | 09 |
| 3 | Sanskar international School, Mihijam | 02 |
| 4 | Chittranjan National Collegiate School, Mihijam | 06 |
| 5 | Srijan Public School, Mihijam | 20 |
| 6 | Gyan Sthali Public School, Kalajharia | 07 |
| 7 | The Mission School, Jamtara | 03 |
| Total | | 51 |

इच्छुक अभ्यर्थी के माता/पिता/अभिभावक उपर्युक्त विद्यालयों में नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 30.07.2025 के अपराह्न 05:00 बजे तक कर सकते है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, जामताड़ा।

PR 357428 District(25-26)D

# संपादकीय

## कोयलांचल संवाद

### संसद का मानसून सत्र इस बार आर या पार

21 जुलाई से संसद का मानसून सत्र शुरू होने जा रहा है इस बार का मानसून सत्र सत्ता पक्ष और विपक्ष के लिए आर पार की लड़ाई जैसा होगा। केंद्र में गठबंधन की सरकार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसके पूर्व कभी भी गठबंधन की सरकार नहीं चलाई है। 2002 से लेकर 2024 तक वह हमेशा पूर्ण बहुमत की सरकार के मुख्यमंत्री अथवा प्रधानमंत्री रहे हैं। 2024 के बाद वह गठबंधन के प्रधानमंत्री हैं। 10 वर्षों के बाद विपक्ष संसद में मजबूत हुआ है। पिछले दो-तीन महीने में जिस तरह की घटनाएं भारत में हुई हैं। उससे सरकार की मुसीबतें बढ़ रही हैं। पिछले 10 वर्षों में जिस तरह से केंद्र की सत्ता एकाधिकार के बल पर संचालित हो रही थी। वैसी ही स्थिति 11वें साल में केन्द्र सरकार रखना चाहती है। जिसके कारण भाजपा की मुसीबतें बढ़ने लगी हैं। केंद्र सरकार में भाजपा के सबसे बड़े सहयोगी राजनीतिक दल तेलुगु देशम पार्टी और बिहार में जनता दल है। यदि इन दोनों दलों द्वारा समर्थन वापस ले लिया जाता है, तो सरकार गिर भी सकती है। ऐसी स्थिति में सरकार मध्यावती चुनाव का निर्णय ले सकती है। सदन के अंदर यदि सरकार पराजित होती है, ऐसी स्थिति में इंडिया गठबंधन अन्य राजनीतिक दलों के साथ समझौता करके केंद्र में सरकार बना सकती है। यह बात इसलिए लिखना पड़ रही है, बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन समीक्षा में जिस तरह की प्रक्रिया चुनाव आयोग द्वारा अपनाई जा रही है। उसके कारण चुनाव आयोग की साख पूरी तरह से खत्म होती हुई नजर आ रही है। चुनाव आयोग की यह पहचान भी बन रही है, वह केंद्र सरकार और भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। चुनाव आयोग मतदाता सूची के लिए जो दस्तावेज मांग रहा है, उसमें आधार कार्ड को मान्य नहीं है। वर्तमान में आधार कार्ड ही भारतीय नागरिकों के पास सबसे प्रमाणिक सरकारी दस्तावेज है। सारे सरकारी कामकाज इसी आधार कार्ड से हो रहे हैं। आधार कार्ड बनाते समय लोगों के आंखों की पुतलियां, फिंगरप्रिंट और उनके परिवार से संबंधित सभी लोगों का आधार कार्ड अनिवार्य है। चुनाव आयोग आधार के स्थान पर ऐसे दस्तावेज मांग रहा है, जो फर्जी हो सकते हैं। उनकी प्रमाणिकता कभी भी साबित नहीं हो सकती है। इसको लेकर टीडीपी के चंद्रबाबू नायडू ने स्पष्ट रूप से आयोग के सामने विरोध जता दिया है। जनता दल में मतदाता सूची को लेकर बिहार में दो फाड़ हो चुका है। इंडिया गठबंधन पहले ही जम्मू कश्मीर के पहलगांव में 28 पर्यटकों की मौत, उसके बाद ऑपरेशन सिंदूर, जब भारतीय सेना जब पाकिस्तान को बड़ा नुकसान पहुंचा रही थी, उस समय सीजफायर करना, ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय विमानों का गिरना, भारतीय सेना द्वारा यह कहना कि मीडिया और राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण भारतीय सेना को नुकसान हुआ है। पाकिस्तान द्वारा लड़ाई में चीन के हथियारों का इस्तेमाल करने के साथ-साथ चीन द्वारा सैटेलाइट मैपिंग एवं तकनीकि का भारत के खिलाफ पाकिस्तान को लड़ाई में सहयोग दिया है। ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया के किसी देश का समर्थन नहीं मिलने, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सहायता का पैकेज मिलने, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता कराने, पाकिस्तान के जनरल मुनीर को अमेरिका बुलाकर व्हाइट हाउस में लंच कराकर सम्मानित करने, चीन के साथ भारत का आयात और निर्यात घाटा बढ़ने, भारत का चीन के साथ सीमा विवाद, मणिपुर में लगातार अशांति, दलाई लामा को लेकर चीन के साथ तनाव के मुद्दे विपक्ष के पास हैं। भारत के उद्योगपति गौतम अडानी, सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अब विदेश मंत्री जयशंकर का चीन जाना सरकार को कटघरे में खड़ा कर रहा है। इसी तरह से अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगातार भारत को टैरिफ की धमकी देते हुए अमेरिका से कारोबार बढ़ाने, अमेरिका से कृषि और डेयरी उत्पाद को भारत में आयात करने, रूस के साथ तेल और सैन्य डील को खत्म करने का दबाव बनाया जा रहा है। इन सभी मामलों में सरकार ने चुप्पी साध रखी है। जिसके कारण इस संसद सत्र में सरकार के लिए बड़ी परेशानियां खड़ी हो सकती हैं। बिहार की मतदाता सूची को लेकर चुनाव आयोग इलाहाबाद हाईकोर्ट के दो जजों के खिलाफ महाभियोग को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष में तनातनी बनी हुई है। 21 जुलाई से शुरू होने वाले इस मानसून सत्र में सरकार डिजिटल प्रतिस्पर्धा विधेयक, जीएसटी न्यायाधिकरण विधेयक, सार्वजनिक खरीद विधेयक, दिवालियापन एवं ऋण शोधन संहिता संशोधन विधेयक, खेलों में नैतिक आचरण संशोधन विधेयक, भू वैज्ञानिक विरासत संरक्षण विधेयक, मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की अवधि बढ़ाए जाने का विधेयक पास कराना चाहती है। इसके अलावा वक्फ बिल को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ सकता है। बिहार में सघन मतदाता सूची का मामला सुप्रीम कोर्ट में लंबित है। सुप्रीम कोर्ट का सुझाव, चुनाव आयोग मानता है या नहीं, इसको लेकर भी संसद में विपक्ष बहुत आक्रामक भूमिका में होगा। सरकार के सहयोगी दल संसद में कैसा रुख अख्तियार करेंगे, यह कह पाना मुश्किल है। मानसून सत्र के पहले जिस तरह से सरकार और विपक्ष के बीच में तनाव देखने को मिल रहा है। उससे यह प्रतीत होता है इस बार विपक्ष आर पार की लड़ाई लड़ने के मूड में है। 1975 में आपातकाल के पूर्व जिस तरह से देश भर में छात्र आंदोलन चल रहे थे। उस समय महंगाई-बेरोजगारी मुख्य मुद्दा था। उस समय राजनीतिक दलों ने इंदिरा गांधी के इस्तीफा को राजनीतिक मुद्दा बनाकर आंदोलन को हवा दी थी। इस बार मतदाता अधिकार को लेकर विपक्ष ने मतदाताओं को उद्वेलित कर दिया है। बिहार, पश्चिम बंगाल, आंध्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र इत्यादि राज्यों में धुआं उठने लगा है। कब यह ज्वाला में परिवर्तित हो जाएगा कहना मुश्किल है। इस बार विपक्ष पूरी तरह से आक्रामक मुद्रा में है। विपक्ष किसी भी स्तर पर जा सकता है। इस बार विपक्ष संसद में अपनी ताकत नहीं दिखा पाया, तो भविष्य में कोई अस्तित्व नहीं रहेगा। इस स्थिति को देखते हुए यह कहा जा सकता है। संसद का मानसून सत्र इस बार सरकार और विपक्ष के लिए आर-पार की लड़ाई जैसा है। ऊंट किस करवट बैठेगा कहना मुश्किल है।




## प्रयत्न में ऊब नहीं

संसार में गति के जो नियम हैं, परमात्मा में गति के ठीक उनसे उलटे नियम काम आते हैं और यहीं बड़ी मुश्किल हो जाती है। संसार में ऊबना बाद में आता है, प्रयत्न में ऊब नहीं आती। इसलिए संसार में लोग गति करते चले जाते हैं। पर परमात्मा में प्रयत्न में ऊब आती है और प्रयत्न पहले ही उबा देगा, तो आप रुक जाएंगे। कितने लोग हैं जो प्रभु की यात्रा शुरू भर करते हैं, पर कभी पूरी नहीं कर पाते। कितनी बार तय किया कि स्मरण कर लेंगे प्रभु का घड़ीभर! एकाध दिन, दो दिन। फिर ऊब गए। फिर छूट गया। कितने संकल्प, कितने निर्णय, धूल होकर पड़े हैं चारों तरफ! लोग कहते हैं कि ध्यान से कुछ हो सकेगा? मैं कहता हूं जरूर हो सकेगा। कठिनाई सिर्फ एक है, सातत्य! कितने दिन कर सकोगे? मुश्किल से कोई मिलता है, जो तीन महीने भी सतत कर पाता है। दस-पांच दिन बाद ऊब जाता है! आश्चर्य है कि मनुष्य जिंदगी भर अखबार पढ़कर नहीं ऊबता, रेडियो सुनकर नहीं ऊबता, फिल्म देखकर नहीं ऊबता, रोज वही बातें करके नहीं ऊबता। ध्यान करके क्यों ऊब जाता है? आखिर ध्यान में ऐसी क्या कठिनाई है? कठिनाई एक ही है कि संसार की यात्रा पर प्रयत्न नहीं उबाता, प्राप्ति उबाती है और परमात्मा की यात्रा पर प्रयत्न उबाता है, प्राप्ति कभी नहीं उबाती। जो पा लेता है, वह फिर कभी नहीं ऊबता। बुद्ध ज्ञान के बाद चालीस साल जिंदा थे। चालीस साल किसी ने एक बार उन्हें अपने ज्ञान से ऊबते हुए नहीं देखा। कोहनूर हीरा मिल जाता चालीस साल तो ऊब जाते। संसार का राज्य मिल जाता. भूति खोकर गृह-कलह के बीज बो दिए। शक्ति के सहारे सत्ता का संचालन होता तो न रावण मारा जाता और न कौरवों को पराजय का मुंह देखना पड़ता। पिछली सदी तक भारत का शासन-सूत्र अंग्रेज संभाल रहे थे, शक्ति की उनके पास कमी नहीं थी। उनके सामने भारत छोड़ने की विवशता शक्ति की कमी से नहीं थी। ये प्रसंग प्रमाणित करते हैं कि प्रबुद्ध जनता केवल शक्ति के आधार पर शासित नहीं हो सकती।

# डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे से खुली मध्यप्रदेश में निवेश की नई राहें

**हर्षवर्धन पान्डे**

भारत का हृदय प्रदेश मध्यप्रदेश आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक और आर्थिक प्रगति की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उनके विजन और निवेशकों के प्रति सरकार की पारदर्शी नीतियों ने आज मध्यप्रदेश को देश के सबसे आकर्षक निवेश स्थलों में से एक बना दिया है। हाल के वर्षों में डॉ. यादव की विदेश यात्राओं और रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव जैसे नवाचारों ने राज्य में निवेश की लहर को बूस्टर डोज देने का काम किया है।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश को निवेश के लिए बेहतर स्टेट बनाने के लिए 18 प्रकार की पारदर्शी औद्योगिक नीतियां लागू की हैं। इन नीतियों की बदौलत आज निवेशकों को सिंगल विंडो सिस्टम, बिजली बिलों में छूट, और जमीन आवंटन में आसानी जैसे लाभ प्राप्त हो रहे हैं। डॉ. यादव ने निवेशकों को आश्वासन दिया है कि मध्यप्रदेश में निवेश करने पर उन्हें किसी भी कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ेगा। उनकी यह प्रतिबद्धता निवेशकों के बीच विश्वास जगाने में सफल रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने बेहद कम समय में निवेश, रोजगार सृजन और शहरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। उनकी पारदर्शी नीतियां, वैश्विक मंचों पर सक्रिय भागीदारी और रोजगार व कौशल विकास पर विशेष जोर ने मध्यप्रदेश को आज भारत का सबसे प्रगतिशील राज्य बना दिया है। निवेश के लिए उनकी लगातार हो रही विदेश यात्राएं अब राज्य की आर्थिक समृद्धि और रोजगार सृजन की दिशा में एक नया अध्याय लिख रही हैं। डॉ. यादव का यह मिशन मध्यप्रदेश को न केवल निवेश का केंद्र बनाएगा, बल्कि इसे धार्मिक, सांस्कृतिक पर्यटन के क्षेत्र में भी वैश्विक पहचान मिलेगी । मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश ने निवेश के क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलताएं प्राप्त की हैं। रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगभग 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा इंग्लैंड, जर्मन और जापान जैसे देशों से 78 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो राज्य में 3 लाख से अधिक रोजगार सृजन की संभावना को दर्शाते हैं। इन निवेशों ने मध्यप्रदेश को टेक्सटाइल, रिन्यूएबल एनर्जी, खाद्य प्रसंस्करण, और पर्यटन जैसे क्षेत्रों में अग्रणी बनाने में मदद की है।हाल ही में लुधियाना में उद्योगपतियों के साथ हुए इंटरेक्टिव सेशन में मध्यप्रदेश को 15,606 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जिससे 20,275 से अधिक रोजगार सृजित होंगे।

जहाँ एक तरफ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की दुबई यात्रा ने देश के हृदयस्थल मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के मानचित्र पर एक प्रमुख गंतव्य के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है वहीं दूसरी तरफ प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे ने मध्यप्रदेश में निवेश, रोजगार सृजन और तकनीकी सहयोग की दृष्टि से नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। यह दौरा आर्थिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षेत्रों में मध्यप्रदेश की वैश्विक पहचान को मजबूत करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ है।डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में मध्यप्रदेश अपनी औद्योगिक और आर्थिक प्रगति के लिए लगातार प्रयासरत रहा है। हाल के वर्षों में राज्य सरकार ने निवेशकों को आकर्षित करने के लिए कई नीतिगत सुधार किए हैं जिनमें उद्योग-अनुकूल नीतियां, रियायती भूमि आवंटन और पूंजीगत अनुदान जैसे प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव का दुबई दौरा भारत-यूएई व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश के लिए एक विश्वसनीय केंद्र के रूप में स्थापित करने में सफल साबित हुआ है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दुबई में कई प्रमुख वैश्विक कंपनियों और व्यापारिक संगठनों के साथ उच्च-स्तरीय बैठकें की जिनमें लुलु ग्रुप, सराफ डीजी, ईसा एआई अल गुरैर ग्रुप, गल्फ इस्लामिक इन्वेस्टमेंट्स, जी42 इंडिया और टाटा संस मिडिल ईस्ट जैसी कंपनियां शामिल रही। इन बैठकों में स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा, और वस्त्र जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा हुई। इन बैठकों में मध्यप्रदेश में निवेश के संभावित क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, खाद्य प्रसंस्करण, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), लॉजिस्टिक्स और नवीकरणीय ऊर्जा पर चर्चा हुई। विशेष रूप से धार में पीएम मित्रा पार्क (वस्त्र), तामोट और बिलौआ में प्लास्टिक पार्क, उज्जैन में मेडिकल डिवाइस पार्क, पीथमपुर में ऑटो, भोपाल में इलेक्ट्रॉनिक्स, और देवास में फार्मा क्लस्टर जैसे परियोजनाओं को निवेशकों के सामने प्रस्तुत किया गया। गल्फ महाराष्ट्र बिजनेस फोरम और मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम) के साथ हुई चर्चाओं में आपसी सहयोग की नई संभावनाओं पर विचार किया गया। इसके अलावा जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ बैठक में लॉजिस्टिक्स, इलेक्ट्रिक वाहन और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं पर जोर दिया गया।दुबई में आयोजित इन्वेस्ट मध्यप्रदेश दुबई बिजनेस फोरम एंड नेटवर्किंग डिनर इस दौरे का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहा जहाँ अपनी डिनर डिप्लोमैसी से डॉ. यादव ने निवेशकों को मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं और निवेश-अनुकूल नीतियों से अवगत कराया। एमपी की पर्यटन क्षेत्र में जबरदस्त ब्रांडिंग के लिए और भरपूर निवेश को बढ़ावा देने के लिए एक राउंडटेबल बैठक का आयोजन भी किया गया जहाँ निवेशकों ने मध्यप्रदेश के पर्यटन की प्रशंसा की।

मध्यप्रदेश सरकार ने हाल के वर्षों में निवेश आकर्षित करने के लिए कई कदम उठाए हैं। डॉ. यादव ने बताया कि फरवरी 2025 में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 30 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए जो राज्य की आर्थिक प्रगति का एक मजबूत संकेत है। इसके अलावा रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन से भी निवेश के लिए एमपी की जबरदस्त ब्रांडिंग हुई। दुबई दौरे के दौरान भी निवेशकों ने मध्यप्रदेश में विशेष रूचि दिखाई और कई महत्वपूर्ण निवेश प्रस्ताव सामने आए। दुबई दौरे में शराफ डीजी ग्रुप ने लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए 30-50 मिलियन डॉलर का प्रस्ताव रखा जबकि कोनेरी ग्रुप ने 75 मिलियन डॉलर के स्टील प्लांट की योजना प्रस्तुत की। इसके अतिरिक्त इंदौर इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क के एक कार्यक्रम में 25 से अधिक कंपनियों के सीईओ की उपस्थिति में सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव दिया गया। ये निवेश न केवल आर्थिक विकास को गति देंगे, बल्कि हजारों युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे।

दुबई टेक्सटाइल सिटी के दौरे और टेक्समस एसोसिएशन के साथ इंटरएक्टिव सत्र में डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश के वस्त्र उद्योग की क्षमताओं को प्रस्तुत किया। विशेष रूप से धार में पीएम मित्रा पार्क और अन्य टेक्सटाइल क्लस्टरों को बढ़ावा देने की योजनाओं पर जोर दिया गया। इसके अलावा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में यूएई की विशेषज्ञता को मध्यप्रदेश की परियोजनाओं के साथ जोड़ने की संभावनाएं तलाशी गई। ग्रू एनर्जी और जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के साथ हुई चर्चाओं में सतत विकास और पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। डॉ.यादव ने दुबई टेक्सटाइल सिटी में टेक्समस एसोसिएशन परिसर का दौरा किया और वस्त्र उत्पादन तथा निर्यात गतिविधियों का भी अवलोकन किया। इस दौरान एक इंटरएक्टिव सत्र और नेटवर्किंग लंच में मध्यप्रदेश के टेक्सटाइल सेक्टर की क्षमताओं और पीएम मित्रा पार्क जैसी योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। इसके अतिरिक्त ग्रू एनर्जी जैसी अग्रणी ग्रीन एनर्जी कंपनी के साथ बैठक में सतत विकास और पर्यावरण-अनुकूल परियोजनाओं पर मध्यप्रदेश की प्राथमिकताओं को साझा किया गया। डॉ. यादव ने यूएई के विदेश व्यापार मामलों के मंत्री डॉ. थानी बिन अहमद अल ज़ियोदी के साथ भी एक महत्वपूर्ण बैठक की जिसमें भारत-यूएई व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा हुई। भारत-यूएई सीईपीए (कम्प्रिहेंसिव इकोनॉमि पार्टनरशिप एग्रीमेंट) के तहत मध्यप्रदेश को निवेश और व्यापार के लिए एक आकर्षक डेस्टिनेशन के रूप में प्रस्तुत किया गया। इस बैठक में भारत-यूएई व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते के तहत मध्यप्रदेश की भूमिका पर चर्चा हुई। डॉ. यादव ने सौर ऊर्जा, स्मार्ट ऑटोमेशन, एम्बेडेड इलेक्ट्रॉनिक्स और इंडस्ट्री 4.0 जैसे क्षेत्रों में यूएई की विशेषज्ञता को मध्यप्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया। इसके अतिरिक्त, एमिरेट्स एयरलाइंस और दुबई सिविल एविएशन अथॉरिटी के साथ हुई बैठकों में इंदौर और भोपाल से डायरेक्ट फ्लाइट्स और रीजनल कार्गो हब की स्थापना जैसे प्रस्तावों पर सहमति बनी। डॉ. मोहन यादव का दुबई दौरा केवल आर्थिक और औद्योगिक पहलुओं तक सीमित नहीं रहा। डॉ. यादव ने दुबई में प्रवासी भारतीय समुदाय और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के साथ भी संवाद किया जिसमें मध्यप्रदेश के पर्यटन की वैश्विक मंच पर ब्रांडिंग की गई। दुबई दौरे के दौरान उज्जैन, खजुराहो और सांची जैसे पर्यटन स्थलों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचारित करने की दिशा में सरकार ने कोई कोर- कसर नहीं छोड़ी। डॉ. यादव ने दुबई में रह रहे मध्यप्रदेश मूल के प्रवासी भारतीयों और फ्रेंड्स ऑफ एमपी के साथ संवाद किया। होटल अटलांटिस में आयोजित ब्रांड मध्यप्रदेश कार्यक्रम में राज्य की उपलब्धियों और विविधता को दर्शाने वाली लघु फिल्म और थीम प्रदर्शनी ने निवेशकों और प्रवासी भारतीयों का ध्यान आकर्षित किया।इस कार्यक्रम में उन्होंने राज्य की औद्योगिक नीतियों, बुनियादी ढांचे, और जन-कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। प्रवासी भारतीयों को मध्यप्रदेश के विकास से जोड़ने के लिए विशेष अवसरों और योजनाओं पर प्रकाश डाला गया।

दुबई दौरे के दौरान कई कंपनियों ने मध्यप्रदेश में निवेश के लिए ठोस प्रस्ताव दिए। शराफ डीजी ग्रुप ने लॉजिस्टिक्स पार्क के लिए $30-50 मिलियन का निवेश प्रस्ताव रखा।कोनेरी ग्रुप ने 75 मिलियन डॉलर के स्टील प्लांट की स्थापना का प्रस्ताव दिया। बीडीओ ईजी ने भोपाल में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर और इंदौर में डिजिटल सेंटर की स्थापना की घोषणा की जिससे हजारों नौकरियां सृजित होंगी। इंदौर इंटरनेशनल बिजनेस नेटवर्क के साथ सस्टेनेबल सिटी के लिए 1000 करोड़ के निवेश का प्रस्ताव दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दुबई दौरे ने मध्यप्रदेश में विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को मजबूत किया। प्रस्तावों के माध्यम से हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होने की संभावना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दुबई दौरा मध्यप्रदेश के लिए एक फायदे का सौदा साबित हुआ है। दुबई दौरे ने न केवल वैश्विक निवेशकों के साथ संबंधों को मजबूत किया है बल्कि प्रदेश की औद्योगिक, सांस्कृतिक और पर्यटन क्षमताओं को भी वैश्विक स्तर पर प्रदर्शित किया है। मध्यप्रदेश के पर्यटन स्थलों को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत करने से अब विदेशी पर्यटकों की संख्या में बड़ी वृद्धि की उम्मीद है। पीएम मित्रा पार्क, मेडिकल डिवाइस पार्क और फार्मा क्लस्टर जैसे परियोजनाओं के लिए निवेश से मध्यप्रदेश में औद्योगिक बुनियादी ढांचा मजबूत होगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का दुबई दौरा मध्यप्रदेश के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आया है। इस यात्रा ने न केवल निवेशकों का विश्वास जीता, बल्कि मध्यप्रदेश को एक वैश्विक निवेश गंतव्य स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में तेजी से अपने कदम बढ़ाए हैं।टेक्सटाइल उद्योग, पर्यटन, ग्रीन एनर्जी और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं के साथ मध्यप्रदेश अब भारत की आर्थिक प्रगति में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है जो देश के हृदयस्थल मध्यप्रदेश को ग्लोबल निवेश और विकास के नए युग में ले जाएगा।

# न्याय,जवाबदेही और मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

**विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस**

वैश्विक स्तरपर एक दो दशक से जिस तरह संगठित अपराधोंकी संख्या में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व स्थानीय समूह की गतिविधियों में वृद्धि हुई है इसे गंभीरता से रेखांकित करना समय की मांग है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि उनके संगठित अपराधों को अगर हम वर्तमान परिपेक्ष में देखें तो जांचएजेंसियों द्वारा आजकल अपराध की थ्योरी को अन्तर्राष्ट्रीय एंगल से जांच करने की थ्योरी भी अपनाई जाती है जिस तरह से वर्तमान में रूस- यूक्रेन इज़राइल हमास युद्ध,व अनेक देशों के स्थानीय लोकल स्तरोंपर मानवीय अधिकार हनन अपराध चर्चा में आ रहा है व विशेष रूप से युद्ध अपराध चर्चा में आया हैं, युद्ध अपराध के लिए विशिष्ट अन्तर्राष्ट्रीय मानक मौजूद हैं, सहित अनेक केसों की तारें विदेशों तक जुड़ी हुई है। एक आपराधिक संगठन को हम गिरोह,माफिया, भीड़, सिंडीकेट, अंडरवर्ल्ड या गैंग्लैंड भी कह सकतें है, जिसमें अनेक अपराध जैसे सफेदपोश अपराध, वित्तीय अपराध, राजनीतिक अपराध, युद्ध के अपराध सहित अनेक परिभाषित अपराधों को शामिल किया जा सकता है जो अंतरराष्ट्रीय कनेक्टेड होते हैं इसीलिए आज हम ऐसे अपराधों और न्याय पर चर्चा करेंगे जो अंतरराष्ट्रीय श्रेणी में आते हैं उनके पीड़ितों को न्याय दिलाने, दुनियाँ भर में हो रहे गंभीर अपराधों पर रोक लगाने विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों से सचेत रहने के प्रति जागरूक करने के संबंध में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के आधार पर अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025 के उपलक्ष में इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे। साथियों बात अगर हम आज की दुनिया में विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस 2025 की प्रासंगिकता की करें तो (1) राजनीतिक संघर्षों, युद्ध अपराधों और असंख्य मानवाधिकार उल्लंघनों के इस युग में, विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस की प्रासंगिकता आज भी बनी हुई है। (2)यह विश्वव्यापी स्तर पर एक पर्याप्त रूप से सुदृढ़ अंतर्राष्ट्रीय कानूनी व्यवस्था की आवश्यकता की ओर ध्यानआकर्षित करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के लिए ज़िम्मेदार, बिना जवाबदेही के न बच सकें।(3) यूक्रेन, गाजा और अफ्रीका के कुछ हिस्सों में उभर रहे संकटों को देखते हुए, अंतर्राष्ट्रीय न्याय एक महत्वपूर्ण तंत्र है जो आम नागरिकों की रक्षा करता है और आगे होने वाले अत्याचारों को प्रभावी रूप से रोक सकता है।(4) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) जैसी संस्थाओं और न्याय प्रशासन में राज्यों के बीच सहयोग के महत्व को भी उजागर करता है। (5) ऐसे युग में जहाँ बहुपक्षवाद और कानून के शासन को बढ़ती चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, यह स्मरणोत्सव शांति, जवाबदेही और पीड़ितों के अधिकारों के प्रति वैश्विक निष्ठा की याद दिलाता है। (6) इसलिए यह एक ऐसी न्यायपूर्ण दुनिया की दिशा में प्रेरणा देता है जहाँ न्याय सीमाओं और राजनीतिक हितों से परे जाकरसख़्ती से लागू हो। साथियों बात अगर हम विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस मनाने के उद्देश्यों की करें तो, (1) विश्व अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस का उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्याय के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उसे बढ़ावा देना तथा दुनिया में सबसे गंभीर अपराधों के लिए दंड से मुक्ति के विरुद्ध संघर्ष करना है (2) यह अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (ICC) जैसे कानूनी तंत्रों के माध्यम से नरसंहार, युद्ध अपराधों और मानवता के विरुद्ध अपराधों के कुख्यात अपराधियों को जवाबदेह बनाने की आवश्यकता पर बल देता है। (3) यह दिवस मानवाधिकारों की सुरक्षा, कानून के शासन को बनाए रखने और पीड़ितों को न्याय सुनिश्चित करने पर भी ध्यान केंद्रित करता है।(4) इसलिए यह अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को सहयोग और ठोस अंतर्राष्ट्रीय कानूनी ढाँचों के माध्यम से एक अधिक न्यायपूर्ण और निष्पक्ष विश्व के निर्माण हेतु मिलकर काम करने की याद दिलाता है।

साथियों बात अगर हमअंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय (आईसीसी) को समझने की करें तो- परिचय (1) यह विश्व का पहला स्थायी, स्वतंत्र और अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण है जो उन व्यक्तियों पर मुकदमा चलाता है जिन्होंने अत्यंत गंभीर अपराध किए हों। (2) इसमें चार प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अपराधों को सम्मिलित किया गया है-नरसंहार युद्ध संबंधी अपराध, मानवता के विरुद्ध अपराध तथाआक्रामकता से संबंधित अपराध। (3) इस न्यायालय का मुख्यालय हेग, नीदरलैंड्स में स्थित है और यह जुलाई 2002 से कार्य कर रहा है। (4) भारत ने अभी तक रोम संविधि पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं, अतः वह आईसीसी का सदस्य नहीं है। (5) भारत का मानना है कि आईसीसी की कुछ धाराएं उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, सैन्य कार्रवाई और आंतरिक सुरक्षा नीतियों के लिए बाधक हो सकती हैं। (6) भारत यह भी आशंका जताता हैकि आईसीसी पर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) के वीटोयुक्त देशों का अत्यधिक प्रभाव है, जिससे निष्पक्षता प्रभावित हो सकती है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के ढांचे की करें तो,संयुक्त राष्ट्र सेसंबंधित अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय द हेग में है। इस न्यायालय में 6 भाषाओं (अंग्रेजी, फ्रेंच, रसियन, स्पेनिश, अरेबिक, चाइनीज) में सुनवाई होती है, लेकिन काम अंग्रेजी और फ्रेंच में ही होता है। इसके सदस्य देशों की संख्या 123 है। 17 जुलाई 1998 को इसकी स्थापना हुई थी, इसने 1 जुलाई 2002 से कार्य करना प्रारंभ कर दिया। साथियों बात अगर हम न्यायालय की ज़रूरत की करें तो अपराध की दुनिया पर लगाम लगाने के लिए न्यायालय की जरूरत पड़ती है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व में न्याय दिलाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की स्थापना हुई थी।प्रतिवर्ष आज ही के दिन 17 जुलाई को अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस मनाया जाता है। इसे आमतौर पर अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्याय दिवस भी कहा जाता है। इसी दिन अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायालय की स्थापना हुई थी। इसे मनाने का मुख्य उद्देश्य विश्व को अंतर्राष्ट्रीय अपराधों के प्रति जागरूक करना है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय के क्रियाकल्प की करें तो, अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय एक स्थाई और स्वतंत्र अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक ऑर्गेनाइजेशन है, जो अंतरराष्ट्रीय मानवीय और मानव अधिकारों के सबसे गंभीर उल्लंघन के आरोपियों को दंडित करने में सक्षम है। जिसमें नरसंहार का अपराध, अपराधों का युद्ध और मानवता के खिलाफ अपराध शामिल है। अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय स्थापना तब हुई जब, राज्यों ने रोम में एक कानून को अपनाया इस की प्रतिमा को अंतरराष्ट्रीय अपराधिक न्यायालय के संविधि के रूप में जाना जाता है। आईसीसी राष्ट्रीय अदालतों की जगह नहीं लेता है। लेकिन यह तब उपलब्ध होता है जब कोई देश जांच करने में सक्षम नहीं होता और अपराधियों पर यह मुकदमा चला सकता है। साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय न्यायालय को अंतिम उपाय मानने की करें तो, अंतिम उपाय की अदालत के रूप में सेवा करने के इरादे से,आईसीसी मौजूदा राष्ट्रीय न्यायिकप्रणालियों का पूरक है और अपने अधिकार क्षेत्र का प्रयोग तभी कर सकता है जब राष्ट्रीय अदालतें अनिच्छुक हों या अपराधियों पर मुकदमा चलाने में असमर्थ हों। इसमें सार्वभौमिक क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र का अभाव है और यह केवल सदस्य राज्यों के भीतर किए गए अपराधों, सदस्य राज्यों के नागरिकों द्वारा किए गएअपराधों, या संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा न्यायालय को संदर्भित स्थितियों में अपराधों की जांच और मुकदमा चला सकता है । अतः अगर हम उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि विश्व अंतरराष्ट्रीय न्याय दिवस 17 जुलाई 2025:- न्याय जवाबदेही और मानव अधिकारों के प्रति वैश्विक प्रतिबद्धता का प्रतीक हैदुनियाँ की सरकारें प्रण करें:- अन्याय के नए रूपों को विफ़ल करेंगे, न्यायिक संस्थाओं को मज़बूत करेंगे वपीड़ितों को सशक्त बनाएंगे। अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय को अपराधियों के प्रत्यर्पण, आतंकवाद पनाहगार देशों का संज्ञान, अंतर्राष्ट्रीय संदिग्ध अपराधियों को गिरफ्तार करने की शक्तियां देना समय की मांग हैं।

# अहमदाबाद प्लेन हादसा की प्रारंभिक रिपोर्ट

**संजय गोस्वामी**

एयर इंडिया की उड़ान संख्या 171 के दुर्घटनाग्रस्त होने के कारणों की प्रारंभिक रिपोर्ट से कुछ जवाब तो मिले हैं, लेकिन इसके कारण को लेकर अटकलों का दौर भी शुरू हो गया है।बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान पश्चिमी भारत के अहमदाबाद शहर से लंदन जाते समय उड़ान भरने के एक मिनट से भी कम समय बाद एक इमारत से टकरा गया, जिससे उसमें सवार 241 लोगों और ज़मीन पर मौजूद 19 लोगों की मौत हो गई। एक यात्री बच गया।हालांकि, विमानन उद्योग के विशेषज्ञों का दावा है कि जाँचकर्ता बहुत ही चयनात्मक तरीके से बयान दे रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय प्रोटोकॉल के तहत, किसी हवाई दुर्घटना की जाँच करने वाले राज्य को 30 दिनों के भीतर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी करनी होती है। भारत के वायु दुर्घटना जाँच ब्यूरो (AAIB) द्वारा शनिवार को प्रकाशित 15-पृष्ठ का दस्तावेज़ इस आवश्यकता को पूरा करता है।हालाँकि एएआईबी जाँच का नेतृत्व कर रहा है, लेकिन इसमें अमेरिकी हितों का भी प्रतिनिधित्व है, क्योंकि विमान निर्माता बोइंग और इंजन निर्माता जीई एयरोस्पेस अमेरिकी हैं।यह याद रखना ज़रूरी है कि प्रारंभिक रिपोर्ट का उद्देश्य पूरी घटना की कोई ठोस निष्कर्ष निकालना नहीं होता। ये रिपोर्ट एक लंबी जाँच के शुरुआती चरणों में प्राप्त जानकारी का सारांश हैं।दुर्घटनाग्रस्त उड़ान के अपने विवरण में, एएआईबी ने कहा है कि उड़ान भरने के कुछ ही सेकंड बाद दो ईंधन कट-ऑफ स्विच रन से कट-ऑफ स्थिति में आ गए थे।इससे इंजनों का ईंधन खत्म हो गया और उनका थ्रस्ट कम हो गया। हालाँकि फ्लाइट रिकॉर्डर के डेटा से पता चलता है कि इंजन बाद में फिर से चालू हो गए थे, लेकिन दुर्घटना को रोकने के लिए बहुत देर हो चुकी थी।इन स्विचों का इस्तेमाल आमतौर पर उड़ान से पहले इंजन चालू करने और बाद में बंद करने के लिए ही किया जाता है। इनमें एक लॉकिंग मैकेनिज्म होता है, जिसका मतलब है कि इन्हें पलटने से पहले बाहर निकालना होगा, यह एक ऐसी प्रणाली है जिसे आकस्मिक तैनाती को रोकने के लिए डिज़ाइन किया गया है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा, तुमने कट-ऑफ क्यों किया?, जबकि उसके सहयोगी ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया।हालाँकि, यह बातचीत का कोई सीधा प्रतिलेख उपलब्ध नहीं कराता, जिसे कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर रिकॉर्ड कर लेता। न ही यह बताता है कि किस पायलट ने सवाल पूछा था।जाँच अधिकारी अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट सार्वजनिक करने के लिए भी बाध्य नहीं है।विमानन क्षेत्र में मानवीय हताहतों और वित्तीय नुकसान को कम करने के लिए इन दुर्घटनाओं के कारणों और विवरणों का विश्लेषण आवश्यक है। ज़मीन पर, जैसे एप्रन पर, और हवा में, उपचारात्मक उपायों को लागू करने पर विशेष ज़ोर दिया जाना चाहिए। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (DGCA) सुरक्षा निरीक्षण के लिए ज़िम्मेदार नियामक प्राधिकरण के रूप में कार्य करता है। रोज़ाना बढ़ती हवाई दुर्घटनाओं को देखते हुए, स्थापित दिशानिर्देशों के अनुसार प्रबंधन योजना और ज़मीनी संचालन का एक व्यापक अध्ययन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। 2015 से, इन दुर्घटनाओं के मूल कारणों की जाँच के लिए एक व्यवस्थित साहित्य समीक्षा जारी है। भारत में हवाई परिवहन ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है, साथ ही दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में भी वृद्धि हुई है। डीजीसीए के अनुसार, दुर्घटना से तात्पर्य विमान परिचालन से संबंधित किसी भी घटना से है, दुर्घटनाओं को छोड़कर, जो सुरक्षा को प्रभावित करती है या संभावित रूप से प्रभावित कर सकती है। हाँ यह देखा गया है कि दुर्घटनाओं के प्रमुख कारण उड़ान संचालन, उतरना, टेक-ऑफ, ईंधन प्रबंधन, यांत्रिक समस्या मौसम हैं जो संचालन की सुरक्षा को प्रभावित करती है या प्रभावित कर सकती है। हवाई अड्डे का एप्रन, रैंप या टैक्सीवे, हवाई अड्डे का वह क्षेत्र होता है जहाँ विमान पार्क, उतरते, ईंधन भरते, सामान लादते या रखरखाव करते हैं। एप्रन नियमों के अधीन होता है और आमतौर पर रनवे या टैक्सीवे की तुलना में उपयोगकर्ताओं के लिए अधिक सुलभ होता है।

# सावन में करें भोलेनाथ की अराधना





महादेव को प्रिय श्रावण मास चल है, जिसे लेकर शिव भक्तों में विशेष उत्साह है। इस मास में भोलेनाथ की पूजा का विशेष महत्व है। यह महीना भगवान शिव की पूजा, आराधना के लिए विशेष माना गया है। श्रावण मास में भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा करने से जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है। इस मास में शिवलिंग पर जल चढ़ाना, बिल्व पत्र अर्पित करना और रुद्राभिषेक करना विशेष रूप से लाभकारी माना जाता है।

सावन सोमवार का व्रत हिंदू धर्म में बहुत महत्वपूर्ण माना जाता है, खासकर भगवान शिव के भक्तों के लिए। यह महीना भगवान शिव को समर्पित होता है और सोमवार का दिन उन्हें अत्यंत प्रिय है।

मान्यता है कि सावन के सोमवार का व्रत रखने से भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। अविवाहित लड़कियों को मनपसंद वर की प्राप्ति होती है और विवाहित महिलाओं को सुखद वैवाहिक जीवन और संतान सुख का आशीर्वाद मिलता है।

सोमवार के दिन भगवान शिव को गंगाजल, दूध, घी, शक्कर के साथ अबीर, इत्र, अक्षत (चावल के साबूत दाने) समेत अन्य पूजन सामग्री अर्पित करनी चाहिए। इसके साथ ही चीनी और दूध समेत सफेद चीजों का दान करना चाहिए। घर में या मंदिर में रुद्राभिषेक करने का भी विशेष प्रावधान है।

भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान कर फिर मंदिर या पूजा स्थल को साफ करें। एक चौकी पर सफेद कपड़ा बिछाकर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा को स्थापित करें, गंगाजल और दूध से अभिषेक करें, और बिल्वपत्र, चंदन, अक्षत, फल और फूल चढ़ाएं। लेकिन एकादशी के दिन भगवान शिव को अक्षत नहीं चढ़ाना चाहिए।

भोलेनाथ की पूजा के साथ ही माता पार्वती की भी पूजा करनी चाहिए। माता को सोलह श्रृंगार की वस्तुएं चढ़ाएं। इसके साथ ही भगवान शिव का ध्यान करें और व्रत का संकल्प लें और दीपक जलाकर भगवान शिव की आरती करें। इसके बाद ओम नमः शिवाय मंत्र का जाप करना चाहिए। व्रत के बाद, गरीबों, ब्राम्हणों के साथ ही जरूरतमंदों को दान करना चाहिए।

# राशिफल

शुभ संवत 2082, शाके 1947, सौम्य गोष्ठ, श्रावण कृष्ण पक्ष, वर्षा ऋतु, गुरु उदय पूर्वे शुक्रोदय पूर्वे तिथी, सप्तमी, गुरुवासरे, रेवती नक्षत्रे, आद्र योगे, विव करणे, मीन की चंद्रमा, भद्रा 3/32 सौरश्रवण मास प्रारंभ पंचक समाप्त पूर्व भाद्र, तथापि उत्तर दिशा की यात्रा शुभ उत्तम तथा फलदायी होगी|

## आज जन्म लिए बालक का फल.......

आज जन्म लिया बालक योग्य, बुद्धिमान, चपल, चतुर, चंचल, स्वाभिमानी, जिद्दी हठी, दार्शनिक, उत्तम वृत्ति वाला, भोगी, योगी, कुशल वक्ता, शासक प्रशासक, सैनिक, सिपाही, बिग्रेडियर, कर्नल, सेवानायक, दस्तानायक, हवलदार, सूबेदार तथा कार्यवाहक होगा।

मेष राशि :- दूसरों के झंझट में फंसने से बचे अथवा विशेष हानि का योग बन रहा है, ध्यान दे।

वृष राशि :- कार्य सिद्ध के योग बने, परिश्रम करने पर भी नए कार्य की सफलता प्राप्त होगी।

मिथुन राशि :- तत्परता से कार्य निपटाना ही उत्तम है, चोट आदि का भय, धन हानि होगी।

कर्क राशि :- स्वभाव में उद्विघ्नता से बचिए, अर्थव्यवस्था अनुकूल रहेगी, समय का ध्यान रखे।

सिंह राशि :- योजना फलीभूत हो, कुटुम्ब से शुभ समाचार प्राप्त होंगे, रुके कार्य अवश्य बनेंगे।

कन्या राशि :- स्त्री वर्ग से हर्ष उल्लास, योजनाएं फलीभूत होगी, सोचे हुए कार्य बन जाएंगे।

तुला राशि :- कुछ कार्यों में स्थाई सामर्थ्य वृद्धि, प्रयत्नशीलता सफल होगी, ध्यान रखे।

वृश्चिक राशि :- कुटुम्ब से परेशानी, स्वभाव में खिन्नता, मानसिक बेचैनी बने, कष्ट होगा।

धनु राशि :- तनाव क्लेश, स्त्री शरीर कष्ट, मानसिक बेचैनी, स्वभाव स्थिर रहेगा।

मकर राशि :- इष्ट मित्र कष्ट प्रद हो, आशानुकूल सफलता का हर्ष तथा विशेष लाभ होगा।

कुंभ राशि :- समय की अनुकूलता से लाभान्वित होगे तथा स्वभाव में खिन्नता बनेगी।

मीन राशि :- व्यर्थ भ्रमण व भय से बचे तथा दैनिक कार्य बाधा अवश्य ही आएगी।

# विजेता बनना है तो धारण करें वैजयंती माला



धर्म में सफल होने के लिए पूजा पाठ और हवन के साथ ही कई अन्य उपाय भी है। धर्म शास्त्रों के अनुसार वैजयंती माला- एक ऐसी माला जो सभी कार्यों में विजय दिला सकती है। इसका प्रयोग भगवान श्री कृष्ण माता दुर्गा, काली और दूसरे कई देवता करते थे। रत्न के जानकार मानते हैं कि अगर इस माला को सही विधि-विधान के साथ प्राण प्रतिष्ठित करके धारण किया जाए तो इसके परिणाम आपको तत्काल मिल सकते हैं। कोई भी ऐसा कार्य नहीं है जो जिसमें रुकावट आएगी। वैजयंती माला को धारण करने वाला इंद्र के समान सारे वस्त्रों को जीतने वाला बन जाता है और श्री कृष्ण के समान सभी को मोहित करने वाला बन जाता है और महर्षि नारद के समान विद्वान बन जाता है। इस सिद्ध माला को धारण करने वाला हर जगह विजय प्राप्त करता है। उसके सर्व कार्य अपने आप बनते चले जाते हैं । यदि किसी काम में लंबे समय से बाधा आ रही है तो वह काम आसानी से बन जाता है। यह माला शत्रुओं का नाश भी करती है। वैजयंती माला को सिद्ध करने के लिए इसी विशेषज्ञ की सलाह लेनी चाहिए। पूरा फल पाने के लिए जरूरी है कि माला सही विधि-विधान से प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही पहनी चाहिए।

# शनिदेव के हैं नौ वाहन



सूर्यपुत्र शनिदेव न्याय के देवता हैं हालांकि लोग उनके कोप से भयभीत रहते हैं पर वह हमेशा ही कार्यों के अनुरुप परिणाम देते हैं। उनके कई वाहन हैं। शनि के वाहनों की बात करते हुए सामान्यन रूप से कौवे के बारे में ध्याभन आता है, लेकिन उनके कौवे सहित कुल 9 वाहन है। जिनमें से कई को ज्योतिषीय और धार्मिक महत्व के अनुसार बेहद शुभ माना गया हैं। इसके बावजूद जरूरी नहीं है कि वे सभी आपके लिए भी शुभ ही हों। इसलिए ये जानना अत्यंनत आवश्यरक है कि कौन शुभ है और कौन अशुभ। शास्त्रों की माने तो शनि जिस वाहन में सवार होकर किसी व्याक्तिप की कुंडली में प्रवेश करते हैं उसकी राशि की गणना करके तय होता है कि उनका आगमन व्यरक्ति के लिए अच्छौ है या बुरा। इस गणना की विधि सुनने में कठिन लगती है पर है गणित के सूत्रों की तरह एक दम तय है। इसके लिए जन्म नक्षत्र की संख्या और शनि के राशि बदलने की तिथि के नक्षत्र की संख्या जोड कर उसके योगफल को नौ से भाग करना होता है। इस गणना से मिली संख्या के आधार पर ही शनि का वाहन निर्धारित होता है। एक दूसरी विधि भी है, इसमें शनि के राशि प्रवेश करने की तिथि की संख्या, ऩक्षत्र संख्या, वार संख्या और नाम के प्रथम अक्षर संख्या सभी को जोडकर योगफल को 9 से भाग देदें, जो शेष संख्या आयेगी वो शनि के वाहन की जानकारी देगी। दोनो विधियों मे यदि शेष 0 बचे तो मानना चाहिए कि आपकी अपेक्षित संख्यान 9 है।

सूर्य देव का परिवार

रविवार को सूर्यदेव का दिन माना जाता है। यश और सम्मान हासिल करने के लिए सभी लोग उनकी पूजा करते हैं। पर क्या आप सूर्यदेव के परिवार को जानते हैं। सूर्य देव का परिवार काफी बड़ा है। उनकी संज्ञा और छाया नाम की दो पत्नियोयां और दस संताने हैं। जिसमे से यमराज और शनिदेव जैसे पुत्र और यमुना जैसी बेटियां शामिल हैं। मनु स्मृजति के रचयिता वैवस्वत मनु भी सूर्यपुत्र ही हैं। सूर्य देव की दो पत्निमयां संज्ञा और छाया हैं। संज्ञा सूर्य का तेज ना सह पाने के कारण अपनी छाया को उनकी पत्नीम के रूप में स्थाहपित करके तप करने चली गई थीं। लंबे समय तक छाया को ही अपनी प्रथम पत्नीर समझ कर सूर्य उनके साथ रहते रहे। ये राज बहुत बात में खुला की वे संज्ञा नहीं छाया है। संज्ञा से सूर्य को जुड़वां अश्विनी कुमारों के रूप में दो बेटों सहित छह संताने हुईं जबकि छाया से उनकी चार संताने थीं।

देव शिल्पीं विश्वेकर्मा सूर्य पत्नीव संज्ञा के पिता थे और इस नाते उनके ससुर हुए। उन्होंने ही संज्ञा के तप करने जाने की जानकारी सूर्य देव को दी थी।

धर्मराज या यमराज सूर्य के सबसे बड़े पुत्र और संज्ञा की प्रथम संतान हैं।

यमी यानि यमुना नदी सूर्य की दूसरी संतान और ज्येसष्ठा पुत्री हैं जो अपनी माता संज्ञा को सूर्यदेव से मिले आर्शिवाद के चलते पृथ्वीज पर नदी के रूप में प्रसिद्ध हुईं।

सूर्य और संज्ञा की तीसरी संतान हैं वैवस्वत मनु वर्तमान (सातवें) मन्वन्तर के अधिपति हैं। यानि जो प्रलय के बाद संसार के पुर्निमाण करने वाले प्रथम पुरुष बने और जिन्हों।ने मनु स्मृपति की रचना की।

सूर्य और छाया की प्रथम संतान है शनिदेव जिन्हें् कर्मफल दाता और न्याषयधिकारी भी कहा जाता है। अपने जन्मन से शनि अपने पिता से शत्रु भाव रखते थे। भगवान शंकर के वरदान से वे नवग्रहों में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर नियुक्तव हुए और मानव तो क्या देवता भी उनके नाम से भयभीत रहते हैं।

छाया और सूर्य की कन्या तप्तिह का विवाह अत्यन्त धर्मात्मा सोमवंशी राजा संवरण के साथ हुआ। कुरुवंश के स्थापक राजर्षि कुरु का इन दोनों की ही संतान थे, जिनसे कौरवों की उत्पत्ति हुई।

सूर्य और छाया पुत्री विष्टि भद्रा नाम से नक्षत्र लोक में प्रविष्ट हुई। भद्रा काले वर्ण, लंबे केश, बड़े-बड़े दांत तथा भयंकर रूप वाली कन्या है। शनि की तरह ही इसका स्वभाव भी कड़क बताया गया है। उनके स्वभाव को नियंत्रित करने के लिए ही भगवान ब्रह्मा ने उन्हें कालगणना या पंचांग के एक प्रमुख अंग विष्टि करण में स्थान दिया है।

सूर्य और छाया की चौथी संतान हैं सावर्णि मनु। वैवस्वत मनु की ही तरह वे इस मन्वन्तर के पश्चांत अगले यानि आठवें मन्वन्तर के अधिपति होंगे।

संज्ञा के बारे में जानकारी मिलने के बाद अपना तेज कम करके सूर्य घोड़ा बनकर उनके पास गए। संज्ञा उस समय अश्विनी यानि घोड़ी के रूप में थी। दोनों के संयोग से जुड़वां अश्विनीकुमारों की उत्पत्ति हुई जो देवताओं के वैद्य हैं। कहते हैं कि दधीचि से मधु-विद्या सीखने के लिये उनके धड़ पर घोड़े का सिर रख दिया गया था, और तब उनसे मधुविद्या सीखी थी। अत्यं्त रूपवान माने जाने वाले अश्विनीकुमार नासत्य और दस्त्र के नाम से भी प्रसिद्ध हुए।

सूर्य की सबसे छोटी और संज्ञा की छठी संतान हैं रेवंत जो उनके पुनर्मिलन के बाद जन्मीा थी। रेवंत निरन्तर भगवान सूर्य की सेवा में रहते हैं।

# पूजा में कपूर होता है अहम



सनातन धर्म में पूजा में कपूर बहुत जरुरी होता है। पूजा के बाद आरती में कपूर का उपयोग किया जाता है। कपूर के बिना आरती अधूरी मानी जाती है। कपूर जलाने से नकारात्मकता सकारात्मक ऊर्जा में बदल जाती है। कपूर का उपयोग बीमारियों के इलाज में भी किया जाता है। इसलिए धर्मग्रंथों के साथ आयुर्वेद में भी कपूर के बारे में खासतौर से बताया गया है। ज्योतिषीय और वास्तु उपायों में भी कपूर का उपयोग महत्वपूर्ण रूप से किया जाता है। भारतीय पूजा पद्धति वैज्ञानिक नजरिये से भी महत्वपूर्ण है। कपूर के बारे में वैज्ञानिक शोधों के आधार पर भी कहा जाता है कि इसकी सुगंध से जीवाणु, विषाणु आदि बीमारी फैलाने वाले जीव खत्म हो जाते हैं। यह वातावरण को शुद्ध करता है जिससे बीमारी होने खतरा कम हो जाता है। घर में कपूर जलाने से हानिकारक बैक्टीरिया खत्म होते हैं। बाहर हो जाती है दूषित वायु



पूजा या हवन करते समय जब हम कपूर जलाते हैं, तो उससे निकलने वाला धुआं आसपास की नकारात्मक ऊर्जा को समाप्त करता है। कपूर जलाने से आसपास की हवा साफ होने लगती है। खराब हवा घर से बाहर हो जाती है और वातावरण शुद्ध हो जाता है। सुबह-शाम कपूर जलाने से बाहरी नकारात्मक ऊर्जा घर में नहीं आ पाती है। कपूर जलाने से हवा में ऑक्सीजन की मात्रा भी बढ़ सकती है। प्रदूषित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बीमारियों से बचने के लिए कपूर जलाना चाहिए। वास्तु दोष दूर करने में भी कपूर का अच्छा असर होता है। घर के जिस कमरे में शुद्ध वायु आने-जाने के लिए खिड़की, रोशनदान आदि न हों वहां कांच के बर्तन में कपूर रखने से शुद्ध वायु का संचार होता है।

## तुलसी पूजन और गो सेवा से रहेंगे रोग दूर



धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, बहुत सारे ऐसे उपाय बताए गए हैं, जिन्हें अपनाकर व्यक्ति सरल एवं सुलभ जीवन व्यतित कर सकता है। उन्हीं में से तुलसी पूजन और गो सेवा दो ऐसे शुभ कर्म हैं, जिस घर में प्रतिदिन होते हैं, वहां का द्वार रोग कभी नहीं खटखटाते और मिलते हैं ढेरों लाभ। 'स्कंद पुराण' के अनुसार जिस घर में तुलसी का बगीचा होता है (एवं प्रतिदिन पूजन होता है), उसमें यमदूत प्रवेश नहीं करते।' 'पद्म पुराण' में आता है कि 'कलियुग में तुलसी का पूजन, कीर्तन, ध्यान, रोपण और धारण करने से वह पाप को जलाती है और स्वर्ग एवं मोक्ष प्रदान करती है।' 'पद्म पुराण' के उत्तर खंड में आता है कि कैसा भी पापी, अपराधी व्यक्ति हो, तुलसी की सूखी लकडि़यां उसके शव के ऊपर, पेट पर, मुंह पर थोड़ी-सी बिछा दें और तुलसी की लकड़ी से अग्नि शुरू करें तो उसकी दुर्गति से रक्षा होती है। यमदूत उसे नहीं ले जा सकते। 'गरुड़ पुराण' (धर्म कांड-प्रेत कल्प : 38.99) में आता है कि 'तुलसी का पौधा लगाने, पालन करने, सींचने तथा ध्यान, स्पर्श और गुणगान करने से मनुष्यों के पूर्व जन्मार्जित पाप जल कर विनष्ट हो जाते हैं।' 'मृत्यु के समय जो तुलसी-पत्ते सहित जल का पान करता है वह सपूर्ण पापों से मुक्त होकर विष्णु लोक में जाता है।' (ब्रह्मवैवर्त पुराण, प्रकृति खंड : 21.43) 'जो दारिद्रय मिटाना व सुख-सपदा पाना चाहता है उसे शुद्ध भाव व भक्ति से तुलसी के पौधे की 108 परिक्रमा करनी चाहिए।' ईशान कोण में तुलसी का पौधा लगाने से बरकत होती है।

## वैश्विक वस्तु व्यापार जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में 5.3 फीसदी बढ़ाः डब्ल्यूटीओ

नई दिल्ली (ईएमएस)। विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) ने एक बयान जारी कर कहा कि वर्ष 2025 की पहली तिमाही में वैश्विक वस्तु व्यापार में सालाना आधार पर 5.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। अक्टूबर-दिसंबर 2024 की तिमाही के मुकाबले जनवरी-मार्च 2025 में व्यापार में 3.6 प्रतिशत की तेजी देखी गई। डब्ल्यूटीओ के अनुसार इस वृद्धि के पीछे अमेरिका द्वारा सीमा शुल्क बढ़ाने की आशंका के कारण आयात गतिविधियों में तेजी आई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि वैश्विक वस्तु व्यापार में यह बढ़ोतरी डब्ल्यूटीओ के पूर्वानुमानों से अधिक मजबूत रही। हालांकि, डब्ल्यूटीओ के अर्थशास्त्री भविष्यवाणी कर रहे हैं कि पूरे साल 2025 में वस्तु व्यापार की वृद्धि की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इसकी वजह पूरी तरह भरे हुए भंडार और उच्च सीमा शुल्क के कारण आयात मांग पर पड़ने वाला दबाव बताया गया है। क्षेत्रीय स्तर पर देखा जाए तो तिमाही आधार पर उत्तरी अमेरिका में आयात में सबसे ज्यादा, 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। इसके बाद अफ्रीका में 5.1 प्रतिशत, दक्षिण और मध्य अमेरिका तथा कैरिबियाई देशों में 3.6 प्रतिशत, पश्चिम एशिया में 3 प्रतिशत, यूरोप में 1.3 प्रतिशत और एशिया में 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस आंकड़े से स्पष्ट होता है कि वैश्विक व्यापार पर अमेरिका की नीतियों का गहरा प्रभाव पड़ रहा है। सीमा शुल्क में संभावित बढ़ोतरी ने कई देशों में व्यापार गतिविधियों को प्रभावित किया है, जिससे आयात में असामान्य वृद्धि हुई है। डब्ल्यूटीओ का मानना है कि आने वाले महीनों में व्यापार की वृद्धि की गति स्थिर हो सकती है, क्योंकि व्यापारी और देश अपनी भंडारण नीतियों और शुल्क के प्रभाव को समायोजित करेंगे।

## कोटक महिंद्रा बैंक की डिजिटल सेवाएं 17 से 21 जुलाई तक बंद!

मुंबई (ईएमएस)। अगर आपका खाता कोटक महिंद्रा बैंक में है, तो यह खबर आपके लिए जरूरी है। बैंक ने मेंटिनेंस कार्य के चलते अपनी कुछ डिजिटल सेवाओं अस्थायी रूप से बंद रखने की घोषणा की है। 17 और 18 जुलाई की रात 12 बजे से सुबह 2 बजे तक मोबाइल और नेट बैंकिंग से एनईएफटी ट्रांजैक्शन नहीं किए जा सकेंगे। 20 और 21 जुलाई की रात 12 बजे से सुबह 2 बजे तक नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग और यूपीआई सेवाएं बंद रहेंगी। वहीं इन ही तारीखों को रात 12 से सुबह 3 बजे तक पेमेंट गेटवे सेवा भी काम नहीं करेगी। बैंक ने ग्राहकों को सलाह दी है कि जरूरी ट्रांजैक्शन पहले ही पूरी कर लें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा से बचा जा सके। इस दौरान सावधानी बरतें और समय से पहले बैंकिंग कार्य निपटा लें।

## क्रिसकैपिटल खरीदेगी थियोब्रोमा में बहुलांश हिस्सेदारी

### भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से मांगी मंजूरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। मुंबई स्थित लोकप्रिय बेकरी श्रृंखला थियोब्रोमा में बहुलांश हिस्सेदारी खरीदने के लिए तीन निजी इक्विटी कंपनियों ने भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) से मंजूरी मांगी है। इनमें इन्फिनिटी पार्टनर्स और एटराइडस इन्वेस्टमेंट्स बीवी (दोनों क्रिसकैपिटल से संबद्ध) और एक्वा इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड शामिल हैं। यह प्रस्ताव ऐसे समय पर सामने आया है जब घरेलू निजी इक्विटी फर्म क्रिसकैपिटल, थियोब्रोमा फूड्स प्राइवेट लिमिटेड में लगभग 90 फीसदी हिस्सेदारी के अधिग्रहण की योजना बना रही है। इस डील का अनुमानित मूल्य करीब 2,410 करोड़ रुपए बताया जा रहा है। क्रिसकैपिटल ने यह हिस्सेदारी थियोब्रोमा के संस्थापकों और मौजूदा निवेशक आईसीआईसीआई वेंचर से हासिल करने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। डील के बाद संस्थापक कंपनी में लगभग 10 फीसदी हिस्सेदारी बरकरार रखेंगे। सीसीआई को दी गई जानकारी के अनुसार प्रस्तावित लेनदेन में ये तीनों कंपनियां सामूहिक रूप से थियोब्रोमा की कुछ इक्विटी शेयरधारिता का अधिग्रहण करेंगी। थियोब्रोमा की शुरुआत 2004 में दो बहनों ने की थी। वर्तमान में यह कंपनी भारत के 30 से अधिक शहरों में अपने बिक्री केंद्रों और ऑनलाइन माध्यमों से बेकरी, कन्फेक्शनरी और खाद्य पेय पदार्थों की बिक्री करती है।

## आरबीआई के नकदी उपायों से 2025 में सस्ते होंगे ऋणः फिच



नई दिल्ली (ईएमएस)। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा बैंकिंग प्रणाली में पर्याप्त नकदी डालने और नकद-आरक्षित अनुपात (सीआरआर) में कटौती जैसे कदमों से 2025 में ब्याज दरों में संभावित एक फीसदी कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंच पाएगा। फिच ने बताया कि आरबीआई ने सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद के जरिए 2025 में अब तक करीब 5.6 लाख करोड़ रुपये की टिकाऊ नकदी प्रणाली में डाली है, जिससे मार्च के बाद से बैंकिंग प्रणाली में अधिशेष नकदी देखने को मिल रही है। इसके अलावा, आरबीआई ने सीआरआर में एक फीसदी की कटौती का निर्णय लिया है, जिससे चरणबद्ध तरीके से लगभग 2.7 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त नकदी बाजार में आएगी। सीआरआर में यह कटौती 2025 की दूसरी द्विमासिक मौद्रिक समीक्षा के तहत घोषित की गई है। यह कटौती 29 नवंबर 2025 तक चार किस्तों में पूरी होगी, जिसके बाद बैंकों को कुल सीआरआर तीन फीसदी रखना होगा। यानी बैंकों को आरबीआई के पास कम नकदी जमा करनी होगी और वे ज्यादा राशि उधार देने में सक्षम होंगे। फिच ने कहा कि आरबीआई के ये कदम उसके अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट से बदले रुख को दर्शाते हैं, जिसमें अब ऋण वृद्धि को बढ़ावा देने पर जोर है, वह भी बिना वित्तपोषण लागत में अत्यधिक बढ़ोतरी किए। इन उपायों से आर्थिक गतिविधियों को गति मिलने की संभावना है और ऋण सस्ता होने से उपभोक्ता तथा उद्योग जगत दोनों को राहत मिल सकती है।

# शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद




मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय शेयर बाजार बुधवार को हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन वैश्विक बाजारों से मिलेजुले संकेतों से बाजार में कुछ विशेष हलचल नहीं रही। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 63.57 अंकों की हल्की बढ़त के साथ 82,634.48 अंकों पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी भी 16.25 अंकों की मामूली बढ़त के साथ ही 25,212.05 अंकों पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 14 कंपनियों के शेयर ही तेजी के साथ बंद हुए और बाकी की सभी 16 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। इसी तरह निफ्टी की 20 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ जबकि 30 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। एक कंपनी का शेयर आज बिना किसी बदलाव के बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर सबसे ज्यादा 2.25 फीसदी। वहीं एटरनल (जोमेटो) के शेयर आज सबसे ज्यादा 1.69 फीसदी टूटे।

सेंसेक्स की बाकी कंपनियों में आज टेक महिंद्रा के शेयर 1.94 फीसदी, एसबीआई 1.81, इंफोसिस 1.57, अडाणी पोर्ट्स 0.73, आईटीसी 0.54, एशियन पेंट्स 0.38, एलएंडटी 0.31, मारुति सुजुकी 0.20, एक्सिस बैंक 0.14, टाइटन 0.06, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.06, एनटीपीसी 0.06 की बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर सनफार्मा के शेयर 1.49, टाटा स्टील 1.10, टाटा मोटर्स 0.87, बजाज फाइनेंस 0.71, बीईएल 0.67, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.38, कोटक महिंद्रा बैंक 0.63, टीसीएस 0.63, पावरग्रिड 0.50, अल्ट्राटेक सीमेंट 0.46, आईसीआईसीआई बैंक 0.45 फीसदी नीचे आकर बंद हुए।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत सपाट स्तर पर हुई। सेंसेक्स 139 अंक की गिरावट के साथ 82,431 और निफ्टी 58 अंक की कमजोरी के साथ 25,137 पर कारोबार कर रहा था।

शुरुआती कारोबार में मिडकैप और स्मॉलकैप में सपाट कारोबार हो रहा था। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 6 अंक की मामूली गिरावट के साथ 59,605 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 14 अंक की कमजोरी के साथ 19,120 पर था। सेंसेक्स गत दिवस भी बढ़त पर बंद हुआ था। वहीं अंतर्राष्ट्रीय बाजारों का रुख मिला-जुला रहा।

टोक्यो, हांगकांग, जकार्ता और बैंकॉक हरे निशान में थे। शंघाई और सियोल लाल निशान में थे। अमेरिका में प्रमुख सूचकांक डाउ जोंस सोमवार को 0.98 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुआ था।

## ओपनएआई के चैटजीपीटी में ग्लोबल आउटेज यूजर को ऐक्सेस करने में आ रही दिक्कत




न्यूयार्क (ईएमएस)। ओपनएआई के चैटजीपीटी को बुधवार की सुबह के बड़े ग्लोबल आउटेज का सामना करना पड़ रहा है। आउटेज के चलते हजारों यूजर को चैटजीपीटी को ऐक्सेस करने में परेशान हो रहे है। साथ ही इस आउटेज का असर ओपनएआई के दूसरे टूल्स पर भी हुआ है। रिपोर्ट के अनुसार इस आउटेज की शुरुआत सुबह 6 बजे के आसपास हुई और सुबह 7.10 पर भी पीक पर था।

कई यूजर्स के ऑनलाइन पोस्ट्स में बताया कि वे चैटजीपीटी को बिल्कुल भी यूज नहीं कर पा रहे हैं। वहीं, कुछ यूजर्स ने एपीआई कॉल्स, सोरा के रिस्पॉन्स में देरी और कोडेक्स के परफॉर्मेंस से जुड़ी परेशानियों का जिक्र किया। कुछ यूजर्स ने चैट स्क्रीन के ब्लैंक स्क्रीनशॉट्स के साथ लॉगिन वेरिफिकेशन लूप्स के स्क्रीनशॉट्स को भी शेयर किया है। यूजर्स ने कहा कि उन्हें चैट कन्वर्सेशन के बीच में रुकावट आ रही थी, जिससे उनका डेटा लॉस हो गया। रियल टाइम प्रोग्रामिंग हेल्प के लिए कोडेक्स पर निर्भर रहने वाले डिवेलपर्स और सोरा से वीडियो जेनरेट करने वाले क्रिएटिव्स ने भी सर्विस में देरी की शिकायत की है। ओपनएआई ने अपने स्टेटस पेज पर इस बड़े आउटेज को तुरंत स्वीकार किया। कंपनी ने कहा हम अभी समस्याओं का सामना कर रहे हैं। चैटजीपीटी रिकॉर्ड मोड, सोरा और कोडेक्स पर बहुत ज्यादा गड़बड़ी दिख रही है। हमने पाया है कि इस आउटेज से प्रभावित सर्विसेज के लिए यूजर्स को हाई एरर रेट का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने यूजर्स को भरोसा दिया कि इस समस्या को जल्द ठीक कर लिया जाएगा।

## एमटीएनएल ने 8,585 करोड़ के कर्ज का भुगतान नहीं किया




नई दिल्ली (ईएमएस)। सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल ने सात सरकारी बैंकों से लिए गए 8,585 करोड़ रुपये के कर्ज का भुगतान नहीं किया है। कंपनी ने यह जानकारी शेयर बाजार को दी। घाटे में चल रही एमटीएनएल के कुल कर्ज का आंकड़ा 30 जून, 2025 तक 34,484 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। इसमें बैंक ऋण के रूप में 8,585 करोड़ रुपये और सरकारी गारंटी वाले बॉन्ड के रूप में 24,071 करोड़ रुपये शामिल हैं। ऋण चूक में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया सबसे बड़ा कर्जदाता है, जिससे एमटीएनएल ने 3,733.22 करोड़ रुपये का भुगतान नहीं किया। इसके बाद इंडियन ओवरसीज बैंक का 2,434.13 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ इंडिया का 1,121.09 करोड़ रुपये, पंजाब नेशनल बैंक का 474.66 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 363.43 करोड़ रुपये, यूको बैंक का 273.58 करोड़ रुपये और पंजाब एंड सिंध बैंक का 184.82 करोड़ रुपये का कर्ज शामिल है। यह राशि मूलधन और ब्याज दोनों का भुगतान शामिल है। कंपनी ने बताया कि यह कर्ज भुगतान अगस्त, 2024 से फरवरी, 2025 के बीच चूक गया है। इससे पहले एमटीएनएल ने 31 मार्च, 2025 को 8,346.24 करोड़ रुपये की कर्ज चूक की सूचना दी थी। एमटीएनएल की यह वित्तीय स्थिति उसकी बढ़ती कर्ज समस्या को दर्शाती है और कंपनी के संचालन पर गंभीर प्रभाव डाल सकती है।

## नई ओप्पो के13 टर्बो प्रो सीरीज 21 जुलाई को होगी लॉन्च




नई दिल्ली (ईएमएस)। ओप्पो कंपनी अपनी नई ओप्पो के13 टर्बो प्रो सीरीज को 21 जुलाई को लॉन्च करेगी। लॉन्च से पहले ही चीन के सोशल मीडिया और लीक पोस्टर्स से इन दोनों स्मार्टफोन्स के कई फीचर्स सामने आ चुके हैं।

इस सीरीज में दो स्मार्टफोन ओप्पो के13 टर्बो प्रो और ओप्पो के13 टर्बो प्रो शामिल होंगे। लीक जानकारी के मुताबिकओप्पो के13 टर्बो प्रो में स्नैपड्रैगन 8 एस जेन 3 प्रोसेसर मिलेगा। यह हाई-एंड प्रोसेसर बेहतरीन परफॉर्मेंस देने के लिए जाना जाता है। इस मॉडल में 16जीबी तक की रैम और 512जीबी तक का इंटरनल स्टोरेज विकल्प होगा। वहीं ओप्पो के13 टर्बो प्रो में मीडियाटेक का डाइमेंसिटी 8450 चिपसेट दिया जाएगा। यह फोन भी 16जीबी तक की रैम और 512जीबी स्टोरेज के साथ आएगा।

दोनों फोन में 6.8 इंच का बड़ा ओलेड डिस्प्ले होगा, जिसका रिजॉल्यूशन 2800 गुणा 1200 पिक्सल होगा और यह 144 एचज़ेड के हाई रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा। इससे यूजर्स को स्मूथ गेमिंग और स्क्रॉलिंग का अनुभव मिलेगा। कैमरे की बात करें तो दोनों में 50 मेगापिक्सल का मेन कैमरा और 2 मेगापिक्सल का सेकेंडरी कैमरा दिया जा सकता है। सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा होगा।

लीक रिपोर्ट्स के अनुसार ओप्पो अपनी इस सीरीज में आरजीबी लाइटिंग और बिल्ट-इन कूलिंग फैन भी दे सकती है, जिससे हेवी गेमिंग के दौरान भी फोन ठंडा रहेगा।ओप्पो के13 टर्बो प्रो को आईपीएक्स8 रेटिंग भी मिल सकती है, यानी यह वॉटर-रेसिस्टेंट होगा। रंगों की बात करें तो ओप्पो के13 टर्बो प्रो तीन रंगों – ब्लैक वॉरियर, फर्स्ट पर्पल और नाइट सिल्वर में आएगा, जबकि ओप्पो के13 टर्बो प्रो ब्लैक वॉरियर, फर्स्ट पर्पल और नाइट व्हाइट कलर में मिलेगा।

## श्रीलंकाई प्रतिनिधिमंडल शुल्क पर चर्चा करने अमेरिका जाएगा

कोलंबो (ईएमएस)। श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेराथ ने बताया कि अमेरिकी शुल्क विवाद पर चर्चा के लिए एक प्रतिनिधिमंडल 18 जुलाई को वॉशिंगटन रवाना होगा। ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए 44 प्रतिशत शुल्क के जवाब में श्रीलंका ने अमेरिकी वस्तुओं पर 88 प्रतिशत शुल्क लगाया था। अब 1 अगस्त की समय सीमा से पहले श्रीलंका इस शुल्क को 30 प्रतिशत तक कम कराने की कोशिश करेगा। हेराथ ने कहा कि अमेरिका से मिले पत्र में शुल्क कटौती की संभावना जताई गई है, जिसे लेकर श्रीलंका गंभीर है। देश के परिधान उद्योग पर इस विवाद का सीधा असर पड़ा है, जिससे हजारों नौकरियां खतरे में हैं। श्रीलंका हर साल अमेरिका को लगभग 3 अरब डॉलर का निर्यात करता है, जबकि केवल 30 करोड़ डॉलर का आयात करता है। विशेषज्ञों के अनुसार शुल्क कायम रहने से श्रीलंका को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा।

## टाटा स्टील ने यूके में किया इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस का शिलान्यास

जमशेदपुर (ईएमएस)। टाटा ग्रुप और टाटा स्टील के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने हाल ही में यूके के पोर्ट टैलबोट में अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस (ईएएफ) परियोजना का शिलान्यास किया। इस मौके पर टाटा स्टील के सीईओ एवं एमडी टीवी नरेंद्रन तथा टाटा स्टील यूके के सीईओ राजेश नायर भी उपस्थित रहे। यह परियोजना टाटा स्टील के 1.25 बिलियन डॉलर के हरित रूपांतरण कार्यक्रम का अहम हिस्सा है, जिसमें यूके सरकार की ओर से 500 मिलियन डॉलर का महत्वपूर्ण वित्तीय सहयोग भी मिल रहा है। यह इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस यूनिट यूके में अब तक की सबसे बड़ी और अत्याधुनिक निम्न-कार्बन स्टील उत्पादन सुविधा होगी। इसका लक्ष्य 2027 के अंत तक परिचालन शुरू करना है। इस परियोजना के जरिए पोर्ट टैलबोट में कार्बन उत्सर्जन में लगभग 90 फीसदी की भारी कमी आएगी, जो प्रति वर्ष करीब 5 मिलियन टन कार्बन मोनोऑक्साइड के बराबर है।

# मस्क के ग्रोक ने की यहूदी विरोधी बातें और हिटलर की तारीफ की

### एक्स की एआई कंपनी ने आलोचना के बाद माफीनामा किया जारी

वाशिंगटन,(ईएमएस)। दुनिया के सबसे अमीर इंसान एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर उनका एआई चैटबॉट ग्रोक धूम मचा रहा है, लेकिन कुछ दिन पहले ग्रोक ने कुछ ऐसा कर दिया कि अब मस्क की कंपनी को माफी मांगनी पड़ रही है। बता दें ग्रोक ने कुछ यूजर्स को जवाब देते हुए जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर की तारीफ करते हुए यहूदी विरोधी बातें कहीं। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर ग्रोक की आलोचना हो रही थी।

अब कंपनी ने ग्रोक के इस कारनामे को संभालने के लिए माफी नामा जारी किया है। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि ग्रोक के हालिया क्रैश के लिए मूल कोड में एक अपडेट को जिम्मेदार बताया है। ग्रोक की कंपनी एक्स एआई ने अपने बयान में कहा कि सबसे पहले हम कई लोगों द्वारा अनुभव किए गए व्यवहार के लिए क्षमा चाहते हैं। ग्रोक के साथ हारा उद्देश्य यूजर्स को उपयोगी और सही जानकारी देना है। इसकी सावधानीपूर्वक जांच करने पर हमें पता चला की गड़बड़ी का कारण एक अपडेट था। हमने इसमें सुधार कर दिया है।

मस्क की कंपनी ने बताया कि यह गलत सिस्टम अपडेट 16 घंटे तक सक्रिय रहा। जिसकी वजह से ग्रोक ने कई संवेदनशील पोस्ट की। कई पोस्ट ऐसी थीं, जिनमें कट्टरवादी विचार भी शामिल थीं। मस्क की कंपनी ने अपने बयान में कहा था कि उन्होंने गलत अपडेट को हटा दिया है। इसके अलावा इस तरह की घटना दोबारा न हो इसके लिए नए सिस्टम को रिफैक्टर किया जा रहा है।




कंपनी के मुताबिक इस अपडेट में ग्रोक को कई तरह के निर्देश दिए गए थे, जिसमें उसे सवाल की भाषा को समझने और उसी भाषा में जवाब देने और हकीकत जैसी है..वैसी ही बताने के लिए कहा गया था। इस वजह से ऐसा हुआ।

बता दें एक्स पर एक यहूदी सरनेम वाले व्यक्ति ने टेक्सास में मारे गए अमेरिकी बच्चों का मजाक उड़ाते हुए पोस्ट किया था। इस पर ग्रोक ने लिखा- एक्टिविज्म के नाम पर नफरत का एक शानदार उदाहरण.. जैसा की वे हर बार कहते हैं..हिटलर ने इसका विरोध किया होता और इसे कुचल दिया होता। एक और पोस्ट में ग्रोक ने लिखा था कि एक गोरा व्यक्ति इनोवेशन, दृढ़ता और पीसी बकवास के आगे न झुकने का प्रतीक है। बता दें मस्क शुरुआत से ही ग्रोक को एक सही और सत्य खोजी चैटबोट बताते रहे हैं। हालांकि अमेरिका में कई मीडिया संस्थानों ने इसकी पुष्टि की है कि जब ग्रोक से किसी खास मुद्दे पर पूछा जाता है तो वह एलन मस्क की सोच और उनकी पोस्ट का विश्लेषण ही बताता है। इस साल की शुरुआत ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद ग्रोक ने लगातार दक्षिण अफ्रीका में गोरे लोगों के साथ होने वाले भेदभाव और दमन की बातें लिखनी शुरू की थी। एलन मस्क भी कई समय से ऐसी ही बातें करते आ रहे हैं। इतना ही नहीं ट्रंप ने भी दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति रामाफोसा के सामने इस मुद्दे को उठाया था। हालांकि बाद में यह सब केवल दावे ही साबित हुए थे।

# सोने का भाव 97,400 के पार चांदी 1,11,750 रुपए के करीब



नई दिल्ली (ईएमएस)। सोने-चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में बुधवार के कारोबार के दौरान तेजी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव बुधवार को तेजी के साथ खुले। घरेलू बाजार में सोने के भाव 97,400 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,11,750 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुए। हालांकि बाद में भाव सुधर गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 11 रुपये की तेजी के साथ 97,222 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,211 रुपये था। इस समय यह 196 रुपये की तेजी के साथ 97,407 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 88 रुपये की तेजी के साथ 1,11,574 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,11,486 रुपये था। इस समय यह 269 रुपये की तेजी के साथ 1,11,755 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। लेकिन बाद में इनके भाव में तेजी देखी जाने लगी। कॉमेक्स पर सोना 3,330.50 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,336.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 4.50 डॉलर की तेजी के साथ 3,341.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 37.98 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 38.11 डॉलर था। इस समय यह 0.02 डॉलर की तेजी के साथ 38.13 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# चुनौवी रैली में हुए हमले से ट्रंप को बचाने वाली महिला एजेंट फिर चर्चा में



वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर पिछले साल एक चुनावी रैली में 13 जुलाई को हमला था। यह हमला जब हुआ था राष्ट्रपति रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी उन पर गोली चलाई गई थी। इसमें वह बाल-बाल बचे गए थे। उस वक्त एक महिला सीक्रेट सर्विस एजेंट ने उन्हें कवर करते हुए उन्हें वहां से निकाला था।गोलीबारी के बाद ट्रंप को सुरक्षा घेरा में लेते हुए कंधे के सहारे से वहां से लेकर जाती हुए महिला सीक्रेट सर्विस एजेंट की कई फोटो सामने आई थी। इस घटना को एक साल पूरा हो चुका हैं और उस सीक्रेट सर्विस एजेंट की बहादुरी की एक बार फिर से चर्चा हो रही है।एक रिपोर्ट के मुताबक 35 साल की सीक्रेट सर्विस एजेंट साराटोगा काउंटी के एक छोटे से शहर हाफमून में पली-बढ़ी हैं। उनके नाम का खुलासा सुरक्षा कारणों से नहीं किया जा सकता है। उन्होंने मैकेनिकविले हाईस्कूल से शिक्षा प्राप्त की, जहां उन्होंने 2007 में स्नातक होने से पहले स्कूल की फुटबॉल और बास्केटबॉल टीमों के लिए खेला। ऑनलाइन बायोडाटा साइटों के मुताबिक इसके बाद उन्होंने सनी अल्बानी में दाखिला लिया। वहां उन्होंने राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री ली। फिर सार्वजनिक क्षेत्र प्रबंधन में स्नातकोत्तर सर्टिफिकेट लिया और गृह सुरक्षा में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की।उन्होंने 2009 में कॉलेज में रहते हुए ही सीक्रेट सर्विस में प्रशासनिक सहायक के रूप में काम किया था। वर्तमान सुरक्षा ड्यूटी में आने से पहले उन्होंने कुछ समय के लिए राज्य के मोटर वाहन विभाग में डेटा एनालिस्ट के रूप में भी किया। उनके एक सीक्रेट सर्विस सहकर्मी ने कहा कि वह एक अच्छी एजेंट हैं। 13 जुलाई को बटलर, पेनसिल्वेनिया में हुई रैली की प्रसिद्ध तस्वीर में, एजेंट ने ट्रम्प के दाहिने तरफ झुकी हुए देखी गईं। वह अपने हाथ को उठाकर ट्रंप को कवर करने की कोशिश कर रही थीं। जब हत्यारे ने ट्रम्प पर रैली के दौरान गोलीबारी शुरू कर दी थी।तस्वीर में दो पुरुष एजेंट भी हैं। जिन्होंने ट्रम्प की सुरक्षा टीम का नेतृत्व किया था, लेकिन अब उन्हें सीक्रेट सर्विस निदेशक के पद पर पदोन्नत कर दिया गया है। सीक्रेट सर्विस ने पिछले दिनों घोषणा की कि उसने छह एजेंटों को बिना वेतन के निलंबित कर दिया है, जो अभियान रैली स्थल की सुरक्षा में शामिल थे। वहीं सूत्रों ने कहा कि प्रतिष्ठित फोटो में तीन एजेंटों में से किसी को भी जिसमें महिला भी शामिल हैं निलंबित नहीं किया गया है।हत्या के प्रयास के बाद महिला एजेंट की आलोचना भी की गई थी, जिसमें प्रौद्योगिकी दिग्गज एलन मस्क भी शामिल थे। उन्होंने दावा किया था कि वह 6 फुट 3 इंच लंबे ट्रंप की सुरक्षा के लिए बहुत छोटी हैं। मस्क ने एक्स पर लिखा था एक बड़े आदमी के लिए शरीर को ढकने के लिए एक छोटे व्यक्ति का होना समुद्र तट पर एक छोटे आकार के स्पीडो की तरह है जो सबजेक्ट को कवर नहीं करता है।हालांकि, दो हफ़्ते बाद ट्रंप ने उनका बचाव करते हुए मिनेसोटा के सेंट क्लाउड में एक भीड़ से कहा कि मेरे दाहिनी ओर एक महिला मुझे बचा रही थी। एक खूबसूरत इंसान। वह हर संभव तरीके से मुझे बचा रही थीं। वह गोली खाने के लिए भी तैयार थीं। हालांकि, इन चीजों पर सीक्रेट सर्विस ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

# फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल की पत्नी ब्रिजिट मैक्रों फिर चर्चा में

### दो महिलाओं ने लगाए आरोप कहा, वह पुरुष से महिला बनीं, ब्रिजिट पहुंची कोर्ट



पेरिस,(ईएमएस)। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनकी पत्नी ब्रिजिट मैक्रों पिछले कुछ महीनों से सुर्खियां में हैं। इस जोड़े के बीच में उम्र का अंतर लोगों का ध्यान खींचता है। कुछ महीने पहले विमान में उनका एक थप्पड़ मारने वाला वीडियो वायरल हुआ था, जिसे लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने भी टिप्पणी की थी। अब 72 साल की ब्रिजिट मैक्रों ने दो महिलाओं के ऊपर फ्रांस की सर्वोच्च अदालत में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। यह दोनों महिलाएं इस बात का दावा करती रही हैं कि ब्रिजिट मैक्रों पहले एक पुरुष थी बाद में वह लड़की बन गईं।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिजिट मैक्रों ने इन दोनों महिलाओं के खिलाफ पहले निचली अदालत में मुकदमा किया था, जिसके बाद उन्हें सजा सुनाई गई थी, लेकिन पेरिस की अदालत ने उन दोनों के खिलाफ सुनाई गई सजा को माफ कर दिया। इसके बाद मैक्रों ने सर्वोच्च अदालत में अपील की है। दरअसल ये दोनों महिलाओं ने एक यूट्यूब पर पोस्ट किए गए वीडियो में दावा किया था कि ब्रिजिट मैक्रों असल में जीन-मिशेल ट्रोग्नेक्स नामक एक पुरुष थे। बाद में उन्होंने लिंग परिवर्तन करवाकर ब्रिजिट के रूप में अपनी नई जिंदगी शुरू की और फिर इमैनुएल मैक्रों से शादी की। इसके अलावा इस वीडियो में उन्होंने ब्रिजिट को लेकर और भी दावे किए थे।बता दें 2021 में फ्रांस में इस दावे को लेकर काफी चर्चा हुई थी। बात बढ़ने के बाद ब्रिजिट ने तभी इन दोनों पर केस कर दिया था और फिर निचली अदालत ने दोनों महिलाओं पर 13 हजार यूरो का जुर्माना लगाया था, जिसमें 8000 ब्रिजिट को और 5000 उनके भाई को देने की बात कही गई थी। अब जबकि अदालत ने इस सजा को हटा दिया है तो मैक्रों और उनके भाई ने सर्वोच्च अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अमेरिका में भारतीय महिला पर सुपरमार्केट से सामान चोरी करने का आरोप

वॉशिंगटन डीसी,(ईएमएस)। अमेरिका के इलिनॉय में एक भारतीय महिला पर सुपरमार्केट से 1 लाख से ज्यादा का सामान चोरी करने का आरोप लगा है। पुलिस के अनुसार, महिला ने स्टोर में सात घंटे बिताए और बिना भुगतान किए सामान के साथ बाहर निकलने की कोशिश की।यह घटना 1 मई, 2025 को हुई थी। अब सोशल मीडिया पर घटना का वीडियो वायरल हो रहा है। जहां महिला का नाम अनाया अवलानी बताया जा रहा है। स्टोर के कर्मचारियों को उसका व्यवहार संदिग्ध लगा, इसके बाद उन्होंने पुलिस को बुलाया। वीडियो में स्टोर कर्मचारी ने कहा, महिला को सात घंटे तक स्टोर में इधर-उधर घूमते देखा। महिला लगातार सामान उठा रही थी, फोन चेक कर रही थी और फिर बिना भुगतान किए स्टोर से बाहर जाने की कोशिश करने लगी।महिला ने मामले को सुलझाने के लिए सामान का भुगतान करने की पेशकश कर कहा, मैं इस देश से नहीं हूं, मैं सारे सामान का पैसा दे दूंगी। इस पर पुलिस ने जवाब कहा, क्या भारत में चोरी करने की इजाजत है? मुझे नहीं लगता। पुलिस महिला को हथकड़ी लगाकर थाने ले गई।हालांकि, महिला को अभी गिरफ्तार नहीं किया गया है, लेकिन गंभीर अपराध के आरोप लगने की संभावना है। सोशल मीडिया पर लोगों ने घटना पर महिला की आलोचना की। एक यूजर ने लिखा, मुझे समझ नहीं आता कि कोई मेहमान बनकर इस देश के कानून तोड़ने की हिम्मत कैसे कर सकता है।

### ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो का समर्थन किया, न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए

वाशिंगटन,(ईएमएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पूर्व गवर्नर एंड्रयू कुओमो का समर्थन किया है। ट्रम्प ने कहा कि कुओमो को न्यूयॉर्क शहर के मेयर पद के लिए ममदानी के खिलाफ चुनाव में बने रहना चाहिए। मुझे लगता है कि उनके पास जीतने का मौका है।लेकिन ट्रम्प ने कुओमो का पूर्ण समर्थन करने से इंकार किया। जब ट्रंप से पूछा गया कि क्या वह चाहते हैं कि कुओमो जीतें, इसपर ट्रम्प ने कहा, "मैं यह नहीं कहना सकता। मैं एक रिपब्लिकन हूं और वह एक डेमोक्रेट हैं। मुझे लगता है कि एंड्रयू के पास जीतने का अच्छा मौका है। उन्हें एक अभियान चलाना होगा। आप जानते हैं, वह एक कम्युनिस्ट के खिलाफ लड़ रहे हैं। ट्रम्प ने एक बार फिर ममदानी को कम्युनिस्ट करार दिया।67 वर्षीय पूर्व गवर्नर कुओमो ने स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। इससे पिछले महीने वह डेमोक्रेटिक प्राइमरी में ममदानी से बुरी तरह हार गए थे।

### एफबीआई ने रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया

वॉशिंगटन डीसी,(ईएमएस)। अमेरिका की जांच एजेंसी एफबीआई ने ईरान के राजनयिक रेजा अमीरी मोगदम को अपनी मोस्ट वांटेड सूची में शामिल किया है। मोगदम फिलहाल पाकिस्तान में ईरानी राजदूत हैं।मोगदम पर आरोप है कि उन्होंने 2007 में एक रिटायर्ड अमेरिकी एफबीआई एजेंट रॉबर्ट लेविंसन के अपहरण की योजना बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। लेविंसन 8 मार्च 2007 को ईरान के किश द्वीप पहुंचे थे और अगले ही दिन अचानक गायब हो गए थे। अब तक उनकी कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिली है।एफबीआई का मानना है कि मोगदम ने उस पूरे ऑपरेशन की निगरानी की थी जिसमें लेविंसन का अपहरण हुआ था। बाद में उन्होंने इस पूरे मामले की सच्चाई छुपाने का भी काम किया था। रेजा मोगदम, जिन्हें अहमद अमीरिनिया के नाम से भी जाना जाता है, पहले ईरान के खुफिया मंत्रालय में एक सीनियर अधिकारी थे। उनकी निगरानी में ही यूरोप में ईरान के गुप्त एजेंट काम किया करते थे।एफबीआई ने कहा कि वे अभी भी पता लगा रहे हैं कि लेविंसन का अपहरण किन लोगों ने और कैसे किया। एफबीआई ने 3 ईरानी अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी कियाएफबीआई ने मोगदम के अलावा 2 और सीनियर ईरानी खुफिया अधिकारियों के खिलाफ पोस्टर जारी किए। बाकी 2 ईरानी खुफिया अधिकारियों में तागी दानेश्वर (सैय्यद तागी घामी) और गुलामहुसैन मोहम्मदनिया का नाम शामिल है।इन लोगों पर न सिर्फ लेविंसन के अपहरण में शामिल होने का आरोप है, बल्कि इस पूरे मामले में ईरान सरकार की भूमिका को छिपाने की कोशिश में भी इनकी अहम भूमिका मानी जा रही है।तागी दानेशवर इस समय ईरान के खुफिया मंत्रालय में काउंटर-इंटेलिजेंस अधिकारी हैं। उन पर आरोप है कि लेविंसन के लापता होने के दौरान वे एक ऑपरेटिव मोहम्मद बसेरी (जिसे सनाई भी कहते हैं) की निगरानी कर रहे थे।एफबीआई अधिकारी स्टीवन जेन्सन ने कहा कि ये तीनों अधिकारी उस प्लान का हिस्सा थे, जिसमें लेविंसन को अगवा हुआ और फिर इस मामले को छुपाया गया।

### बौद्ध भिक्षुओं को ब्लैकमेल करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

लंदन (ईएमएस)। थाईलैंड में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक महिला, विलावान एम्सावत, को कई बौद्ध भिक्षुओं को ब्लैकमेल करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। महिला विलावान पर आरोप है कि उसने भिक्षुओं के साथ संबंध बनाए और फिर उनसे पैसे वसूलने का काम किया। यह मामला तब प्रकाश में आया जब एक मठाधीश ने अचानक अपना पद छोड़ने की घोषणा कर दी। पुलिस जांच में पता चला कि विलावान इस मठाधीश को ब्लैकमेल कर रही थी। आरोपी महिला ने मठाधीश के साथ अपने संबंध होने और गर्भवती होने का दावा किया और उनसे 222,000 अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.85 करोड़ रुपये) की मांग की थी।जांच में विलावान के बैंक खातों से चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। बीते तीन सालों में उसके खाते में कुल 11.9 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 102.33 करोड़ रुपये) आए हैं, जिनमें से अधिकतर पैसे बौद्ध भिक्षुओं द्वारा ट्रांसफर किए गए थे।थाईलैंड में थेरवाद संप्रदाय के बौद्ध भिक्षु ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं और महिलाओं को छूना अपराध मानते हैं। इस मामले के सामने आने के बाद थाईलैंड के मठ प्रशासन पर भी सवाल उठने लगे हैं, खासकर मठों में दान में मिलने वाले पैसों के प्रबंधन और पारदर्शिता को लेकर। इस स्कैंडल में कम से कम 9 बौद्ध भिक्षुओं के नाम सामने आए हैं, जिन्हें मठ से निष्कासित कर दिया गया है। विलावान एम्सावत (35) को मंगलवार को बैंकॉक के पास नोनथाबुरी प्रांत से गिरफ्तार किया गया। उस पर ब्लैकमेलिंग, मनी लॉन्ड्रिंग और चोरी के आरोप लगाए गए हैं।

# 1945 में धरती बन गई थी आग का गोला 240 किमी दूर तक दिखा काला धुआं

### आज ही के दिन 16 जुलाई को अमेरिका ने किया था पहला परमाणु परीक्षण



वॉशिंगटन,(ईएमएस)। दुनिया आज डरी है दो परमाणु शक्तियों के बीच युद्ध से। यही वजह है कि जब बीती मई में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव हुआ तो पूरी दुनिया में हलचल मच गई थी। संयुक्त राष्ट्र संघ से लेकर अमेरिका तक शांति की अपील कर रहे थे। इस तनाव के दौरान पाकिस्तान तो परमाणु बम की धमकी भी देने लगा था, हालांकि, भारत ने बिना परमाणु बम का जिक्र किए अपनी ताकत दिखाई और पाकिस्तान को युद्धविराम के लिए मजबूर किया।बता दें दुनिया का पहला परमाणु विस्फोट आज ही के दिन यानी 16 जुलाई 1945 को अमेरिका में किया गया था। ट्रिनिटी नाम का यह परमाणु बम अमेरिका के मैनहट्टन प्रोजेक्ट का हिस्सा था, जो द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान परमाणु हथियार विकसित करने के लिए अमेरिका का एक भारी भरकम वैज्ञानिक और सैन्य प्रयास था। साल 1945 की 16 जुलाई की तारीख थी, जब 20वीं सदी की सबसे अहम घटनाओं में से एक घटी थी। इस दिन अमेरिका ने न्यू मैक्सिको के अलामोगोर्डो में पहले परमाणु बम का परीक्षण किया था।पहले परमाणु विस्फोट के लिए इस्तेमाल किए गए बम का नाम द गैजेट रखा गया था और इसमें प्लूटोनियम-239 का इस्तेमाल हुआ था। इसे अमेरिकी समयानुसार सुबह के 5.29 बजे विस्फोट किया गया था, जिसके बाद एक आग का गोला बना और चकाचौंध कर देने वाली चमक निकली थी। इससे पैदा हुई गर्मी सूरज की सतह से भी ज्यादा थी। विस्फोट के बाद एक मशरूम के आकार का बादल आसमान में 11 किलोमीटर से भी ऊपर उछा था। इस विस्फोट से करीब 21 किलोटन टीएनटी के बराबर ऊर्जा पैदा हुई।इस घटना को 300 किमी दूर मौजूद लोगों ने देखने का दावा किया था। 240 किलोमीटर दूर मौजूद एक फॉरेस्ट रेंजर ने बताया कि उसने आग की एक चमक, एक विस्फोट और काला धुआं देखा। न्यू मैक्सिको के अल्बुकर्क के पास 10,000 फीट की ऊंचाई पर उड़ान भर रहे एक अमेरिकी नौसेना के पायलट ने कहा कि इससे उनके विमान का कॉकपिट रोशन हो गया और ऐसा लगा जैसे दक्षिण में सूरज निकल आया हो। जब उन्होंने स्पष्टीकरण के लिए अल्बुकर्क एयर ट्रैफिक कंट्रोल को रेडियो पर संपर्क किया, तो उन्हें बस इतना कहा गया कि दक्षिण की ओर उड़ान न भरें।भौतिकी के वैज्ञानिक ने मैनहट्टन प्रोजेक्ट को लीड किया, जिसमें उस समय के महान वैज्ञानिकों ने काम किया था। इस परीक्षण ने साबित किया कि परमाणु विखंडन को हथियार के तौर पर विकसित किया जा सकता है। यह इतिहास को बदलने वाली खोज थी। स्फोट का विहंगम दृश्य देखने के बाद ओपेनहाइमर ने हिंदू धर्मग्रंथ भगवद् गीता का प्रसिद्ध उद्धरण दिया और कहा कि अब मैं मृत्यु बन गया हूं, संसारों का संहार करने वाला। इस विस्फोट के ठीक तीन सप्ताह बाद अमेरिका ने 6 अगस्त को जापान के हिरोशिमा और 9 अगस्त को नागासाकी पर परमाणु बम गिराए थे, जिसके बाद जापान ने आत्मसमर्पण किया था। इसके साथ ही द्वितीय विश्व युद्ध खत्म हुआ था। लेकिन इसके बाद परमाणु हथियारों को लेकर दौड़ शुरू हो गई, जिसमें रूस और अमेरिका ने हजारों परमाणु बम का निर्माण किया। आज दुनिया में इतने परमाणु बम हैं कि इसे कई बार बर्बाद किया जा सकता है। इसके बावजूद परमाणु बम हासिल करने के लिए प्रयास आज भी जारी हैं।

### महात्मा गांधी की एक दुर्लभ ऑयल पेंटिंग 1.7 करोड़ रुपये में नीलाम हुई

लंदन (ईएमएस)। ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुर्लभ ऑयल पेंटिंग हाल ही में 152,800 पाउंड (करीब 1.7 करोड़ रुपये) में नीलाम हुई है। बोनहम्स में हुई ऑनलाइन नीलामी में यह तस्वीर अपनी अनुमानित कीमत से तीन गुना ज्यादा में बिकी। ब्रिटिश कलाकार क्लेयर लीटन द्वारा बनाई गई इस पेंटिंग को पोर्ट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया गया है। बताया जाता हैं कि यह महात्मा गांधी की एकमात्र ऐसी तस्वीर है जिसके लिए वे विशेष रूप से पोर्ट्रेट मोड में बैठे थे, और कलाकार ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेंटिंग बनाई थी। यह पेंटिंग 1931 की है, जब महात्मा गांधी दूसरे गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेने लंदन गए थे। पेंटिंग बनाने वाली कलाकार लीटन तब मशहूर राजनीतिक पत्रकार हेनरी नोएल के साथ रिश्ते में थीं, जो भारत की आजादी के प्रबल समर्थक थे। हेनरी के माध्यम से ही लीटन को गांधी जी से मिलने का मौका मिला था। इस मुलाकात के दौरान लीटन ने गांधी जी के सामने उनकी पेंटिंग बनाने की पेशकश की, जिस पर वे मान गए।

# कनाडा में लॉरेंस का खौफः आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग

ओटावा(ईएमएस)। कनाडा में लॉरेंस बिश्नोई गैंग खौफ की नई परिभाषा बन चुका है। यही कारण है कि अब उसे आतंकवादी संगठन घोषित करने की मांग हो रही है। हिंसा, ड्रग्स, वसूली और 'टारगेटेड किलिंग्स' के आरोपों के चलते इस गैंग के खिलाफ आवाजें तेज होती जा रही हैं। अल्बर्टा प्रांत की प्रमुख डेनिएल स्मिथ ने बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करने की खुली मांग कर डाली। उनका कहना है कि यह गैंग कनाडा ही नहीं, पूरी दुनिया में अपराध फैला रहा है। भारत सरकार पहले ही कनाडा से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के उन सदस्यों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर चुकी है, जो वहां रहकर गैंग चला रहे हैं। इसमें प्रमुख नाम है गोल्डी बराड़ का जिसे पंजाबी गायक सिद्धू मूसे वाला की हत्या में मुख्य आरोपी बताया गया है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक बिश्नोई और गोल्डी अब अलग-अलग हो गए हैं।एक संयुक्त बयान में उन्होंने कहा, लॉरेंस बिश्नोई गैंग एक ट्रांसनेशनल क्रिमिनल नेटवर्क है, जो हिंसा, वसूली, ड्रग्स तस्करी और सुनियोजित हत्याओं के लिए जिम्मेदार है। इसका दायरा वैश्विक है और मंशा पूरी तरह आपराधिक। उन्होंने कहा कि इस गैंग को आतंकी संगठन घोषित करने से स्थानीय और प्रांतीय पुलिस एजेंसियों को वह कानूनी ताकत और संसाधन मिलेंगे, जिनकी उन्हें जरूरत है, ताकि इस नेटवर्क को तोड़ा जा सके और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इससे पहले जून में ब्रिटिश कोलंबिया की मुख्यमंत्री डेविड ईबी भी इसी मांग को उठा चुके हैं। अब केंद्र सरकार पर दबाव है कि वह लॉरेंस बिश्नोई गैंग को आतंकवादी संगठन घोषित करे। हालांकि, कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मिनिस्टर गैरी अनंदसंगारे ने कहा कि ऐसा कोई फैसला लेने से पहले 'कानूनी पैमाना' पूरा करना जरूरी होगा। फिलहाल मामला विचाराधीन है और एजेंसियां सबूतों की जांच कर रही हैं। कनाडा की सुरक्षा एजेंसियों ने यह भी कहा है कि फिलहाल लॉरेंस बिश्नोई का नाम ब्रिटिश कोलंबिया में सक्रिय बड़े गैंग्स की लिस्ट में शामिल नहीं है। विशेष बल 'कंबाइंड फोर्सेज स्पेशल एनफोर्समेंट यूनिट' की प्रवक्ता कार्पोरल सरबजीत संगा ने कहा, 'हमें अभी तक कोई ऐसा ठोस सबूत नहीं मिला है जिससे कहा जा सके कि लॉरेंस बिश्नोई का कनाडा में सक्रिय किसी बड़े आपराधिक संगठन से सीधा संपर्क है। स्मिथ और अल्बर्टा के जन सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवा मंत्री माइक एलिस, 'लॉरेंस विश्नोई गैंग एक इंटरनेशनल आपराधिक नेटवर्क है जो हिंसा, जबरन वसूरी, मादक पदार्थों की तस्करी और टार्गेट किलिंग के लिए जिम्मेदार है। कनाडा में भी यही है। इसकी पहुंच वैश्विक स्तर पर है और इसका इरादा आपराधिक और हिंसक है।

# रुस-यूक्रेन जंग खत्म होने की उम्मीद धूमिल, पैट्रियट मिसाइल सिस्टम आग में घी का काम करेगा

### आखिरकार पुतिन को मानने में हार गए ट्रंप

वाशिंगटन (ईएमएस)। एयरक्राफ्ट हो, क्रूज मिसाइल हो, बड़े ड्रोन हों या फिर शॉर्ट रेंज बैलेस्टिक मिसाइल। पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम इन सभी प्रहारों से निपट सकता है। यह एक एडवांस मोबाइल सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली है, इस अमेरिका द्वारा विकसित किया गया है। यह कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों (एसआरबीएम) और कुछ हाइपरसोनिक मिसाइलों, जैसे रूस की किंजल मिसाइल को रोकने में सक्षम है।इस मिसाइल की ताकत अब यूक्रेन को फिर से मिल रही है। यूक्रेन-रूस जंग को रुकवाने की कोशिशें कर रहे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बेहद निराश हैं। उन्होंने कहा कि पुतिन से फ़ोन पर बात करना सुखद होता है, लेकिन फिर वह पलटकर यूक्रेन पर भीषण बमबारी शुरू कर देते हैं।यूक्रेन को हथियारों की खेप भेजने का ट्रंप का फैसला रूस-यूक्रेन जंग में एक महत्वूपूर्ण मोड़ साबित होगा है। जिन्होंने अपने कार्यकाल के शुरुआती महीनों में पुतिन को युद्धविराम समझौते के लिए मनाने की कई कोशिश की। लेकिन हर बार उन्हें निराशा हाथ लगी। अब ट्रंप ने नई पॉलिसी के तहत यूक्रेन को हथियारों की नई खेप देने की घोषणा की है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका यूक्रेन को हथियारों की सप्लाई करेगा। और इसका भुगतान नाटो के देश करने वाले है।रूट ने कहा कि उपकरणों की पहली खेप के हिस्से के रूप में मिसाइलों सहित भारी मात्रा में हथियार भेजे जाएंगे। ट्रंप ने कहा कि पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और बैटरियों सहित हाई लेवल के युद्धक साजो-सामान यूक्रेन पहुंचने जा रहे हैं। यूक्रेन को मिलने वाले हथियारों में सबसे अहम है पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम।इस मिसाइल डिफेंस सिस्टम को रेथियॉन कंपनी ने बनाया है और यह पहली बार 1980 के दशक में तैनात किया गया था। पैट्रियट मिसाइल डिफेंस सिस्टम का सबसे मजबूत पक्ष है इसका रडार सिस्टम है। यह एक शक्तिशाली फेज्ड-ऐरे रडार है, जो 100 से अधिक लक्ष्यों को एक साथ ट्रैक कर सकता है और मिसाइलों को सटीक निशाना बनाने में मदद करता है। प्रत्येक पैट्रियॉट बैटरी में 4-8 लॉन्चर होते हैं, जो अलग अलग प्रकार की मिसाइलों को दाग सकते हैं। पैट्रियॉट सिस्टम कई प्रकार की मिसाइलों का उपयोग करता है।जैसे विस्फोटक वारहेड के साथ, बड़े लक्ष्यों के लिए।

### सीजफायर की संभावनाओं पर असरः

ट्रंप के इस फैसले से रूस-यूक्रेन युद्ध में सीजफायर की संभावनाएं कम हो गई हैं। रूस का मानना है कि पैट्रियट को यूक्रेन को देना सीधे तौर पर तनाव बढ़ाएगा। दोनों पक्षों की परस्पर विरोधी मांगें और विश्वास की कमी के कारण युद्धविराम की संभावना कम दिखती है। रूस ने युद्धविराम के लिए यूक्रेन से चार क्षेत्रों और क्रीमिया से सैन्य वापसी, नाटो से दूरी और रूसी भाषा व संस्कृति की सुरक्षा जैसी शर्तें रखी हैं।

# अमेरिका के रोकने के बाद भी नहीं माना इजरायल, गाजा पर किया हमला 90 की मौत



दीर अल-बलाह (ईएमएस)। अमेरिका ने कई बार इजरायल को समझाया या दिखावा किया ये तो राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ही जाने लेकिन हमले रुक नहीं रहे हैं। बीते रोज भी इजरायल ताबड़तोड़ हमले किए जिससे गाजा में 90 लोगों की मौत हो गई। जिनमें कई महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। स्थानीय अस्पतालों के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार दोपहर एक दैनिक रिपोर्ट में कहा कि पिछले 24 घंटों में इजराइली हमलों में मारे गए 93 लोगों के शव गाजा के अस्पतालों में लाए गए हैं। इसके साथ ही 278 घायल भी अस्पतालों में लाये गए हैं। इस हमले पर इजराइली सेना की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई। शिफा अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, उत्तरी शाती शरणार्थी शिविर में हुए एक हमले में फलस्तीनी विधायिका के हमास सदस्य की मौत हो गई, साथ ही उसी इमारत में शरण लिए हुए एक पुरुष, एक महिला और उनके छह बच्चे भी मारे गए। हताहतों को इसी अस्पताल में लाया गया था। शिफा अस्पताल के अनुसार, गाजा शहर के तेल अल-हवा जिले में एक घर पर हुए हमले में एक परिवार के 19 सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में आठ महिलाएं और छह बच्चे शामिल हैं। इसी जिले में विस्थापित लोगों के लिए बने एक शिविर पर हमले में एक पुरुष, एक महिला तथा उनके दो बच्चों की मौत हो गई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने इजरायल से अनुरोध किया है कि वह सीरिया के दक्षिणी हिस्से में सरकारी बलों पर किए जा रहे हवाई हमले रोक दे। रिपोर्ट के मुताबिक, एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि इजराइल ने अमेरिका को सूचित किया है कि वह मंगलवार शाम तक ये हमले बंद कर देगा। यह कदम संभवतः सीरिया में जारी जातीय हिंसा और क्षेत्रीय तनाव को काबू में लाने की अमेरिकी कोशिशों के तहत उठाया गया है।

### सीरिया में इजरायली बमबारी से 200 की मौत

सीरिया के स्वेइदा शहर में ड्रूज और बेदौइन जनजातियों के बीच दो दिनों से जारी घातक संघर्ष के बीच इजरायल ने सरकारी बलों और हथियारों पर बमबारी की है। प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि सीरियाई सरकार इन हथियारों का इस्तेमाल ड्रूज समुदाय के खिलाफ करने जा रही थी। वहीं, सीरिया ने इजरायल की कार्रवाई की निंदा की है और कहा कि हमले में उनके सैनिकों और आम नागरिकों की मौत हुई है। मानवाधिकार निगरानी संस्था के मुताबिक झड़पों में अब तक 200 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

### तुर्की के साथ जारी डिफेंस प्रोजेक्ट लटके खत लिखकर मोहलत मांग रहा पाकिस्तान

इसलामाबाद,(ईएमएस)। पाकिस्तान में तुर्की की तरफ़ से 50 से ज़्यादा प्रोजेक्ट या तो चल रहे हैं या फिर चलाए जाने हैं। पैसों की किल्लत के चलते कई बड़े प्रोजेक्ट लटक चुके हैं। इसकी पुष्टि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के 22 मई को तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगन को लिखी एक सीक्रेट चिट्ठी से हुई। इसमें पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था की बदहाली का रोना रोया गया। इस चिट्ठी में शहबाज शरीफ ने पैसे नहीं होने के चलते नेवी के वॉरशिप प्रोजेक्ट माइलजेम को पूरा ना होने का कारण गिनवा रहे हैं। वहीं सबमरीन प्रोजेक्ट भी पैसे की कमी के चलते अटक गया है। चिट्ठी में पाकिस्तान ने तुर्की से 2-3 साल तक बकाया भुगतान टालने और डिलीवरी शेड्यूल को ना रोकने की गुहार लगाई है।ऑल वेदर फ्रेंड चीन के बाद अब तुर्की बड़े भाई की भूमिका में डूबते पाकिस्तान की बैसाखी बन रहा है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने तुर्की के ड्रोन को मार गिराया था। दोनों देशों के बीच रिश्ते पिछले कुछ सालों में बेहतर हुए हैं, जो चिंता का सबब हो सकता है। तुर्की की मदद से पाकिस्तान अपनी सामरिक ताक़त को बढ़ाने में जुटा है। खुफिया रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि अब पाकिस्तान में ही पाकिस्तान की एयरफ़ोर्स के साथ मिलकर एक बड़ी हथियार बनाने की फ़ैक्ट्री लगाने की तैयारी में है। सूत्रों के मुताबिक़ फ़ैक्ट्री जहां लगाई जानी है उसका ग्राउंड सर्वे पूरा हो चुका है और बाकी अन्य फॉरमेलिटी भी पूरी हो चुकी हैं। इसके अलावा तुर्की कोड नेम 'प्रोजेक्ट इक़बाल' के तहत पाकिस्तान के लिए हाई ऑप्टिकल सैटेलाइट कैमरा डेवलप करने में जुटा है। खुफिया रिपोर्ट के मुताबिक़ इस प्रोजेक्ट क्रिटिकल डिजाईन रिव्यू फेज तक पहुँच चुका है। लेकिन पाकिस्तान के मौजूदा हालात में मामला फिलहाल लटका है।पाकिस्तानी वायुसेना ने तुर्की से दुनिया के सबसे घातक आर्मड ड्रोन को अपनी वायुसेना में शामिल किया है। हालांकि इस बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं है कि कितने ड्रोन पाकिस्तान ले रहा है, लेकिन पाकिस्तान अपने कॉबेट मिशन के लिए तुर्की से मीडियम ऑलटेट्यूड लॉंग एंड्योरेंस ड्रोन की ख़रीद की है।

# चौथे टेस्ट में बदलावों के साथ उतर सकती है भारतीय टीम



लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के के इंग्लैंड के खिलाफ 5 टेस्ट सीरीज में 1-2 से पिछड़ने के बाद अब चौथे टेस्ट में बदलाव की संभावना जतायी जा रही है। भारतीय टीम को सीरीज में बराबरी करनी है तो उसे हर हाल में 23 जुलाई से शुरू होने वाला मैनचेस्टर टेस्ट को जीतना होगा। इस मैच के लिए टीम में कुछ बदलाव भी होने तय हैं। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार इस मैच में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह खेल सकते हैं हालांकि कार्यभार प्रबंधन के तहत इस मैच में उन्हें आराम दिया जाना है। इस सीरीज की शुरूआत से पहले ही मुख्य कोच अजीत अगरकर, मुख्य कोच गौतम गंभीर, कप्तान शुभमन गिल और स्वयं बुमराह ने भी साफ कर दिया था कि वह सीरीज के सभी पांच मैच नहीं खेलते हुए केवल तीन टेस्ट ही खेलेंगे। बुमराह ने इस सीरीज में 2 टेस्ट पहले ही खेले हैं। ऐसे में तय कार्यक्रम के अनुसार अब उन्हें सिर्फ 1 ही टेस्ट खेलना है। ऐसे में ये भी हो सकता है किकि वह सीरीज के पांचवें और आखिरी मुकाबले में दिखें जो लंदन के ओवल मैदान में 31 जुलाई से 4 अगस्त तक चलेगा।वहीं भारतीय टीम के आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत शायद ही चौथे मैच में खेल पायें। लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान उनकी उंगली में चोट लगी थी, जिसके बाद वह पहली पारी में केवल 34 ओवर ही विकेटकीपिंग कर पाए थे। उनकी जगह पर ध्रुव जुरेल ने कीपिंग की थी। अभी चौथे टेस्ट में एक हफ्ते का समय है, ऐसे में टीम ये भी उम्मीद कर रही है कि वह तब तक ठीक हो जायें। इस मैच में आठ साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने वाले करुण नायर को भी अवसर मिलने की कम ही संभावना है क्योंकि वह अब तक इस सीरीज में विफल रहे हैं। वह इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज के 3 टेस्ट की 6 पारियों में सिर्फ 131 रन बना सके हैं। ऐसे में उन्हें चौथे टेस्ट में बेंच पर बैठना पड़ सकता है। वैसे शुरुआती दो टेस्ट में नाकामी के बाद जिस तरह तीसरे मैच में भी उन्हें मौका दिया गया, उससे ये लगता है कि टीम प्रबंधन उन्हें वापसी पर अपने को साबित करने के लिए पूरी अवसर देना चाहता है। वहीं इस मैच में अगर ऋषभ खेल नहीं पाते हैं तो जुरेल को अवसर मिलेगा। जुरेल ने लॉर्ड्स टेस्ट में पंत की अनुपस्थिति में विकेटकीपिंग की थी। वहीं अगर तेज गेंदबाज बुमराह मैनचेस्टर टेस्ट में नहीं खेलते हैं तो उनकी जगह युवा अर्शदीप सिंह को अवसर मिल सकता है। टीम के पास प्रसिद्ध कृष्णा और शार्दुल ठाकुर जैसे भी विकल्प हैं, पर ये दोनो अपने अवसरों का लाभ नहीं उठा पाये। साई सुदर्शन को इसी सीरीज से टेस्ट में डेब्यू का मौका मिला था। मैनचेस्टर टेस्ट में उन्हें करुण नायर की जगह अंतिम ग्यार हमें जगह मिल सकती है।

वहीं चाइनामेन स्पिनर कुलदीप यादव कुलदीप यादव सीरीज के अब तक हुए सभी तीनों मैच में बेंच पर ही बैठे रहे। इंग्लैंड की पिचें तेज गेंदबाजों की सहायक मानी जाती हैं। लॉर्ड्स टेस्ट में स्पिन की जिम्मेदारी ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर ने संभाली थी। ऐसे में साफ है कि मैनचेस्टर टेस्ट में भी कुलदीप को अवसर शायद ही मिले।

भारत की संभावित अंतिम ग्यारह : यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुभमन गिल (कप्तान), रविंद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और अर्शदीप सिंह।

## वैभव ने बनाया रिकार्ड, सबसे कम उम्र में विकेट लेने वाले खिलाड़ी बने



लंदन (ईएमएस)। भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम में शामिल 14 साल के वैभव सूर्यवंशी का शानदार प्रदर्शन जारी है। वैभव अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए जाने जाते हैं पर इस बार उन्होंने अपनी गेंदबाजी से कमाल किया है। वैभव ने इंग्लैंड अंडर-19 टीम की पहली पारी में दो विकेट लेने के साथ ही तेजी से एक अर्धशतक भी लगा दिया। वैभव ने टी20 की तरह बल्लेबाजी करते हुए 128 के स्ट्राइक रेट से पचास रन पूरे किये। वैभव ने इंग्लैंड के कप्तान हमजा शेख का विकेट लिया। हमजा 84 रन बनाकर पेवेलियन लौटे। उसके बाद वैभव ने थॉमस रु को 34 रनों के स्कोर पर अपना शिकार बनाया। इसी के साथ वैभव यूथ टेस्ट में विकेट लेने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। वैभव ने केवल 14 साल और 107 दिन की उम्र में ही ये विकेट लिए हैं।

वैभव पहली पारी में इंग्लैंड के खिलाफ 13 गेंदों में सिर्फ 14 रन ही बना पाए थे पर दूसरी पारी में इस बल्लेबाज ने कसर निकालते हुए केवल 39 गेंदों में ही अर्धशतक बना दिया। वैभव ने 44 गेंदों में 56 रन बना दिये। अपनी इस पारी में वैभव ने 9 चौके और एक छक्का लगाया। बल्लेबाज के बाद वैभव ने जबरदस्त गेंदबाजी भी की। वैभव ने जिस तरह से गेंदबाजी की की उससे सभी हैरान रह गये। अगर वह इसी प्रकार गेंदबाजी करते रहे तो आने वाले समय में ऑलराउंडर के तौर पर उतरे सकते है. इस मैच में कप्तान आयुष महात्रे की शानदार पारी से पहली पारी में भारतीय टीम ने 540 रन बनाए थे जबकि इंग्लैंड की पहली पारी 439 रनों पर ही आउट हो गयी। . इसके बाद दूसरी पारी में भारत ने 248 रन बनकार मेजबान टीम को 350 रनों का कठिन लक्ष्य दिया है।



इटली में ओलंपिक और पैरालंपिक विंटर गेम्स के लिए एक समारोह में पदकों का अनावरण किया गया।

## इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट के लिए शोएब की जगह लियाम को शामिल किया

लंदन (ईएमएस)। स्पिनर लियाम डॉसन की आठ साल बाद इंग्लैंड टीम में वापसी हुई है। लियाम को भारतीय टीम के खिलाफ 23 जुलाई से मैनचेस्ट में होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच के लिए टीम में शामिल किया गया है। बायें हाथ के स्पिनर लियाम को चोटिल शोएब बशीर की जगह टीम में शामिल किया गया है। बशीर के तीसरे टेस्ट मैच में भारत की पहली पारी के दौरान अपनी ही गेंद पर क्षेत्ररक्षण करते समय बाएं हाथ में फ्रैक्चर हो गया था। वहीं बशीर की जगह शामिल डासन ने इससे पहले जुलाई 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ नॉटिंघम में अपना अंतिम टेस्ट खेला था। बशीर ने भारत की दूसरी पारी में चोटिल होने के बाद भी गेंदबाजी की और मोहम्मद सिराज को आउट कर अपनी टीम को जीत दिलायी थी। 35 वर्षीय डॉसन ने अपने तीन टेस्ट मैचों में से आखिरी टेस्ट 2017 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इसके अलावा उन्होंने इंग्लैंड की तरफ से छह एकदिवसीय और 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच भी खेले हैं। इस स्पिनर ने हैम्पशर के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्हें 2023 और 2024 में पीसीए प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था।डॉसन ने अब तक 212 प्रथम श्रेणी मैचों में 371 विकेट लिए हैं। वह निचले मध्यक्रम के उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। उन्होंने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 10000 से अधिक रन बनाए हैं जिनमें 18 शतक भी शामिल हैं। इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा, ''लियाम टीम में शामिल होने के अधिकारी थे। काउंटी चैंपियनशिप में उनका प्रदर्शन शानदार रहा है और उन्होंने हैम्पशर की तरफ से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है।'' वहीं तेज गेंदबाज सैम कुक और जेमी ओवरटन भी अपनी-अपनी अपनी काउंटी टीमों से जुड़ गए हैं।

**टीम इस प्रकार है:** बेन स्टोक्स (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, जैकब बेथेल, हैरी ब्रुक, ब्रायडन कार्स, जैक क्रॉली, लियाम डॉसन, बेन डकेट, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

## शीर्ष क्रम के रन नहीं बनाने से हारे : गांगुली

कोलकाता (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में भारत की हार के लिए शीर्ष क्रम की खराब बल्लेबाजी को दोषी बताया है। गांगुली ने कहा कि इस टीम में काफी प्रतिभा है पर इसके बावजूद उसे हार का सामना करना पड़ा जो निराशाजनक है। इस मैच में भारतीय टीम 193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केवल 170 रन ही बना पायी। गांगुली ने कहा कि यह मैच भारतीय टीम के हाथ में आकर फिसल गया। साथ ही कहा कि अगर शीर्ष क्रम के बल्लेबाज जिम्मेदारी से खेलते तो ऐसा नहीं होता। गांगुली ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजी से इस सीरीज में थोड़ी निराशा हुई है। उन्होंने कहा कि टीम को 190 रन बनाने चाहिए थे। गांगुली के अनुसार टीम में मौजूद खिलाड़ी भी इस परिणाम से बेहद निराश होंगे। उन्होंने कहा कि यह इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में 2-1 की बढ़त लेने का अच्छा अवसर था बल्लेबाजों ने अपनी गलती से इसे खो दिया। उन्होंने कहा कि यशस्वी जायसवाल एक भी रन नहीं बना पाए जबकि शुभमन गिल और ऋषभ पंत भी दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके। केएल राहुल ने 39 रन बनाए पर उनका विकेट गिरने के बाद टीम की बल्लेबाजी दबाव में आ गयी। गांगुली ने कहा कि शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने जरा भी संघर्ष नहीं किया। अगर उन्होंने थोड़ा भी धैर्य दिखाया होता तो परिणाम कुछ और होता। उन्होंने यह भी माना कि निचले क्रम के बल्लेबाजों ने रविंद्र जडेजा की अगुवाई में अच्छी बल्लेबाजी कर जुझारु क्षमता दिखायी। जडेजा ने नाबाद 61 रन बनाए और अंत तक खेलते रहे पर बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। गांगुली ने जडेजा की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने असाधारण बल्लेबाजी की और वह भारत के लिए तब तक खेलते रहेंगे जब तक इस तरह का प्रदर्शन करते रहेंगे। गांगुली ने कहा कि जडेजा लंबे समय से टीम में हैं और अनुभवी होने का लाभ उन्हें मिल रहा है। उनकी बल्लेबाजी, गेंदबाजी और फील्डिंग में अनुभव की झलक दिखती है। वह एक खास खिलाड़ी हैं और पिछले कुछ साल में उनकी बल्लेबाजी बेहतर हुई है और इसी कारण टीम के लिए वह फायदेमंद हैं।

## केएससीए टी20 लीग में सबसे महंगे बिके पडिक्कल, द्रविड़ के बेटे समित रहे अनसोल्ड

बेंगलुरु (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान राहुल द्रविड के बेटे समित द्रविड़ को महाराजा ट्रॉफी केएससीए टी20 लीग के लिए यहां हुई नीलामी में किसी भी टीम ने नहीं खरीदा। वहीं बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल सबसे महंगे बिके हैं। पडिक्कल को सबसे ज्यादा 13.20 लाख रुपये में हुबली टाइगर्स ने खरीदा है। ये लीग 11 से 27 अगस्त तक खेली जाएगी। समित पिछले सत्र में लीग का हिस्सा थे, उन्हें मैसूर वॉरियर्स ने 50 हजार रुपये में खरीदा था पर इस बार उनका नाम अंतिम सूची में भी नहीं था। समित को जूनियर राज्य खिलाड़ी के तौर पर सी वर्ग में शामिल किया गया था। उनका नाम अंतिम नीलामी सूची से भी बाहर हो गया। वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय अंडर-19 टीम का भी हिस्सा थे पर चोटिल होने के कारण बाहर हो गए थे। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलने वाले अभिनव मनोहर और पूर्व भारतीय बल्लेबाज मनीष पांडे पर दूसरी सबसे ऊंची बोली लगी है। दोनों को हुबली टाइगर्स और मैसूर वॉरियर्स ने 12.20 लाख रुपये में खरीदा है। वहीं गेंदबाजों में शिवमोग्गा लायंस ने कर्नाटक के तेज गेंदबाज विद्वथ कावेरप्पा को 10.80 लाख रुपये। वहीं बेंगलुरु ब्लास्टर्स ने तेज गेंदबाज विद्याधर पाटिल पर 8.30 लाख रुपये की रकम लगायी। शिवमोगा लायंस ने भारत ए के बल्लेबाज अनीश्वर गौतम को 8.20 लाख रुपये में शामिल किया, जबकि मैंगलोर ड्रैगन्स ने अनुभवी श्रेयस गोपाल पर 8.60 लाख रुपये की बोली लगाई। हर टीम अपने संबंधित क्षेत्र से दो और खिलाड़ियों को अपने दल में शामिल करेगी।

## आईसीसी बल्लेबाजी रैंकिंग में फिर शीर्ष पर पहुंचे रुट, भारतीय बल्लेबाजों को हुआ नुकसान

### गेंदबाजी में बुमराह नंबर एक पर बरकरार





दुबई (ईएमएस)। इंग्लैंड के अनुभवी बल्लेबाज जो रूट एक बार फिर नंबर एक बल्लेबाज बन गये हैं। रुट ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट प्ररिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इसी के साथ ही रुप ने हैरी ब्रूक को नंबर एक स्थान से नीचे धकेल दिया है।

रुट के अब 888 रेटिंग अंक हो गये हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लॉर्ड्स टेस्ट में शतक लगाने के अलावा 40 रन भी बनाये थे। हैरी पिछले हफ्ते रूट को पीछे छोड़कर नंबर एक स्थान पर पहुंच गये थे पर लॉर्ड्स में वह रन नहीं बना पाये जिससे उनकी रैंकिंग खराब हुई है और वह 862 अंक लेकर तीसरे नंबर पर फिसल गये हैं। वहीं न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलयमसन 867 अंक के साथ ही दूसरे नंबर पर हैं। वहीं भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल सहित तीन भारतीय बल्लेबाजों की भी रैंकिंग गिरी है। शुभमन तीन स्थान के नुकसान के साथ ही नौवें पर आ गए हैं। उनके 765 अंक हैं। शुभमन लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट में केवल 22 रन ही बना पाये थे। वहीं सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 801 और विकेटकीपर ऋषभ पंत 779 अंक भी एक-एक स्थान नीचे आये हैं। यशस्वी मैच में केवल 13 रन बना सके। वहीं ऋषभ ने पहली पारी में 74 रन बनाये पर दूसरी पारी में वह 9 रन ही बना पाये। ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज स्टीव स्मिथ 816 अंक लेकर एक स्थान ऊपर आये हैं। उन्हें जमैका में वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे टेस्ट में 48 रन की पारी खेलने का लाभ मिला है अब वह चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं ऑस्ट्रेलिया के ही कैमरन ग्रीन 46 और 42 रन की पारी की सहायता से 16 स्थान ऊपर आकर 29वें स्थान पर पहुंच गए।वहीं जमैका में हैट्रिक लेने वाले ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड टेस्ट गेंदबाजों की सूची में करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर आ गए हैं। वह दूसरी ओर, तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क अपने अच्छे प्रदर्शन के बाद भी रैंकिंग में 10वें स्थान पर ही हैं। उनके रेटिंग अंक बढ़कर 766 हो गए हैं। टॉप-10 गेंदबाजों में 901 अंक लेकर भारत के जसप्रीत बुमराह पहले नंबर पर हैं। कप्तान पैट कमिंस तीसरे और जोश हेजलवुड चौथे स्थान पर बने हुए हैं। स्पिनर नाथन लियोन एक स्थान नीचे आठवें पर खिसक गए हैं।

## आईसीसी ने इंग्लैंड टीम पर लगाया भारी जुर्माना

### दो डब्लयूटीसी अंक भी काटे गये

दुबई (ईएमएस)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने लॉर्ड्स टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड की टीम पर भारी जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही भारत के खिलाफ इस टेस्ट में मिली जीत के बाद भी इंग्लैंड की टीम के खाते में से आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्लयूटीसी) अंक भी काटे गए हैं। धीमी ओवर गति के लिए आईसीसी ने इंग्लैंड पर 10 फीसदी मैच फीस का जुर्माना लगाया है। इसके साथ-साथ टीम के खाते में से दो अंक भी काटे गए हैं, जिससे उनका जीत प्रतिशत 66.67 से नीचे आया है और टीम दूसरे से तीसरे नंबर पर फिसल गयी है। दूसरा मैच जीतकर इंग्लैंड के 66.67 फीसदी जीत अंक थे जो अब अब घटकर 60 फीसदी रह गये हैं। आईसीसी एलीट पैनल के मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड की टीम को धीमी ओवर गति के लिए दोषी पाया है। दो ओवर की देरी इंग्लैंड टीम को भारी पड़ी है। प्लेयर्स एंड प्लेयर्स सपोर्ट स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.22 के अनुसार, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, खिलाड़ियों पर उनके द्वारा निर्धारित समय में गेंदबाजी करने में असफल रहने पर प्रत्येक ओवर के लिए उनकी मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इंग्लैंड ने दो ओवर तय समय में नहीं फेंके तो उन पर 10 फीसदी जुर्माना लगा है। इंग्लैंड की टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने ये गलती स्वीकार कर ली ओर दंड भी मान लिया है। इसलिए इस मामले में आगे औपचारिक सुनवाई की कोई जरुरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने इंग्लैंड पर ये आरोप तय किए थे। मैच रेफरी ने इन आरोपों को सही पाया और इंग्लैंड को सजा दी गई।



जकार्ता में एशियान फुटबॉल फेडरेशन के मुकाबले में खेलते हुए इंडोनेशिया और ब्रुनेई के खिलाड़ी।

## पाक क्रिकेट में पीसीबी ने किया बदलाव , ग्रेड- थ्री डिवीजन की शुरुआत की

पाक क्रिकेट में पीसीबी ने किया बदलाव , ग्रेड- थ्री डिवीजन की शुरुआत की लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने घरेलू क्रिकेट में बड़ा बदलाव किया है। पीसीबी ने साल 2025-26 के घरेलू सत्र के लिए री-स्ट्रक्चर थ्री-टीयर विभागीय क्रिकेट ढाचे की घोषणा कही है। इसके तहत ही ग्रेड- थ्री डिवीजन की शुरुआत होगी। अगस्त 2025 से मई 2026 तक चलने वाले इस नए ढ़ांचे में ग्रेड-वन , ग्रेड-टू और ग्रेड-थ्री I में प्रतिस्पर्धा करने वाली 40 से ज्यादा विभागीय टीमें शामिल होंगी। इसमे बेहतर प्रदर्शन को पुरस्कृत करने और डिवीजनों के बीच गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए एक स्पष्ट प्रमोशन और डिमोशन प्रणाली बनायी गयी है1

ग्रेड-वन विभाग नवंबर-दिसंबर में 50 ओवर के प्रेसिडेंट कप के साथ अपना अभियान शुरू करेंगे। इसके बाद प्रथम श्रेणी प्रेसिडेंट ट्रॉफी होगी, जिसका समापन जनवरी 2026 में होगा। दोनों टूर्नामेंटों में आठ शीर्ष स्तरीय टीमें शामिल होंगी, जिनमें गनी ग्लास, केआरएल, ओजीडीसीएल, पीटीवी, साहिर एसोसिएट्स, एसबीपी, एसएनजीपीएल और डब्ल्यूएपीडीए शामिल है। प्रेसिडेंट्स कप कुल में 31 लिस्ट ए (वनडे) मैच होंगे, जबकि प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी में 29 रेड-बॉल मैच होंगे। निचली दो टीमों को ग्रेड-टू में भेज दिया जाएगा, जबकि ग्रेड-टू की शीर्ष दो टीमों को प्रमोशन मिलेगा और वे ग्रेड-वन में पहुंच जाएंगी। ग्रेड-टूा में 14 टीमें होंगी, जिनमें 2024-25 प्रेसिडेंट्स ट्रॉफी ग्रेड-टू के 12 शीर्ष प्रदर्शन करने वाली टीमें और ग्रेड-वन की दो डिमोटेड टीमें शामिल होंगी। यह डिवीजन मार्च से मई 2026 तक तीन दिवसीय मैचों की मेजबानी करेगा।वहीं दूसरे टीयर में भाग लेने वाली टीमों में अहमद ग्लास, गनी इंस्टीट्यूट, जेडीडब्ल्यू शुगर मिल्स, किंग्समेन, एमआईटी सॉल्यूशंस, पीएएफ, पीएचए रावलपिंडी, पोर्ट कासिम, रेलवे, सरदार ग्रुप, वाइटल टी, विंग 999 स्पोर्ट्स, एचईसी और एशाल एसोसिएट्स टीम शामिल है। ग्रेड थ्री एक नया एडिशन है, जो मार्च-अप्रैल 2026 में आयोजित होगा और इसमें दो दिवसीय मैच खेले जाएंगे। प्लेसमेंट का निर्धारण पिछले सीजन के ग्रेड-II प्रदर्शन के आधार पर किया गया था। ग्रेड-थ्री की शीर्ष दो टीमों को दूसरे ग्रेड में प्रमोट किया जाएगा, जबकि ग्रेड-टू की निचली दो टीमों को रेलीगेट कर दिया जाएगा, जिससे प्रतिस्पर्धी चक्र पूरा हो जाएगा। पीसीबी ने ग्रेड-टू टीमों के लिए एक अलग 50-ओवर टूर्नामेंट शुरू करने की योजना का भी खुलासा किया, जिससे घरेलू क्रिकेट का और विस्तार होगा।

## विराट-रोहित पर संन्यास के लिए बीसीसीआई का दबाव नहीं था : राजीव शुक्ला



लंदन (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने विराट कोहली और रोहित शर्मा ने अचानक टेस्ट क्रिकेट से संन्यास को लेकर साफ कर दिया है कि दोनो पर किसी भी प्रकार का कोई दबाव बोर्ड की ओर से नहीं था। इससे पहले कहा जा रहा था कि इन दोनों दिग्गजों ने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले संन्यास का फैसला दबाव में किया था। इसी को लेकर अब बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने कहा कि विराट और रोहित ने स्वयं ही संन्यास लेने का फैसला लिया है। इसमें बोर्ड की कोई भूमिका नहीं थी। बीसीसीआई की नीति स्पष्ट है। वह किसी भी खिलाड़ी को संन्यास के लिए मजबूर नहीं करना। इसलिए ये विराट और रोहित का फैसला था। ये दोनों ही खिलाड़ी हैं और अब भी एकदिवसीय प्रारुप के लिए उपलब्ध रहेंगे। 38 साल के रोहित ने 67 टेस्ट मैच में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 4301 रन बनाए। पिछले कुछ समय में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। घरेलू सीरीज में न्यूजीलैंड के खिलाफ और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह रन नहीं बना पाये। इसी कारण सिडनी टेस्ट से स्वयं ही बाहर हो गये। ऐसे में उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी। वहीं दूसरी ओर विराट ने भी सोशल मीडिया पर लंबा-चौड़ा पोस्ट लिखकर अपने संन्यास की घोषणा कर दी।

विराट और रोहित की गैरमौजूदगी में शुभमन गिल को टीम की कप्तानी दी गयी और आठ साल के बाद करुण नायर की टीम में वापसी हुई। भारतीय टीम का प्रदर्शन इस दौरे में अब तक अच्छा रहा है पहले टेस्ट में मिली हार के बाद उसने दूसरे टेस्ट में वापसी पर तीसरे टेस्ट में उसे एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा। उसके बाद भी इस सीरीज में भारतीय बल्लेबाजों और गेंदबाजों का प्रदर्शन अच्छा रहा है।

## आईपीएल 2026 में आरोन होंगे सनराइज़र्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच



हैदराबाद (ईएमएस)। सनराइजर्स हैदराबाद ने आईपीएल के अगले सत्र के लिए पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को अपना गेंदबाजी कोच बनाया है। वह 2026 सत्र के लिए न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। सनराइजर्स ने सोशल मीडिया में लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक अच्छा बदलाव हुआ है। हम वरुण का हमारे नए गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत करते हैं। आरोन ने साल 2011 से साल 2015 के बीच भारतीय टीम की ओर से नौ टेस्ट और उतने ही एकदिवसीय मैच खेले थे। आरोन ने अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी में खेल था। झारखंड के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने के बाद इस खिलाड़ी ने संन्यास ले लिया था। इस क्रिकेटर ने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी तेज गेंदबाज ग्लेन मैक्ग्राथ के साथ एक कोच के रूप में भी काम किया है। आरोन ने एक तेज गेंदबाज के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। वह 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करने के कारण सभी की नजरों में आये पर उसी दौरा उभरे उमेश यादव विकेट लेने की अपनी क्षमत के कारण चयनकर्ताओं की पहली पसंद बन गये ओर आरोन पीछे होते गये। उमेश ने जहां देश के लिए 50 से अधिक टेस्ट के साथ ही सीमित ओवरों के कई मुकाबले खेले। वहीं आरोन चोटिल होने के कारण अधिकतर समय बाहर रहे।

## किंग चार्ल्स भारतीय टीम से मिले, शुभमन ने मुलाकात के अनुभवों को साझा किया



लंदन (ईएमएस)। इंग्लैंड दौरे पर गयी भारत की पुरुष और महिला क्रिकेट टीम गत दिवस लंदन स्थित क्लेरेंस हाउस में किंग चार्ल्स तृतीय से मिलीं। किंग चार्ल्स तृतीय ने अपनी परंपरा निभाते हुए भारतीय क्रिकेट टीम का स्वागत किया। किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल , तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत सहित कई खिलाड़ियों से बात की। यह एक दोस्ताना मुलाकात थी। किंग चार्ल्स तृतीय इंग्लैंड दौरे पर राष्ट्रमंडल क्रिकेट टीमों का स्वागत करने की परंपरा रखते हैं। इससे उत्साहित भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल ने किंग चार्ल्स तृतीय से मुलाकात के अनुभवों को साझा किया है। उन्होंने कहा कि टीम को उम्मीद नहीं थी कि चार्ल्स लॉर्ड्स टेस्ट मैच देखेंगे। राष्ट्रमंडल प्रमुख के रूप में मेहमानों की मेजबानी कर रहे किंग चार्ल्स ने भारतीय टीम से कहा कि उन्होंने लॉर्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के अंश देखे थे। इस मुकाबले में भारतीय टीम को महज 22 रन से हार का सामना करना पड़ा था। शुभमन ने सोशल मीडिया में साझा किये एक वीडियो में कहा, किंग चार्ल्स बहुत दयालु और उदार हैं। उन्होंने हमसे बहुत अच्छी बातचीत की। उम्मीद नहीं थी कि वह हमारा मैच देखेंगे। किंग चार्ल्स ने बताया कि उन्होंने हमारे मुकाबले के आखिरी सत्र के कुछ अंश देखे। यह एक शानदार अनुभव था।

हम इसके लिए बहुत आभारी हैं।इस दौरान क्लेरेंस हाउस में इंग्लिश अभिनेता और संगीतकार इद्रिस एल्बा भी खिलाड़ियों से मिले। इस दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और ब्रिटेन में भारत के उच्चायुक्त विक्रम दोराइस्वामी भी मौजूद थे। शुक्ला ने किंग चार्ल्स को अपनी पुस्तक स्कार्स ऑफ 1947 भेंट की। राजीव शुक्ला ने सोशल मीडिया में पोस्ट किया, ब्रिटेन के किंग चार्ल्स हम सभी से बहुत ही गर्मजोशी के साथ अपने घर पर मिले।



टोक्यो में मिश्रित युगल बैडमिंटन मुकाबले में खेलते हुए चीनी जोड़ी।

## भाजपा नेता मनोज महतो ने संयुक्त सचिव अजय शर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत



धनबादः भाजपा के वरिय कार्यकर्ता सह भारतीय जनता मजदुर ट्रेड यूनियन संयुक्त सचिव अजय शर्मा पहुंचे धनबाद। झारखंड बीजेएमटीयू प्रदेश अध्यक्ष सह भाजपा नेता मनोज महतो ने पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका किया स्वागत। मनोज ने कहा कि अजय शर्मा हमारे भाई की तरह हैं। संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए वें सदैव प्रयासरत रहतें हैं। हमारी ओर से उन्हें बहुत -बहुत बधाई और ढेर सारी शुभकामनाएं।

## झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ की बैठक 19 को




रांची। 16 जुलाई बुधवार को झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश सचिव रमाशंकर सिंह ने बैठक में चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया कि नामकुम रामपुर मार्ग में चलने वाली तमाम सीएनजी ऑटो मैजिक एवं सवारी गाड़ी की बैठक 19 जुलाई दिन शनिवार समय 9:00 बजे से नामकुम सरहुल मैदान सरना स्थल में रखी गई है । इस बैठक में रामपुर मार्ग में होने वाली तमाम समस्याओं के निदान हेतु चर्चा की जाएगी। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश सीएनजी ऑटो चालक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी, प्रदेश उपाध्यक्ष रामकुमार सिंह के साथ-साथ और भी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# क्रेडो वर्ल्ड स्कूल के तैराकों की झारखंड राज्य प्रतियोगिता में ऐतिहासिक उपलब्धि

### राज्य में सर्वाधिक 14 पदक जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया,

धनबाद, क्रेडो वर्ल्ड स्कूल के होनहार विद्यार्थियों ने 12 व 13 जुलाई 2025 को जमशेदपुर स्थित जे आर डी, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्विमिंग पूल में आयोजित 15वीं झारखंड राज्य जूनियर एवं सब-जूनियर तैराकी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 14 पदक जीतकर विद्यालय को राज्य में प्रथम स्थान दिलाया।प्रतियोगिता में झारखंड के विभिन्न जिलों के विद्यालयों ने भाग लिया, किंतु क्रेडो वर्ल्ड स्कूल के तैराकों ने अनुशासन, मेहनत और समर्पण के बल पर राज्य में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।विशेष रूप से यह उल्लेखनीय है कि धनबाद टीम द्वारा जीते गए कुल 20 पदकों में से अकेले क्रेडो वर्ल्ड स्कूल ने ही 14 पदक अर्जित किए।

### पदक विजेता खिलाड़ियों की सूची इस प्रकार हैं



अवी अक्षज प्रेमित,800 मीटर फ्रीस्टाइल, स्वर्ण, 400 मीटर फ्रीस्टाइल, स्वर्ण, 50 मीटर फ्रीस्टाइल, रजत, 100 मीटर फ्रीस्टाइल, कांस्य, सेन, 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, स्वर्ण, 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, स्वर्ण, 100 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक, रजत, 100 मीटर फ्रीस्टाइल कांस्य, 50 मीटर फ्रीस्टाइल, कांस्य, नमन महाजन, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, स्वर्ण धृति पांडेय, 50 मीटर बैकस्ट्रोक, कांस्य, 50 मीटर बटरफ्लाई, कांस्य, रुद्राक्ष डोकानिया, 50 मीटर बटरफ्लाई, कांस्य,निवान अग्रवाल,50 मीटर बैकस्ट्रोक, कांस्य,

### कुल पदक विवरण,

स्वर्ण, 5 रजत, 2 कांस्य, 7 | कुल, 14 पदक इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक, हर्षित अग्रवाल ने तैराकी कोच रीमा सिंह एवं बच्चों को शुभकामनाएं दी और कहा कि यह उपलब्धि हमारे विद्यार्थियों की कठिन मेहनत, निरंतर अभ्यास और आत्मविश्वास का परिणाम है। उन्होंने राज्य स्तर पर न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, बल्कि यह साबित किया कि सही मार्गदर्शन और मनोबल से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं। मैं सभी विजेताओं, उनके माता-पिता, प्रशिक्षकों और शिक्षकों को इस ऐतिहासिक जीत के लिए हृदय से बधाई देता हूँ। क्रेडो वर्ल्ड स्कूल प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें निखारने के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती शर्मिला सिंहा ने बताया कि हमारे विद्यार्थियों ने यह सिद्ध किया है कि अनुशासन, परिश्रम और टीम भावना के साथ कोई भी शिखर प्राप्त किया जा सकता है।

यह जीत केवल पदकों की नहीं, आत्मविश्वास और सामूहिक प्रयास की है।मैं कोच रीमा सिंह , अभिभावकों और विशेष रूप से विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ देती हूँ। आने वाले वर्षों में भी हमारे विद्यार्थी इसी प्रकार नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे, ऐसा मुझे विश्वास है।

# बैंक मोड़, थाना प्रभारी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई







धनबाद, वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देशानुसार पुलिस उपाधीक्षक,विधि-व्यवस्था, नौशाद आलम एवं बैंक मोड़ थाना प्रभारी, प्रवीण कुमार की उपस्थिति में बैंकमोड़ थाना प्रांगण में थाना क्षेत्र के सभी 16 मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी , ईमाम एवं मस्जिद कमिटि के अन्य गणमान्य व्यक्तियो की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की गई।

उक्त बैठक मे उपस्थित सभी मस्जिदों के सदर, सेक्रेटरी ,ईमाम के साथ मोबाइल नंबरों का आदान -प्रदान कर उनसे अपील की गई कि जुम्मे की नमाज के दिन ट्रैफिक नियम,सड़क सुरक्षा एवं साइबर अपराध के प्रति जागरूकता का संदेश दे । ताकि समाज को सुरक्षित रखा जा सके।

साथ ही पुलिस द्वारा अपील की गई कि अपराधकर्मियों, असमाजिक तत्वो की सूचना निर्भीक होकर पुलिस को दें। सूचना देने वाले व्यक्ति की गोपनीयता बरकरार रखते हुए सूचना पर विधिसम्मत कार्यवाही की जाएगी। इसके साथ ही किसी भी क्षेत्र में मकान, दुकान या गोदाम को किराया पर देने से पहले किरायेदार का सत्यापन थाना स्तर पर कराना अति आवश्यक है।

डीएसपी ने कहा कि देश की तरक्की तभी संभव है,जब हमारा समाज सशक्त बनेगा। उन्होंने राष्ट्र की प्रगति के लिए शिक्षा, अनुसाशन व सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने की अपील की।

बैठक में मस्जिद कमिटि के सहयोग से मोहल्ला कमिटि के गठन करने का भी निर्णय लिया गया।

## झारखण्ड के सभी ज़िलों में चंद्रवंशियों के भागीदारी को मजबूत किया जाएगा : आकाश रवानी




धनबाद, बुधवार को युवा अखिल भारतीय वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा प्रदेश स्तरीय ऑनलाइन बैठक सम्पन्न हुआ। प्रदेश अध्यक्ष आकाश रवानी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं संचालन महामंत्री धनंजय चंद्रवंशी ने किया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाते हुए सशक्त संगठन निर्माण करना था, जिसमें आधे दर्जन से अधिक जिले के लोगों ने भाग लिया। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि, बाबा भीमराव अंबेडकर साहब ने कहा था शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो, निश्चित रूप से हम लोग शिक्षा की ओर बढ़कर और इस प्रकार से संघटनात्मक दृष्टि से संगठित होकर अपने राजनीतिक आर्थिक शैक्षणिक लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त कर लेंगे। स्वर्गीय नथुनी बाबू का सपना को हम सभी भाइयों को मिलकर साकार करना है, झारखण्ड के सभी ज़िलों में अब चंद्रवंशियों के भागीदारी को मजबूत किया जाएगा।वहीं संचालन करता महामंत्री ने कहा कि, पूरे प्रदेश में पहली बार समाज का ऑनलाइन मीटिंग रखा गया है, इससे कम ऊर्जा में अधिक कार्य किया जा सकता है।

इस तरह का पहल करने के लिए अध्यक्ष, आकाश रवानी को बधाई, हम सभी युवा साथी सर्वसम्मति से सर्वमान्य सशक्त कमेटी बनाकर प्रदेश में समाज के लिए कार्य करेंगे।वहीं धनबाद से उपस्थित युवा नेता विकास बजरंगी ने अपने वक्तव्य में कहा कि यह सामाजिक संगठन है, इसमें राजनीति को हावी नहीं होने देना है, हम सभी को आकाश रवानी के ऊपर भरोसा है कि वे एक साथ राज्य के सभी युवाओं को लेकर चलेंगे। इनके नेतृत्व में समाज में नया अध्याय लिखा जाएगा।मौके पर मुख्य रूप से हजारीबाग जिला से अजीत सिंह गढ़वा जिला से मनीष चंद्रवंशी नितिन चंद्रवंशी, धनबाद जिला से सुनील रवानी, नंदू रवानी , पिंटू रवानी , पलामू जिला से धनंजय चंद्रवंशी एवं लातेहार जिला से विनय कुमार चंदेल के साथ अन्य दर्जनों लोग उपस्थित थे।

## स्वामी सदानंद महाराज का जन्मदिवस और गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 को मनाया जायेगा

रांची(ईएमएस)।श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ संत शिरोमणि स्वामी सदानंद महाराज 21 जुलाई को रांची आ रहे हैं। वे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम, राधा कृष्ण मंदिर, पुंदाग, जायेंगे। पुंदाग में स्वामी सदानंद का जन्मदिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जायेगा।सोमवार 21 जुलाई को दोपहर ढाई बजे से संध्या पांच बजे तक राधा कृष्ण मंदिर में महोत्सव का आयोजन होगा। इस अवसर पर सदानंद महाराज शिष्यों और श्रद्धालुओं के समक्ष गुरु पूजन, भजन-सत्संग और आध्यात्मिक प्रवचन करेंगे। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समारोह में शामिल हों।

## 17 जुलाई से 31दिसंबर तक घर-घर जाकर टीबी लक्षण से प्रभावित रोगियों को चिह्नित करेंगी सहिया

पश्चिमी सिंहभूम (ईएमएस)।पश्चिमी सिंहभूम जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगन्नाथपुर में बुधवार को प्रखंड में कार्यरत स्वास्थ्य सहियाओं की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।कार्यशाला में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. जयंत कुमार एवं टीबी एसटीएस मिंटु गुप्ता ने बताया कि वैनरेबल ग्रुप की सहिया सदस्यों द्वारा 17 जुलाई से 31 दिसम्बर 2025 तक डोर टू डोर और घर-घर जाकर टीबी लक्षण से प्रभावित रोगियों को चिह्नित कराया जाएगा।इस अभियान के तहत मुख्य रुप से जिस भी महिला, पुरुष या बच्चे को यदि 5 साल पहले टीबी हुआ था, जिनको 3 साल पहले टीबी हुआ था उनके घरवालों को चिह्नित करना है।यदि किसी को दो सप्ताह से खांसी हो रही है, बलगम के साथ खून आ रहा है, शरीर का वजन हर दिन घट रहा और जिन्हें रात को बुखार आता है, वैसे सभी लोगों को चिह्नित कर टीबी जांच कराया जाना है।प्रखंड के प्रत्येक गांव की सहिया घर-घर जा कर सभी वानरेबल ग्रुप की पहचान कर जांच करना सुनिश्चित करेगी।

## उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का औचक निरीक्षण किया



रांची(ईएमएस)।राज्य के उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बुधवार को भाई के श्राद्ध कार्यक्रम से लौटते ही नेपाल हाउस स्थित पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभागीय कर्मचारियों की उपस्थिति, कार्यप्रणाली और फाइलों के निस्तारण की स्थिति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मंत्री को पता चला कि विभाग के कुल सात कर्मचारी बिना किसी सूचना के कार्यालय से अनुपस्थित थे। इस पर नाराज़गी जताते हुए मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने सभी अनुपस्थित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण मांगा है। साथ ही विभागीय सचिव को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं।मंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि जनता को पेयजल और स्वच्छता से जुड़ी सेवाएं समय पर और प्रभावी तरीके से मिलनी चाहिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने विभाग के कामकाज में पारदर्शिता, अनुशासन और जवाबदेही सुनिश्चित करने पर जोर दिया।योगेंद्र प्रसाद ने अधिकारियों को सख्त लहजे में निर्देश दिया कि काम में अनावश्यक देरी, फाइलों को जानबूझकर रोकने और जिम्मेदारियों से बचने की प्रवृत्तियों पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए।

# इस बरसात में, 500 पेड़ साथ में पहल के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न





धनबाद, इस बरसात में, 500 पेड़ साथ में, अभियान के अंतर्गत बुधवार को एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया । जिसकी शुरुआत भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के अनुसंधान एवं नीति प्रमुख शुभम बनर्जी द्वारा की गई।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में धनबाद महानगर भाजयुमो के अध्यक्ष, नित्यानंद मंडल उपस्थित हुए। उन्होंने वृक्षारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। साथ ही, कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध राम मंदिर, डिगवाडीह में भी वृक्षारोपण किया गया, जहाँ मंदिर के अध्यक्ष गणेश साव विशेष रूप से उपस्थित रहे।इस अवसर पर भगा मंडल अध्यक्ष, बच्चा गिरी , विशाल मुखर्जी , पूर्व पार्षद बिनय राजवार , मन्तु पांडेय , भगा मंडल महामंत्री अनिल,प्रवीर मंडल, सौरव, आमोद साहि, नीरज, अक्षय सिंह, वीरांग, विशाल सहित अनेक युवा साथी मौजूद थे ।

# जनक कुमार गर्ग द्वारा कुमण्डीह- बेन्दि रेलखंड के बीच नई तीसरी लाइन का किया निरीक्षण





धनबाद, जनक कुमार गर्ग, मुख्य रेलवे सुरक्षा आयुक्त,सीसीआरएस द्वारा 291 किमी लंबे पतरातू-सोननगर तीसरी रेल लाइन परियोजना के अंतर्गत धनबाद मंडल के 6.737 किमी लंबे नई तीसरी रेल लाइन कुमण्डीह- बेन्दि रेलखंड का मोटर ट्रॉली निरीक्षण एवं सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल किया गया । इस अवसर पर धनबाद मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र एवं मंडल केअन्यअधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे । माल एवं यात्री यातायात के लिए इस लाइन के चालू हो जाने से परिचालन क्षमता में काफी वृद्धि होगी। उक्त जानकारी हिंदी दैनिक अखबार के ब्यूरो चीफ, आर एन चौरसिया को मोहम्मद इकबाल, वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक, धनबाद एवं वरीय जनसंपर्क अधिकारी ने दी ।

## पटना-हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का टेलवा बाजार में मौजूदा ठहराव जारी रहेगा

धनबाद, यात्रियों के सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु पटना-हटिया-पटना पाटलिपुत्र एक्सप्रेस का टेलवा बाजार स्टेशन पर वर्तमान में जारी ठहराव को आगे भी जारी रखा गया है ।

# लोयाबाद,पुटकी, सहित आसपास के क्षेत्रों में बीते 48 घंटों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है

### डीवीसी की ओर से लगातार फॉल्ट ढूंढ़ने और मरम्मत की कवायद जारी है

### लेकिन अब तक सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है

### डीवीसी के अनुसार,सभी प्रभावित पॉइंट्स पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है





लोयाबाद।लोयाबाद समेत कनकनी,पुटकी और बांसजोड़ा सहित आसपास के क्षेत्रों में बीते 48 घंटों से बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है।डीवीसी की ओर से लगातार फॉल्ट ढूंढ़ने और मरम्मत की कवायद जारी है,लेकिन अब तक सप्लाई बहाल नहीं हो सकी है।डीवीसी के तकनीकी कर्मियों के अनुसार मंगलवार को कनकनी 12 नंबर के पास 33 हजार वोल्ट की मुख्य पावर लाइन की तार टूट गई है।इससे पहले सोमवार को हाई जर्क के कारण पुटकी डीवीसी और बांसजोड़ा आरएस लाइन में व्यापक फॉल्ट हुए थे।दो स्थानों पर तारें टूटीं, तीन जगह जम्फर उड़ गए और छह से अधिक इंसुलेटर पंचर हो गए। सभी स्थानों पर मरम्मत का काम युद्धस्तर पर जारी है,लेकिन लगातार आ रही तकनीकी बाधाएं डीवीसी कर्मियों की परीक्षा ले रही हैं।मंगलवार की रात रामकनाली फीडर से वैकल्पिक व्यवस्था के तहत आपूर्ति शुरू की गई थी,लेकिन महज चार घंटे में वह फीडर भी फेल हो गया।इस गंभीर बिजली संकट के बीच डीवीसी और जेबीवीएनएल एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डाल रहे हैं। जहां डीवीसी तकनीकी फॉल्ट को कारण बता रहा है,वहीं जेबीवीएनएल सप्लाई में देरी के लिए डीवीसी को जिम्मेदार ठहरा रहा है।बिजली नहीं रहने से करीब एक लाख की आबादी प्रभावित है। मोबाइल टावरों की सप्लाई बाधित होने से नेटवर्क फेल हो चुका है।घरों के इन्वर्टर जवाब दे चुके हैं।रोजमर्रा की जरूरतों में परेशानी झेल रहे उपभोक्ता अब जेबीवीएनएल के खिलाफ आक्रोश जाहिर कर रहे हैं।

डीवीसी के अनुसार,सभी प्रभावित पॉइंट्स पर युद्धस्तर पर काम चल रहा है और रात तक बिजली बहाल होने की संभावना जताई जा रही है।

# श्रावणी मेला के लिए मेडिकल मोबाइल यूनिट को किया गया रवाना






श्रावणी मास में कांवरियों की सुविधा के लिए पिछले ढाई दशकों से बोकारो स्टील प्लांट की ओर से बैद्यनाथ धाम (देवघर) के समीप प्राथमिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहा है. इस वर्ष भी शिविर के लिए बी.एस.एल. के निगमित सामाजिक दायित्व के तहत कार्य करने वाली मेडिकल मोबाइल यूनिट ''इस्पात संजीवनी'' (चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों के दल) को बी.एस. एल. के निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने आज 16 जुलाई को इस्पात भवन परिसर से फ्लैग-ऑफ कर रवाना किया.

इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन) सुश्री राजश्री बनर्जी, अधिशासी निदेशक (सामग्री प्रबंधन) श्री सी आर मिश्रा, अधिशासी निदेशक (माइंस) श्री विकास मनवती, बी.जी.एच. के प्रभारी डॉ बी बी करुणामय, मुख्य महाप्रबंधक, अन्य वरीय अधिकारी, सी.एस.आर. विभाग तथा अन्य विभागों के कर्मी सहित बैद्यनाथ सेवा ट्रस्ट के सदस्य उपस्थित थे.

निदेशक प्रभारी श्री बीरेंद्र कुमार तिवारी ने उपस्थित अधिकारियों से शिविर के लिए की गई व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता आदि की जानकारी ली. शिविर के लिए बीजीएच की ओर से प्राथमिक चिकित्सा के लिए दवाओं, मरहम-पट्टी और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर चिकित्साकर्मियों और स्वयंसेवियों का दल बोल-बम के जयघोष के साथ रवाना हुआ.

# शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह

## आंगनबाड़ी, विद्यालय सहित सभी सरकारी भवनों में किया जाएगा झंडोत्तोलन



### परेड में शामिल होंगे चौकीदार व एक विद्यालय

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन ने आज समाहरणालय के सभागार में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम, गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने मुख्य समारोह की सारी तैयारियां 13 अगस्त तक पूरी कर लेने, साफ सफाई, रणधीर वर्मा स्टेडियम में अग्निशमन वाहन के साथ एंबुलेंस व चिकित्सक की टीम रखने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने सभी आंगनबाड़ी केंद्र, सरकारी विद्यालय सहित जिले के सभी सरकारी भवनों में झंडोत्तोलन करने तथा परेड में चौकीदार एवं एक विद्यालय को शामिल करने का निर्देश दिया।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह स्थल पर पूर्वाह्न 9 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। इसके बाद धनबाद समाहरणालय में 10 बजे, अनुमंडल कार्यालय में 10:20 बजे, मिश्रित भवन में 10:30 बजे, गांधी सेवा सदन 10:40 बजे, रेड क्रॉस सोसाइटी में 10:50 बजे तथा पुलिस लाइन में 11:00 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा।

उपायुक्त द्वारा उपायुक्त के आवासीय कार्यालय में सुबह 8 बजे, शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में सुबह 9 बजे तथा समाहरणालय में सुबह 10 बजे झंडोत्तोलन किया जाएगा। वहीं उप विकास आयुक्त द्वारा मिश्रित भवन में, अपर जिला दंडाधिकारी, विधि व्यवस्था द्वारा गांधी सेवा सदन में तथा अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा अनुमंडल कार्यालय तथा रेड क्रॉस सोसायटी में झंडोत्तोलन किया जाएगा। जबकि वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस लाइन में झंडोत्तोलन किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूरे जिले में ड्राई डे घोषित रहेगा। 13 अगस्त को उपायुक्त एवं वरीय पुलिस अधीक्षक शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में परेड के पूर्वाभ्यास व समारोह की तैयारियों का निरीक्षण करेंगे।

मुख्य समारोह में डीएपी व एनसीसी के दो - दो प्लाटून तथा सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, जेएपी, होमगार्ड, आरपीएसएफ, भारतीय स्काउट एंड गाइड, चौकीदार व विद्यालय के एक एक प्लाटून परेड में हिस्सा लेंगे। 9 अगस्त से 13 अगस्त तक परेड का पूर्वाभ्यास शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में किया जाएगा।

समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों के साथ साथ विभिन्न विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। 14 अगस्त व 15 अगस्त की संध्या शहर के श्रमिक चौक, स्टील गेट, रणधीर वर्मा चौक, अंबेडकर चौक सहित अन्य प्रमुख चौक चौराहों तथा समाहरणालय भवन, अनुमंडल कार्यालय भवन, मिश्रीत भवन, वाणीज्य कर कार्यालय व अन्य प्रमुख भवनों को आकर्षक रोशनी से सजाया जाएगा। सभी चौक चौराहे पर स्थापित मूर्तियों की साफ सफाई भी की जाएगी।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यू टाउन हॉल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा फैंसी क्रिकेट मैच का आयोजन शहीद रणधीर वर्मा स्टेडियम में किया जाएगा।

बैठक में मंच संचालन, गोल्फ ग्राउंड का समतलीकरण, साज सज्जा, साफ सफाई, परेड, सुरक्षा, आगंतुकों के स्वागत तथा उन्हें निर्धारित स्थान पर बैठाने, विधि व्यवस्था, सोशल मीडिया में कार्यक्रम के लाइव प्रसारण इत्यादि पर उपायुक्त ने आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त, आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक, प्रभात कुमार, उप विकास आयुक्त, सादात अनवर, नगर आयुक्त, रवि राज शर्मा, अपर जिला दंडाधिकारी, विधि व्यवस्था श्रीमती हेमा प्रसाद, अपर समाहर्ता, विनोद कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, राजेश कुमार, निदेशक डीआरडीए, राजीव रंजन, जिला परिवहन पदाधिकारी, दिवाकर सी द्विवेदी, एडीएम सप्लाई, जियाउल अंसारी, नजारत उप समाहर्ता, दीपक दुबे, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती अनिता कुजूर, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, राम नारायण खालको, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, मुकेश कुमार बाउरी, पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता, मिथलेश प्रसाद सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# वित्तीय समावेशन विशेष अभियान अंतर्गत जन-कल्याण शिविर का हुआ आयोजन




धनबाद, जिले में दिनांक 16 जुलाई 2025 को वित्तीय समावेशन विशेष अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय जन-कल्याण शिविरों का आयोजन जिले के चयनित पंचायतों में सफलतापूर्वक किया गया। इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण समुदाय को बैंकिंग, बीमा, पेंशन, डिजिटल लेनदेन, और सरकारी वित्तीय योजनाओं की जानकारी देना एवं पात्र लाभार्थियों को इन सेवाओं से जोड़ना रहा। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की सहभागिता रही, जिन्होंने मौके पर ही कई सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। शिविरों का आयोजन पंचायत - सुसुनलिया, आमटाल, कुलबेरा, तथा रंगामाटी पंचायतों में किया गया, जहां बैंक ऑफ इंडिया, नोडल बैंक के विभिन्न शाखा प्रबंधकों, बीसी प्रतिनिधियों, संबंधित पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, एवं सक्रिय CFL टीम, बबलू कुमार रावानी,राकेश रोशन गुप्ता ,समीर कुमार प्रामाणिक ,प्रसिद्धा कुमार मंडल की उपस्थिति रही। सभी ने मिलकर ग्रामीणों को जनधन योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा, और डिजिटल लेन-देन से जुड़ी जानकारी प्रदान की कई और लाभार्थियों का पंजीकरण एवं खाता खोलने की प्रक्रिया भी पूर्ण की गई।

इस अभियान की मॉनिटरिंग जिला अग्रणी प्रबंधक एल डी एम , अमित कुमार एवं सी एफ एल, जिला प्रभारी, अमन दीप गुप्ता द्वारा की गई। उन्होंने शिविर स्थलों का दौरा कर समग्र व्यवस्था की समीक्षा की और सामूहिक प्रयासों की सराहना की। जिला प्रशासन, बैंकिंग प्रतिनिधियों एवं सी एफ एल, टीम के समन्वित प्रयास से आज का दिन धनबाद जिले के वित्तीय समावेशन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ।

यह अभियान 1 जुलाई से 30 सितंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य है, हर व्यक्ति तक बैंकिंग, बीमा और पेंशन सेवाएं पहुँचाना।

## वज्रपात से बचाव को बरतें सावधानी,खुद को रखें सुरक्षित

# उपायुक्त ने जिलावासियों से की अपील





धनबाद, बारिश या मानसून में बिजली कड़कना या गिरना आम बात है। इससे बचने के लिए स्वयं की सावधानी बहुत जरुरी है। आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा लोगों को जागरूक करने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रचार - प्रसार कराया जाता है। सामान्यता बारिश के दौरान लोगों द्वारा पेड़ के नीचे छीपने, बिजली और मोबाइल के टॉवर के नजदीक होने एवं पानी के करीब होने के कारण वे आकाशीय बिजली के चपेट में आ जाते हैं। बुधवार को उपायुक्त, अदित्य रंजन ने अपील करते हुए कहा कि जिलावासी बारिश के समय व आसमान में आकाशीय बिजली के कड़कने के समय घरों के अंदर ही रहें। ज्यादा जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें। बाहर निकलते समय पूरी सावधानी बरतनी जरूरी है। फिलहाल लोगों को चाहिए कि जब भी बादल गरजना शुरू हों,सुरक्षित स्थानों से बाहर न निकलें और अगर कहीं फंस भी जाएं,तो लोगों को चाहिए कि बड़े पेड़ों की बजाय मकानों के नीचे खड़े हो जाएं, क्योंकि बिजली अधिकतर ऊंचे स्थानों या लंबे - ऊंचे पेड़ों पर ही गिरती है।

**वज्रपात से बचने के उपाय निम्न उपाय बताये गए,**

बिजली गिरने के दौरान मजबूत छत वाला पक्का मकान सबसे सुरक्षित है l घरों में तड़ित चालक लगवाएं l बिजली से चलने वाले उपकरण बंद कर दें l यदि किसी वाहन पर सवार हैं, तो तुरंत सुरक्षित जगह चले जाएं l टेलीफोन, बिजली के पोल के अलावा टेलीफोन और टीवी टावर से दूर रहें lकिसी इकलौते पेड़ के नीचे नहीं जाएं । यदि जंगल में हैं, तो बौने ;कम ऊंची पेड़द्ध और घने पेड़ों के नीचे जाएं lगीले खेतों में हल चलाने या रोपनी करने वाले किसान और मजदूर सूखे स्थानों पर जाएं l नंगे पैर फर्श या जमीन पर कभी खड़े ना रहें l बादल गर्जन के दौरान मोबाइल और छतरी का प्रयोग न करें lघरों के दरवाजे व खिड़कियों पर पर्दे का इस्तेमाल करें l

# डिग्री कॉलेज टुंडी में राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन







धनबाद, 16 जुलाई को डिग्री कॉलेज टुंडी में टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय तपेदिक उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन एनएसएस, डिग्री कॉलेज टुंडी ,जिला यक्ष्मा केंद्र एवं भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉo इंद्रजीत कुमार के निर्देशन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कौशलेंद्र कुमार सिंह अध्यक्ष भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद ,मो. जावेद अंसारी जिला कार्यक्रम समन्वयक यक्ष्मा विभाग धनबाद, कुमार मधुरेंद्र सिंह कार्यकारिणी सदस्य अध्यक्ष सलाहकार भारतीय रेड क्रॉस समिति धनबाद, प्रकाश कुमार लायक ओ आर डब्लू, वीर चंद्र ठाकुर यक्ष्मा विभाग ब्लॉक प्रभारी और शंकर कुमार प्रमाणिक नोडल कोऑर्डिनेटर अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत विनोद बिहारी महतो के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ । प्रकाश कुमार लायक ने टीबी रोग के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करने का प्रयास किया। कुमार मधुरेंद्र सिंह ने टीबी के विभिन्न लक्षणों की जानकारी दी तथा उसके उपचार से संबंधित महत्वपूर्ण बातें बताई एवं यह प्रयास किया गया कि टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए सभी अपना योगदान दें । कौशलेंद्र कुमार सिंह ने टीबी रोग की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को टीबी से सुरक्षित रहने के लिए विभिन्न उपाय बताएं । महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को टीबी के संबंध में दी गई जानकारी पर अमल करने के लिए प्रेरित किया तथा उन्हें अपने आस - पड़ोस में भी बतलाने को कहा । साथ ही आज डिग्री कॉलेज टुंडी और भारतीय रेडक्रॉस समिति, धनबाद के बीच एक एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया l इस अवसर पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों से टीबी के टेस्ट के लिए उनका बलगम सैंपल के रूप में लिया गया । विद्यार्थियों को मो. जावेद अंसारी जी द्वारा पीपीटी के माध्यम से टीबी रोग से संबंधित सभी जानकारियां विस्तार पूर्वक दी गई ।कार्यक्रम का संचालन डॉo. रानी सिंह ने एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो. अविनाश कुमार ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सैकडों विद्यार्थी शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे।

## गुरुवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में रहेंगे डॉ मंगेश, सर्जरी में डॉo प्रभात कुमार

धनबाद, उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन के निर्देश पर गुरुवार को सदर अस्पताल के मेडिसिन में डॉo मंगेश और डॉo शीला रहेंगे। जबकि हड्डी रोग में डॉo हरेंद्र कुमार, सर्जरी में डॉo प्रभात कुमार, नेत्र में डॉo गोलु पिनाज, दंत रोग में डॉo स्नेहा केशरी, शिशु रोग में डॉo उमेन्द्र, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग में डॉo अपूर्व दत्ता रहेंगे।

वहीं गायनी इमर्जेंसी में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक डॉ सुरभी, दोपहर 2 बजे से रात 8 बजे तक डॉo संध्या तिवारी तथा रात 8 बजे से शुक्रवार सुबह 8 बजे तक डॉo रुमा प्रसाद रहेंगे।जेनरल इमर्जेंसी में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक डॉo पीपी पांडेय, दोपहर 3 बजे से रात 9 बजे तक डॉo शीला तथा रात 9 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे तक डॉo एम, आलम रहेंगे। वहीं सिविल सर्जन डॉo आलोक विश्वकर्मा प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 11 बजे तक सदर अस्पताल में उपलब्ध रहेंगे।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण





धनबाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, आदित्य रंजन ने बुधवार को कोहिनूर मैदान स्थित ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ईवीएम कक्ष का सील, सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यंत्र सहित पूरे परिसर का निरीक्षण किया। साथ ही रख-रखाव एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि यह एक मासिक रूटीन निरीक्षण है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक माह ईवीएम वेयर हाउस की स्थिति का निरीक्षण करना होता है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी, कालिदास मुंडा, निर्वाचन शाखा के सागर कुमार भजोहरि, राकेश कुमार, रजक अंसारी, सजल मंडल व अन्य कर्मी मौजूद थे।

## मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना और कृषि यंत्र वितरण योजना को लेकर

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

### 22 बड़े ट्रैक्टर, 11 छोटे ट्रैक्टर, 150 पंप सेट समेत अन्य वितरण प्रस्तावों पर समिति द्वारा किया गया अनुमोदन



धनबाद, राज्य योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों, महिला एवं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदान पर मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना एवं कृषि यंत्रों का वितरण योजना अंतर्गत पंप सेट मिनी ट्रैक्टर के कार्यान्वयन हेतु प्राप्त आवेदनों की सूची के अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय बैठक उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी, आदित्य रंजन की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में की गई। बैठक के दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 में कृषकों, महिला एवं सहायता समूहों एवं अन्य को अनुदान पर मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना अंतर्गत कुल 22 बड़े ट्रैक्टर एवं 11 छोटे ट्रैक्टर का अनुमोदन उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति द्वारा किया गया। वहीं कृषि यंत्र अंतर्गत 150 पंप सेट, सोलर पंप सेट, पावर टीलर समेत अन्य यंत्रो पर चर्चा करते हुए योग्य लाभुकों के प्रस्ताव को अनुमोदन की स्वीकृति प्रदान की गई। उपायुक्त, आदित्य रंजन ने मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना में लक्ष्य के अनुरूप लाभुकों को अनुदान पर ट्रैक्टर उपलब्ध कराने हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही डीपीएम जेएसएलपीएस को विभिन्न महिला समूहों के बीच मोबिलाइजेशन कर आवेदन जनरेट कर योजना का लाभ पहुंचाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के लक्ष्य के अनुरूप एक भी योग्य लाभुक छूटे ना इसका ध्यान रखें।

मौके पर उपायुक्त, आदित्य रंजन, भूमि संरक्षण सर्वे पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम मैनेजर जेएसएलपीएस, जिला उद्यान पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे ।

# आईआईटी, आईएसएम, धनबाद के छात्रों का सेंट पीटर्सबर्ग माइनिंग यूनिवर्सिटी में प्रशिक्षण कार्यक्रम की हुई शुरुआत








धनबाद, आईआईटी,आईएसएम, धनबाद के आठ छात्रों और रिसर्च स्कॉलर्स का चौथा बैच 14 जुलाई से रूस के सेंट पीटर्सबर्ग माइनिंग यूनिवर्सिटी में समर विंटर स्कूल प्रोग्राम में भाग ले रहा है। यह प्रशिक्षण,खनिज संसाधन कॉम्प्लेक्स में प्रबंधन, विषय पर आधारित है और यह 27 जुलाई तक चलेगा। यह कार्यक्रम भारत-रूस शैक्षणिक सहयोग के तहत आयोजित किया जा रहा है।

ज्ञात हो की यह पहल हाल ही में आईआईटी, आईएसएम, धनबाद में रूसी प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के बाद शुरू की गई है। इस कार्यक्रम के लिए यूनेस्को के सहयोग से इंटरनेशनल सेंटर फॉर कॉम्पिटेंस इन माइनिंग इंजीनियरिंग एजुकेशन द्वारा अनुदान प्रदान किया गया है।

कार्यक्रम के समन्वयक और आईआईटी आईएसएम के एप्लाइड जियोफिजिक्स विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध और एलुमनी मामलों के प्रभारी प्रो. सौरभ दत्ता गुप्ता ने बताया कि यह प्रशिक्षण रूस में उच्च स्तर पर हो रहा है। उन्होंने कहा, यह छात्रों और शोधार्थियों के लिए एक बेहतरीन मौका है, जिसमें उन्हें थ्योरी और प्रैक्टिकल दोनों तरह का अनुभव मिलेगा। प्रशिक्षण में इंटरएक्टिव लेक्चर, मास्टर क्लास, हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग, प्रोडक्शन साइट विजिट, इंटेंसिव सेशन और सांस्कृतिक गतिविधियों को शामिल किया गया है। हालांकी इससे पहले तीन और थीम पर ट्रेनिंग आयोजित की जा चुकी है l पहला पेट्रोलियम जियोलॉजी पर 16 जून से 29 जून के बीच, दूसरा ऑयल एंड गैस इंडस्ट्री में मौजूदा ट्रेंड्स पर 23 जून से 6 जुलाई तक और तीसरा डिजिटल माइनिंग पर 30 जून से 13 जुलाई तक। इन तीनों प्रशिक्षणों में कुल 34 छात्र-शोधार्थियों ने भाग लिया।

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक किशोर कुमार पाण्डेय द्वारा डी. बी. कॉर्प लिमिटेड, के. जी. आश्रम के नजदीक, भुईफोड़ मंदिर, गोसाईडीह, गोविन्दपुर रोड, धनबाद से मुद्रित एवं विनोद नगर, धनबाद (झारखण्ड)- 826001 से प्रकाशित आर. एन. आई. नं. - 58948/94, पो. रजि. -डी. एन. बी. /54 फोन नं. 0326-2310243, 9431507990 Fax N0. -0326-2310243 Email : koylanchal_dhn@rediffmail.com & koylanchal.hindi@gmail.com ▸समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार।